आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

सेवा हॉस्पिटल बना सिस्टमिक स्लॉटर हाउस, सीएचसी...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 03 जून, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 229 | www.janexpresslive.com/epaper




पीएम मोदी ने आईएटीए की वार्षिक बैठक... 12

# छह माह से वेतन से वंचित जल निगम कर्मी

## बीमार माँ की दवा बंद, बच्चों की फीस अटकी-कब जागेगा शासन?

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के कर्मचारियों की बदहाली अब परिवारों की जिंदगियों को निगलने लगी है। गोरखपुर की एक गृहणी रजता रंजना शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए एक भावुक पत्र में अपने परिवार की दयनीय स्थिति का वर्णन करते हुए शासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनके पति जल निगम (नगरीय) में कार्यरत हैं, और पिछले छह महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है। पत्र में प्रार्थिनी ने लिखा है कि वे दो छोटे बच्चों और एक बीमार वृद्ध मां के साथ रह रही हैं। बच्चों की उम्र 6 और 3 वर्ष है और दोनों ने अभी-अभी स्कूल जाना शुरू किया है। लेकिन वेतन न मिलने के चलते ना तो बच्चों की फीस जमा हो पा रही है और ना ही बीमार मां की दवाएं खरीदी जा रही हैं। हालात ऐसे हैं कि स्कूल प्रशासन द्वारा बच्चों को बाहर करने की चेतावनी दी जा रही है और वृद्धा की दवा महीनों से बंद पड़ी है।




यदि मुख्यमंत्री कार्यालय इस पत्र को गंभीरता से नहीं लेता, तो यह न केवल जल निगम के हजारों कर्मचारियों के परिवारों की त्रासदी बन जाएगी, बल्कि प्रदेश की विकास नीतियों की जमीनी सच्चाई पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करेगी।

**जन एक्सप्रेस विशेष रिपोर्ट, आपके सवाल, आपकी लड़ाई, हम हैं आपके साथ**

### न तो पूरा वेतन, न ही महंगाई भत्ता

रजता शर्मा के मुताबिक, जल निगम (नगरीय) के कर्मचारी आज भी षष्ठम वेतनमान के आधार पर वेतन पा रहे हैं, जबकि प्रदेश के अन्य विभागों में सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें जनवरी 2016 से लागू हैं। इसके अतिरिक्त जहां सरकार ने महंगाई भत्ते की दर 252 प्रतिशत निर्धारित की है, वहीं जल निगम (नगरीय) में अभी भी मात्र 212 प्रतिशत भत्ता दिया जा रहा है।

### सरकार की छवि को कर रहा है धूमिल

पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि जल निगम (नगरीय) प्रशासन की यह पक्षपातपूर्ण और उदासीन नीति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि और उनकी सरकार की जनहितकारी योजनाओं को धूमिल कर रही है। प्रार्थिनी ने याद दिलाया कि महाकुंभ जैसे आयोजन में जल निगम के कर्मियों ने दिन-रात काम कर राज्य सरकार की योजनाओं को सफल बनाया था, और मुख्यमंत्री ने खुद इस कार्य की सराहना की थी।

### जल संकट पर कैसे होगा नियंत्रण?

वर्तमान में राज्य के शहरी क्षेत्रों में जल संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में जल निगम (नगरीय) जैसे महत्वपूर्ण विभाग के कर्मचारियों का मानसिक, शारीरिक और सामाजिक रूप से मजबूत रहना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन छह महीने से वेतन न मिलने के कारण ये कर्मचारी आर्थिक रूप से टूट चुके हैं।

### मुख्यमंत्री से सीधा आग्रह

रजता रंजना शर्मा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे इस गंभीर स्थिति का संज्ञान लें और कर्मचारियों को शीघ्र वेतन दिलवाने की व्यवस्था करें, ताकि उनके बच्चे भी एक सामान्य और गरिमामय जीवन जी सकें। साथ ही उन्होंने इस पत्र की प्रतिलिपि राज्यपाल, मुख्य सचिव, नगर विकास सचिव, जल निगम अध्यक्ष और कई कर्मचारी संगठनों को भी भेजी है।

# वेटरनरी विभाग में न्याय की जीत!

- हाईकोर्ट से डॉ. मनोज को बड़ी राहत
- अफसरशाही पर शिकंजा कसने की बारी!

**जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय**

वेटरनरी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ एक अहम फैसला सुनाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डॉ. मनोज कुमार को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने 29 अप्रैल 2025 को जारी बर्खास्तगी आदेश को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि यह त्रुटिपूर्ण, पक्षपातपूर्ण और अवैध है।

### कोर्ट की टिप्पणी अनुशासन का मतलब अन्याय नहीं!

"पूरी कार्यवाही में न तो निष्पक्ष जांच हुई और न ही उचित सुनवाई। ये मामला सिर्फ भ्रष्ट अधिकारियों का खेल है।
-हाईकोर्ट

### अब जनता पूछ रही है

- क्या योगी सरकार सच्चाई के साथ खड़ी होगी?
- क्या भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्रवाई होगी या फिर ये भी बन जाएगा एक और बंद फाइल?




### डॉ. मनोज को क्लीन चिट, बर्खास्तगी आदेश निरस्त

निलंबन अवधि में मिलेगा पूरा वेतन और भत्ता, यदि दोबारा जांच हो, तो तीन माह के भीतर पूरी करनी होगी – कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए

### जन एक्सप्रेस की विशेष पड़ताल पर हाईकोर्ट की मुहर

जन एक्सप्रेस द्वारा उठाए गए सवालों और तथ्यों को न्यायपालिका ने गंभीरता से लिया। अब सरकार की परीक्षा की घड़ी है।

### भ्रष्टाचार की दलदल में फंसा वेटरनरी विभाग

हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या वाकई योगी सरकार अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर अमल करेगी या फिर भ्रष्ट तंत्र के सामने झुक जाएगी?

### सीईओ की फर्जी नियुक्ति का मामला

पूर्व में पारले एग्रो से निकाले गए डॉ. नीरज गुप्ता को बेरोजगारी की स्थिति में नियमों को ताक पर रखकर सीईओ बना दिया गया।

- क्या सिर्फ पैसा ही अब पद की योग्यता बन चुका है?
- मंत्री, विधायक और निदेशक ने की थी नियुक्ति का विरोध
- योग्यता और अनुभव के सभी मापदंडों को किया गया नजरअंदाज




### तीन वरिष्ठ अफसरों पर गंभीर आरोप

| नाम | पद | आरोप |
|---|---|---|
| के. रविंद्र नायक | तत्कालीन प्रमुख सचिव | करोड़ों लेकर कार्यकाल बढ़वाना, संरक्षण देना |
| देवेंद्र कुमार | विशेष सचिव | जांच में देरी, कार्रवाई में टालमटोल |
| डॉ. नीरज गुप्ता | तत्कालीन सीईओ | फर्जी चयन, गबन, टैक्सी घोटाला, शोषण |

### डॉ. नीरज गुप्ता पर भ्रष्टाचार के 5 बड़े आरोप

1. डाटा ऑपरेटरों से जबरन धन वसूली
2. सरकारी वाहन से फर्जी टैक्सी बिलिंग
3. निदेशालय से फाइल चोरी सीसीटीवी फुटेज मौजूद)
4. वित्त अधिकारी ऋतु सिंह ने साक्ष्य दिए – फिर भी कार्रवाई नहीं
5. विभागाध्यक्ष द्वारा हटाने की सिफारिश – नजरअंदाज

*जन एक्सप्रेस की यह विशेष रिपोर्ट पढ़ें और सोचें-क्या अब सिस्टम में लौटेगा न्याय या फिर झुकता रहेगा कानून अफसरशाही के सामने?*

# देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार ने डराया, सक्रिय मामले 4000 के करीब

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। 2 जून को सुबह 8:00 बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामले 3961 हो गए हैं। इस साल संक्रमण की वजह से होने वाली कुल मौतों का आंकड़ा 32 हो गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, बीते दिन के मुकाबले सक्रिय मरीजों की संख्या में 203 की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि इस दौरान चार लोगों ने दम तोड़ा। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, कल से अब तक सबसे ज्यादा 47 मामले दिल्ली में सामने आए हैं। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 44, केरल में 35, महाराष्ट्र में 21, गुजरात में 18 और कर्नाटक में 15 नए मामले दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां कल से अब तक आठ नए मामले दर्ज किए गए हैं। ऐसे ही राजस्थान में सात, मध्य प्रदेश में चार, बिहार में तीन और छत्तीसगढ़ में एक मामला सामने आया है।

### दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक मौतें

कोरोना से होने वाली मौतों की बात करें तो रविवार से अब तक दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक संक्रमितों की मौत दर्ज की



गई है। दिल्ली में 22 वर्षीय महिला की मौत हुई है। उसे पहले से ही फेफड़ों से संबंधित बीमारी थी। तमिलनाडु में 25 वर्षीय पुरुष को अस्थमा जैसी शिकायतें थी। ऐसे ही महाराष्ट्र में 44 वर्षीय पुरुष की जान गई है। उसे कोरोना के साथ अन्य बीमारी थी। केरल से विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

### कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया सर्कुलर

इस बीच राज्य में मौजूदा कोविड-19 स्थिति को देखते हुए कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग ने एक सर्कुलर जारी कर सरकारी और निजी स्कूलों को स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य के हित में सावधानी बरतने को कहा है। निर्देश में कहा गया कि यदि स्कूली बच्चों को बुखार, खांसी, जुकाम और अन्य लक्षण दिखाई दें, तो उन्हें स्कूल न भेजें। डॉक्टर की ओर से बताए गए उचित उपचार और देखभाल के उपाय अपनाएं।

### केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार

इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने आश्वासन दिया था कि केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। जाधव ने एएनआई से कहा, हमारा केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह सतर्क है और सभी राज्यों में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। हमने संबंधित स्वास्थ्य और आयुष सचिवों के साथ-साथ अन्य संबंधित मंत्रियों से बात की है। उन्होंने कहा कि पिछली कोविड-19 लहरों के दौरान विकसित किए गए बुनियादी ढांचे की समीक्षा की गई है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारी चल रही है।

# विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य की ओर बढ़ती धामी सरकार

- एक जनपद-दो उत्पाद योजना के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को मिले प्राथमिकता: सीएम धामी
- वर्ष 2047 तक विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य को करेंगे हासिल: मुख्यमंत्री धामी
- अमृत सरोवरों और पारम्परिक जलस्त्रोतों की निगरानी के लिए हर जिले में नियुक्त होंगे नोडल अधिकारी: सीएम धामी
- धामी ने सभी डीएम के साथ की वर्चुअली बैठक, ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर अनेक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए ज़रूरी है कि उत्तराखंड में ग्राम स्तर से लेकर ज़िला स्तर तक स्पष्ट, व्यवहारिक और दूरदर्शी कार्ययोजनाएं बनाई जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक जिले में जनकल्याण से जुड़ी नवाचारपूर्ण पहलों को अपनाया जाए, जिससे स्थानीय ज़रूरतों के अनुरूप समाधान तैयार किए जा सकें। इसके तहत हर ज़िले में कम से कम पाँच प्रभावी नवाचारों को लागू करने पर बल दिया गया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने 'टीबी मुक्त उत्तराखंड' लक्ष्य की दिशा में कार्य करते हुए घोषणा की कि राज्य के पहले तीन टीबी मुक्त जिलों को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जनांदोलन का रूप देने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिए कि 5 जून से 25 जुलाई तक राज्यभर में पौधारोपण को गति दी जाए और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को सशक्त रूप से लागू किया जाए। साथ ही, अमृत सरोवरों और पारंपरिक जल स्त्रोतों की निगरानी के लिए हर जिले में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। मानसून की पूर्व चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन तंत्र को सतर्क मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों की नियमित सफाई, बिजली, पेयजल, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं की पर्याप्त तैयारी अनिवार्य है। साथ ही डेंगू, मलेरिया और कोविड जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए अग्रिम तैयारी करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने अवैध दस्तावेज़ों के खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से जारी आधार कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सार्वजनिक स्थलों और सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए नियमित अभियान चलाए जाएं। योग दिवस और कैंची धाम स्थापना दिवस जैसे आयोजनों में यातायात व्यवस्था और जनसहभागिता के समुचित प्रबंधन पर भी मुख्यमंत्री ने बल दिया। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहन देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि एक जनपद, दो उत्पाद योजना के अंतर्गत स्थानीय उत्पादन को प्राथमिकता दी जाए और सरकारी आयोजनों में इनके प्रयोग को अनिवार्य किया जाए। भूमि बैंक की अद्यतन स्थिति की समीक्षा, वर्षा जल संचयन और जंगलों में आग की घटनाओं से निपटने के लिए भी त्वरित और ठोस रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री के अनुसार, ये सभी प्रयास राज्य को न केवल 2047 तक विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य की ओर ले जाएंगे, बल्कि हर नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने में भी सहायक सिद्ध होंगे।

# दो माह से मौन एलडीए: सुशांत गोल्फ सिटी में अवैध रो-हाउस पर कार्रवाई ठप, बिल्डर लॉबी की दबंगई या सिस्टम की सुस्ती?

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मार्च 2025 में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी ज़ोन-2 में बने एक अवैध रो-हाउस को लेकर जारी ध्वस्तीकरण आदेशों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। 06 मार्च 2025 को जारी आदेश संख्या LDA/DSP/0006522 व 20 मार्च 2025 को जारी आदेश संख्या LDA/DSP/0006628 के तहत साफ कहा गया था कि निर्माण बिना स्वीकृत नक्शे के अवैध रूप से किया गया है और इसे तत्काल ध्वस्त किया जाए, लेकिन एलडीए प्रशासन दो माह से मौन साधे बैठा है।




### क्या है मामला?

सुषांत गोल्फ सिटी, जो लखनऊ की सबसे प्रतिष्ठित रिहायशी परियोजनाओं में गिनी जाती है, वहीं ज़ोन-2 में एक बिल्डर द्वारा बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से रो-हाउस खड़ा कर दिया गया। शिकायतों और निरीक्षण के बाद एलडीए ने 06 मार्च वेब20 मार्च 2025 को ध्वस्तीकरण का आदेश दिया, लेकिन इसके बाद से मामला फाइलों में दफन हो गया।

### जन एक्सप्रेस की मांग

- तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की जाए
- जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए
- यदि आदेश के बाद भी कार्रवाई नहीं होती, तो यह कानून का नहीं, सत्ता और संपत्ति का शासन है।
- पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए
- जनता के समक्ष नियमित रिपोर्टिंग हो
- यह खबर उन सैकड़ों नागरिकों की आवाज है जो चाहते हैं कि लखनऊ विकास प्राधिकरण सिर्फ नाम का नहीं, काम का संस्थान बने।

### कई सवाल, कोई जवाब नहीं!

- दो महीने से आदेश लागू क्यों नहीं हुआ?
- क्या उपाध्यक्ष एलडीए इस मामले से अनजान हैं या फिर जानबूझकर चुप हैं?
- क्या ज़ोनल अधिकारी, अवर अभियंता और प्रवर्तन शाखा ने बिल्डर से सांठगांठ कर ली है?
- क्या एलडीए की ध्वस्तीकरण नीति सिर्फ 'कागज़ी कार्रवाई' बन कर रह गई है?

स्थानीय लोगों का कहना है कि एलडीए की इस खामोशी के पीछे प्रभावशाली बिल्डर लॉबी और राजनीतिक दबाव अहम भूमिका निभा रहे हैं। ज़ोनल दफ्तर के सूत्रों का दावा है कि ऊपर से रोक लगी है, और अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।

### 'जनता का अधिकार बनाम बिल्डर का प्रभाव'

इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन की नियत और नीतियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब अवैध निर्माण प्रमाणित है, आदेश मौजूद हैं, प्रमाण जुटाए जा चुके हैं, तो आखिर कार्रवाई कौन रोक रहा है? अगर एक सामान्य व्यक्ति बिना नक्शा पास कराए निर्माण करता, तो एलडीए उसी हफ्ते उसका मकान गिरा देता। तो फिर इस केस में इतनी नरमी क्यों?

### जनहित में जरूरी

अब वक्त आ गया है कि उपाध्यक्ष एलडीए सामने आकर जवाब दें। अगर कार्रवाई रोकने में किसी अधिकारी या बाहरी दबाव की भूमिका है, तो उसका पर्दाफाश होना चाहिए। यह मामला सिर्फ एक अवैध निर्माण का नहीं, बल्कि प्रशासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित की रक्षा का है।

# सड़क हादसे में चार की मौत, गोंडा के तीन परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

**जन एक्सप्रेस। झंझरी/गोंडा**

इंगेजमेंट कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कानपुर गए गोंडा के चार लोगों की वापस लौटते समय बाराबंकी में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलने के बाद घर के लोग बाराबंकी रवाना हो



गए हैं। वहीं, गांव और मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। शहर के पीपल तिराहा निवासी राजवीर कुशवाहा उर्फ सुधीर (32), उनकी पत्नी शांती सिंह उर्फ सुनीता (30), बहनोई रमाशंकर मौर्या (40) निवासी खिराभा कोतवाली नगर राजवीर के चचेरे भाई अवध नरेश की सगाई रस्म के लिए कानपुर गए थे। वाहन अयान (22) चला रहा था। सगाई कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सभी लोग रविवार की देर शाम कानपुर से घर के लिए निकले थे। बाराबंकी के रामनगर के पास ट्रक से टक्कर हो गई। इसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रमाशंकर की पत्नी पूजा मौर्या (38), पुत्र दक्ष उर्फ आयुष व राजवीर की बेटी अनवी (5) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिली तो घर के लोग अवाक रह गए। राजवीर के वृद्ध पिता शंकर कुशवाहा फफक-फफक कर रो रहे हैं। रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग उन्हें ढांढस बंधा रहे थे। शंकर रोते हुए बोले-भगवान ये क्या कर दिया। बेटे-बहू दोनों को छीन लिया। मौत की सूचना मिलते ही घर के कई लोग बाराबंकी रवाना हो गए। वहीं, खिराभा के प्रधान प्रतिनिधि बद्री विशाल पांडेय ने बताया कि घटना की

# नालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को नालसा द्वारा संचालित जागृति (जेएजीआरआईटीआई), डॉन (डीएडब्ल्यूएन) व सम्वाद (एसएएमवीएडी) योजना के लिए गठित जिला स्तरीय समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमें जिला जज ने सदस्यों को इन योजनाओं की जानकारी डिजिटल रूप से दी।

जनपद न्यायाधीश की उपस्थिति में हुई इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने नालसा द्वारा संचालित इन तीनों योजनाओं की जानकारी समिति के सदस्यों को दी। उन्होंने जागृति (जेएजीआरआईटीआई) योजना के बारे में बताया कि जमीनी स्तर पर विकास और सुधार के लिए न्याय को बढ़ावा देने की दृष्टि से यह योजना तैयार गई की है। इस योजना का उद्देश्य जमीनी स्तर की आबादी तक पहुँचने के लिए समर्पित एक तंत्र बनाना है, ताकि स्थानीय स्वशासन संस्थानों का उपयोग करके कानूनी जागरूकता फैलाई जा सके। इस योजना के माध्यम से नालसा कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देकर और न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करके कानूनी ढांचे और जमीनी स्तर की आबादी के बीच की खाई को समाप्त करेगा। इसी प्रकार डॉन (डीएडब्ल्यूएन) योजना का उद्देश्य आम जनता में नशीली दवाओं की तस्करी और मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को कम करना है। जिससे गंभीर सामाजिक-आर्थिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों को समाप्त किया जा सके। इसके अलावा सम्वाद योजना, कमजोर आदिवासियों और विमुक्त खानाबदोश जनजातियों के लिये न्याय तक पहुंच को मजबूत करने की एक योजना है। देश में आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास होते रहे हैं। उनके समृद्ध नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों से प्रजातांत्रिक मूल्यों को बहुत दृढ़ता मिल सकती है। आपसी सहयोग, विचार-विमर्श के माध्यम से निर्णय, प्रकृति व अन्य के साथ शांतिपूर्ण वास, पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनाए गए उनके सदियों पुराने परन्तु खरे उतरने वाले तरीकों एवं नागरिक जीवन के उच्च आदर्शों को स्थापित करने वाले उनके अभ्यासों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

इस मौके पर रविकुमार दिवाकर त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज रविकुमार दिवाकर, पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबन्धक कार्यालय से आर. जनार्दन सिंह, बाल संरक्षक अधिकारी प्रतिनिधि सौरभ सिंह, सीएमएस डॉ नरेन्द्रदेव पटेल, डॉ शैलेन्द्र कुमार, अपर मुख्य जिला पंचायत अधिकारी सुधीर कुमार, बाल संरक्षण ईकाई निरीक्षक शिवमूरत यादव, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सनत कुमार द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, अपर जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल कुमार यादव, मुख्य न्याय रक्षक गया प्रसाद निषाद, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# मणि बंध शक्ति विकासक क्रिया से मजबूत और लचीली होती है हाथ की कलाई: योगाचार्य

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि मणि बंध शक्ति विकास क्रिया के माध्यम से हम हाथ की कलाईयों की मांसपेशियों को लचीली व मजबूत बना सकते है। हाथ को चलायमान करने के लिए कलाईयों का बहुत अधिक महत्व है। मजबूत कलाई वाले टेनिस, बैडमिंटन, क्रिकेट आदि में बाजी मार ले जाते हैं। साथ ही लचीली व मजबूत कलाई लेखन, पेंटिंग, स्थूल व्यायाम योग को सरल और सुगम बनाती हैं तथा रोजमर्रा की दिनचर्या को पूरा करने में भी सहायक है। हाथ और कलाई हमें हर दिन अपने आस-पास की दुनिया से जुड़ने में मदद करते हैं। अगर हाथ या कलाई में दर्द है या अन्य कोई परेशानी है और कोई सुधार होते न दिख रहा हो तो मणि बंध शक्ति विकासक क्रिया को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं और ठीक से करें। मणि बंध शक्ति विकासक क्रिया कलाई और हथेली की शक्ति को बढ़ाने में मदद करती है। यदि कलाई की शक्ति और गतिशीलता को बढ़ाना चाहते हैं, तो भी इस क्रिया को करें। इससे कलाई की गतिशीलता और सहनशीलता बढ़ती है। यह क्रिया कई योग और व्यायाम पद्धतियों में शामिल है और इसे रोजाना करने से कलाई की चोटों को रोकने में भी मदद मिल सकती है। कलाई की मांसपेशियां अग्रबाहु की मांसपेशियां हैं जो कलाई के जोड़ को नियंत्रित करती हैं, जिससे हाथ को मोड़ा जा सकता है, फैलाया जा सकता है और घुमाया जा सकता है। इन मांसपेशियों को हाथ की गति और स्थिरता के लिए मजबूत और लचीला होना आवश्यक है। कलाई को 75 से 90 डिग्री तक मोड़ पाना सामान्य कलाई का लचीलापन माना जाता है।

योगाचार्य ने बताया कि इस सूक्ष्म योग क्रिया को करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलाकर सीधे खड़े होते हैं, हाथों को अपने सामने धरती के समांतर फैलाते हैं तथा दोनों हाथों के बीच सीने की चैड़ाई के बराबर दूरी रखते हुए अंगूठे को छिपाकर टाइट मुट्ठी बांधते हैं। इस क्रिया को दो भागों में पूरा करते हैं। प्रथम भाग में सांस भरते हुए मुट्ठियों को ऊपर की ओर अधिकतम मोड़ते हैं। इस दशा में कोहनी से हाथ सीधा रहता है तथा सांस छोड़ते हुए मुट्ठियों को नीचे की ओर मोड़ते हैं। इस भाग को पांच बार दोहराते है। दूसरे भाग में दोनों हाथों को कोहनी से मोड़कर सीने के सामने मुट्ठियों को आमने-सामने सीने से चार इंच दूर रखते हुए, दोनों कोहनी कंधों के सीध में धरती के समांतर रखते हुए सांस भरकर दोनों मुट्ठियों को ऊपर की ओर अधिकतम मोड़ते हैं और साथ छोड़ते हुए नीचे की ओर ले जाते हैं। इसे भी पांच बार दोहराते हैं। इसके बाद दोनों हाथ नीचे करते हुए शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हैं और कलाई में हुए सकारात्मक परिवर्तन को अनुभव करते हैं। बताया कि सावधानी के तौर पर चोट या अधिक दर्द की दशा में इसे सावधानीपूर्वक धीरे-धीरे करना चाहिए।

# सात दिवसीय कथक कार्यशाला के तहत बच्चों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं आनंदेश्वरम् संगीत अकादमी चित्रकूट के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सात दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन दिवस पर समाजसेवी गणेश मिश्र ने कहा कि नृत्य एक कला है, जिसके विभिन्न रुप है। यह शारीरिक-मानसिक साधना है, जिसे आत्मानुशासन द्वारा निखारा जा सकता है। नृत्य संगीत कठोर तपस्या का फल है, जो हमारे मन-मस्तिष्क को ऊर्जा से भर देती है। नृत्यांगना व प्रशिक्षिका आकांक्षा श्रीवास्तव ने कहा कि कथक शब्द का पारंपरिक प्रयोग कथक नृत्य से लिया जाता है। कथक शब्द की उत्पत्ति कथा-कहानी से हुई है, इसका अर्थ नृत्य के माध्यम से कथा या कहानी को प्रस्तुत करना ही कथक नृत्य कहलाता है। कहानी सदैव ताल और लय से ही बंधी होती है। इसी प्रकार कथक भी महज शारीरिक हलचल नहीं, बल्कि आत्मा का आंदोलन है। इस दौरान बच्चों को प्रशिक्षण का मुख्य विषय ताल पक्ष के तीन ताल का परिचय दिया गया तथा श्री गणेश वंदना को आधार बनाकर नृत्य भाव भंगिमा का प्रशिक्षण दिया गया। आनंदेश्वरम् संगीत अकादमी के संचालक विनय पांडेय ने कहा कि इस सात दिवसीय कथक कार्यशाला के माध्यम से बच्चों में नृत्य, संगीत के प्रति अभिरुचि पैदा हो सकेगी तथा वह अपने मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास की ओर अग्रसर होंगे।

इस अवसर पर बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष डॉ कुमकुम धर, कार्यक्रम अध्यक्ष स्वाती अग्रवाल, विजय नारायण, बच्चे आदि मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। मानिकपुर, चित्रकूट



ग्राम पंचायत भौंरी के जंगल की चोटी में स्थित श्री लंगडा बाबा आश्रम में सात दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ हो गया।

मानिकपुर तहसील के ग्राम पंचायत भौंरी के जंगल की चोटी में बने श्री लंगडा बाबा आश्रम में विराजमान बजरंगबली क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र हैं। यहां सात दिवसीय श्रीराम महायज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा निकालकर की गई। 101 कलश लेकर महिलाओं, बालिकाओं व श्रद्धालुओं ने बैंड-बाजे व हाथी-घोडों के साथ नगर भ्रमण किया। लालापुर की बाल्मीकि नदी से कलश के लिए जल लाने के बाद अग्नि पूजा कर हवन किया गया। महंत रामदास त्यागी महराज ने बताया कि महायझ का समापन भंडारे के साथ होगा। इस दौरान पर यजमान बद्री विशाल त्रिपाठी, विनय कुमार त्रिपाठी, रजनीश पयासी, कल्लू त्रिपाठी, कैलाश रलिहा ने सभी संतों का पूजन किया। इस मौके पर पं. देवराज त्रिपाठी, कैलाश तिवारी, महंत कौशल किशोर दास, रामसुमेर दास, दयाराम दास, रामजी महराज, बालक दास आदि संत मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक व डेढ़ किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ तथा मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शिवरामपुर चैकी प्रभारी शनि चतुर्वेदी व उनकी टीम उपनिरीक्षक कैलाश, आरक्षी विपिन कुमार, दुर्गेश यादव व दीप प्रताप सिंह ने आरोपी नफीस अली उर्फ छोटा निवासी शिवरामपुर कोतवाली कर्वी को 01 किलो 500 ग्राम सूखा गांजा व बिना नम्बर प्लेट की चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछतांछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने मोटरसाइकिल मध्य प्रदेश के सतना जिले अंतर्गत एक मन्दिर से चोरी की थी। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

## सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में जोल्हूपुर की तरफ से तेज रफ्तार बाइक सवार ने बरही बंबा के पास किसान को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लमसर निवासी किसान गौरीशंकर 52 वर्ष सोमवार को खेत में मूंग की फसल की कटाई के लिए गया था। देर शाम वह खेत से कटाई करने के बाद वापस घर लौट रहा था। तभी बरही बंबा के पास जैसे ही पहुंचा। तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण किसान सड़क पर जा गिरा और वह घायल हो गया। हादसे को देख मौके पर हड़कंप मच गया और राहगीर मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस के साथ उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मदद से घायल किसान को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी गीता देवी, पुत्र बरदानी व अजय सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जहरीले कीड़े के काटने से नवविवाहिता की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के निधानन में बीते दिन रविवार की रात घर में फर्श पर सोते समय जहरीले कीड़े के काटने से नवविवाहिता की मौत हो गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निधानन का डेरा निवासी बीनू 20 वर्ष पत्नी वीरेंद्र कुमार की शादी 13 मई को हुई थी। बताया गया कि उसका मायका ग्राम गढ़ाथा जिला कानपुर नगर था। सोमवार की शाम को वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में जमीन पर कपड़े बिछाकर लेट गई थी। तभी देर रात में उसे किसी जहरीले कीड़े ने पेट में काट लिया। इस दौरान पत्नी की चीख सुनकर पति समेत घर के अन्य लोग भी जाग गए और मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे परिजन जानकारी होने पर तत्काल उसे उपचार के लिए सीएचसी कालपी ले गए। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज कानपुर रेफर कर दिया। जिन्होंने कानपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में दमतोड दिया। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई और वह उसे लेकर कोतवाली पहुंच गए। परिवार के लोगों ने बताया कि देर रात उसे सर्प ने काट लिया, जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्होंने सर्प को कमरे से बाहर निकलते हुए देखा है। मामले में पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को हुआ आजीवन कारावास, 65 हजार का जुर्माना भी लगा

जन एक्सप्रेस। उरई

न्यायालय में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 65 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया लगाया, जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि 25 फरवरी 2019 को उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी और उसकी पत्नी खेत पर कटाई करने गई थी। पत्नी जब दोपहर में खाने खाने आई तो देखा उसकी नाबालिग बेटी घर पर नहीं थी। आस पास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। काफी खोजबीन के बाद गांव के ही हरिराम ने बताया कि गांव का ही निवासी लल्लू उसे बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ में गौतम महेश नंदराम कुंवर सिंह का हाथ है। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नाबालिग के अपहरण सहित पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्जकर विवेचना शुरू कर दी। आस पास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। काफी खोजबीन के बाद गांव के ही हरिराम ने बताया कि गांव का ही निवासी लल्लू उसे बहला फुसलाकर ले गया और उसके साथ में गौतम महेश नंदराम कुंवर सिंह का हाथ है। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नाबालिग के अपहरण सहित पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्जकर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस को विवेचना में चार लोगों के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला जबकि पुलिस ने लल्लू के खिलाफ सबूत जुटाए और उसको पकड़कर जेल दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सोमवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहमद कमर ने अधिवक्ताओं की दलीलें सुननें के बाद आरोपी को नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी पाया। दोष सिद्ध होने के बाद न्यायाधीश ने आरोपित आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# कुशाग्र ने जेईई एडवांस में पाई सफलता



जन एक्सप्रेस। उरई

शहर के मोहल्ला पाठकपुरा निवासी अनुपम मिश्रा के बेटे कुशाग्र इस समय जेईई की तैयारी कर रहे थे। शुरू से ही मेधावी रहे कुशाग्र ने हाईस्कूल की परीक्षा 96 प्रतिशत अंकों के साथ पास की थी। तो इंटरमीडिएट 90 प्रतिशत अंकों से पास किया था।

उनकी मां नीलम मिश्रा सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। कुशाग्र ने बताया कि उन्होंने सात से आठ घंटे रोजाना पढ़ाई की लेकिन पढ़ाई का समय तय नहीं किया। अधिकांश पढ़ाई रात के वक्त की। कुशाग्र के अनुसार, उसने मोबाइल से ज्यादा किताबों से पढ़ाई की। उसने बताया कि वह इंजीनियर कर नई टेक्नोलॉजी से देश की सेवा करना चाहता है। उसके ताऊ व शिक्षक नेता अनुराग मिश्रा समेत परिजनों ने मिठाई खिलाकर माला पहनाकर उसकी हौसला अफजाई की। कुशाग्र ने जेईई एडवांस में 8500 वीं रैक हासिल कर सफलता प्राप्त की है।

# जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

प्लाटिंग करने वालों द्वारा जबरन खेत में कब्जा किए जाने से परेशान किसान ने न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अपनी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को रोकने की मांग की है। सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बिहारा गांव के निवासी फूलचन्द्र, केशू व मुन्ना ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि बिहारा गांव में उनकी जमीन पर प्लाटिंग करने वाले कुछ लोग टैऊक्टर व जेसीबी के जरिए अवैध कब्जा करने पर अमादा है। मना करने पर गाली-गलौज करते है और काम नहीं बंद कर रहे हैं। ऐसे में यदि प्लाटिंग करने वालों का काम तत्काल नहीं रोका गया, तो उनकी कीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया जाएगा।

# राज्य ललित कला अकादमी द्वारा संचलित ग्रीष्म कालीन चित्रकला कार्यशाला का शुभारंभ



जन एक्सप्रेस। उरई

राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से 27 दिवसीय श्रीष्म कालीन चिनकला कार्यशाला का आयोजन आज क्रिएटिव होम, सेंगर एकेडमी, शहीद भगत सिंह चौराहे के पास, उरई में भव्यता पूर्ण गुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार राज (भारतीय समकालीन कलाकार) के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पण करके किया गया। साथ ही सभी बच्चों को मुख्य अतिथि संजय कुमार के द्वारा वॉटर कलर लैंडस्केप का डेमोस्ट्रेशन व कला की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक मनमोहन, प्रशिक्षक गण शिवम, श्रुति गुप्ता, सुधीर कुमार, जितेश गोस्वामी, व मनोज आदि मौजूद रहे। चित्रकला कार्यशाला राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष डा. सुनील-कुमार विश्वकर्मा, निदेशक अ0 प्रद्मा शुक्ला, उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के निदेशक विशाल सिंह, प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव संजय कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में संचालन किया गया। कार्यशाला के संयोजक मनमोहन सर ने बताया कि कार्यशाला 2 वर्गो में होगी जिसमें न्यूनतम आयु सीमा 10 वर्ष से 17 वर्ष एवं 18 से ऊपर किसी श्री आयु के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे कार्य शाला 2 जून से 28 जून तक चलेगी, कार्य शाला में किए गए कार्यो की प्रदर्शनी 28 जून को लगेगी, उसके उपरान्त सभी प्रतिभागियों को अकादमी के दुवारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक आदर्श मिश्रा ने किया, संयोजक मनमोहन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जनपद को नवां स्थान प्राप्त होने पर समाजसेवियों ने बीएसए को दी बधाई

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारत सरकार की नीति आयोग की रिपोर्ट में जनपद चित्रकूट को शैक्षिक गुणवत्ता में नवां स्थान प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद चित्रकूट की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों व शिक्षकों को बधाई दी है। जनपद की इस उपलब्धि पर समाजसेवी बीपी पटेल, सभासद शंकर यादव सहित खंड शिक्षा अधिकारी शशांक शेखर शुक्ला, राजेश गुप्ता, मिथिलेश कुमार आदि लोगों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा को माल्यार्पण कर बधाई दी। इस दौरान बीएसए ने कहा कि वह प्रयास करेंगे कि जल्द ही जिले को प्रथम स्थान पर पहुंचाए।

# संवाद कर कृषि वैज्ञानिकों ने सुनी किसानों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां के अन्तर्गत सोमवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से संवाद कर उनकी कृषि सम्बन्धित समस्याओं को सुना।

अभियान के तहत पिथौराबाद गांव में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक व कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से सम्वाद कर उन्हें कम लागत में ज्यादा उत्पादन, उन्नत कृषि तकनीकी एवं प्राकृतिक खेती की जानकारी दी।

कृषि विभाग के अन्य सहयोगी विभाग पशुपालन, पशु चिकित्सा, उद्यान विभाग के अधिकारी कर्मचारीकृषि विभाग के अन्य सहयोगी विभाग पशुपालन, पशु चिकित्सा, उद्यान विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा आगामी खरीफ फसलों के लिए खेत की तैयारी करने के तरीके, कृषि की उन्नत तकनीकों व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक पुष्पेंद्र सिंह गुर्जर, उद्यानिकी वैज्ञानिक पंकज शर्मा, कृषि तकनीकी प्रबंधक जेपी सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी गणेश पांडेय, प्रभात बागरी, कृष्णापाल बागरी, उद्यान अधिकारी आकांक्षा दीक्षित, पशु चिकित्साधिकारी बाबूलाल सेन, रेणु सिंह, पंचायत सचिव छकौडीलाल सिंह, पत्रकार सुरेश दाहिया, रोजगार सहायक रामप्रसाद प्रजापति, इंद्रपाल सिंह, भगवानदास पांडेय आदि मौजूद रहे।

# अल्लाह अल्लाह, सबके दिल में मौला तू...बेरी वाले बाबा के उर्स के पहले दिन कव्वालों ने बांधा शमां

जन एक्सप्रेस। उरई



सूफियाना लहजे के विश्व प्रसिद्ध कव्वाल उमर दराज चिश्ती सहारनपुर ने हजरत बेरी वाले बाबा के 85 वें उर्स की पहली बज्म कव्वाली में खुलकर दिल की बात शेरों के माध्यम से कही। श्रोताओं की समझ पर फिदा उक्त कव्वाल ने फनकारी के लगभग सभी रंग पेश किए। अल्लाह-अल्लाह, अल्लाह हू, सबके दिल में मौला तू, मैं तो खिलौना मिट्टी का मेरे अंदर बोले तू से रुहानियत का समां बांधा। उन्होंने सूफी शायरो के ऐसे ऐसे शेर पढ़े कि लोग चौक उठे।

उन्होंने कहा ये मुझसे क्या पूछते हो कहां-कहां है रसूल, जहां-जहां है खुदाई वहां-वहां है रसूल और वहां जिस्म नहीं और यहां साया नहीं है, दुनियां में कोई ऐसा नबी आया नहीं है। दूसरी कव्वाला छोटी तमन्ना कोल्हापुर ने सारे बादल हैं उसके वो चाहे मेरे तपते सहरा को समंदर कर दे, नमाजी कि शराबी कोई शर्त नहीं वो चाहे जिसे मुकद्दर का सिकंदर कर दे से माहौल बनाना चाहा मगर दिल में सूफियाना रस लगा चुके श्रोता ठंडे पड़े रहे हालांकि दोनों की पार्टियों को लगभग आधा-आधा समय मिला परंतु इसे चिश्ती बंधु ही सार्थक करते दिखे। संचालक जमाल अहमद पप्पू थापा ने लफ्जों को तौल-तौल कर बोला और उनका यह अंदाज़ बड़ा प्रभावी रहा। प्रोग्राम में कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी भी शामिल रहे। उर्स कमेटी के चीफ कंट्रोलर हाफिज अब्दुल जब्बार, अध्यक्ष अनुभव चतुर्वेदी, फिरोज खान, भिक्के खां, रिजवान खान, छोटू शाह आदि ने व्यवस्था संभाली। तिलावत का गौरव हाफिज इमरान फैजी के हिस्से में आया। सारी रात दरगाह शरीफ पर अकीदत की फिजा कायम रही।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, मंगलवार, 03 जून, 2025






### 6000 सैनिकों के शवों की...

रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सोमवार को तुर्किये के इस्तांबुल शहर में शांति वार्ता हुई। तुर्किये के इंस्ताबुल शहर में दोनों पक्षों की बातचीत निर्धारित समय से दो घंटे देरी से शुरू हुई और करीब एक घंटे ही चली, जिसमें कोई बड़ा समाधान तो नहीं निकला... पढ़ें पेज 12 पर...

# सेवा हॉस्पिटल बना सिस्टमिक स्लॉटर हाउस

## सीएचसी अधीक्षक विपुल वर्मा की शह में इंसानियत का नरसंहार

■ सेवा हास्पिटल कोथांवा मेडिसिन का सहारा नहीं, सीधा आपरेशन से एक्सपेरिमेंट करता है, मौत का कुआं बना सेवा हास्पिटल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

जब अस्पताल ही कसाईखाना बन जाए, जब नर्सिंग होम मौत बांटने लगे, जब सिस्टम खुद हत्यारा बन जाए—तो समझ लीजिए, ये सिर्फ लापरवाही नहीं, यह सुनियोजित नरसंहार है। हरदोई के कोथावां ब्लॉक में स्थित सेवा हॉस्पिटल आज इलाज का नहीं, इंसानियत का कब्रगाह बन चुका है। यहां डॉक्टर नहीं, दलाल बैठे हैं, दवाएं नहीं, धोखा बिकता है और इस मौत के बाज़ार के सबसे बड़े संरक्षक बने हैं सीएचसी अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा।




### अस्पताल नहीं, खुला 'मौत का बाज़ार'!

इस तथाकथित सेवा हॉस्पिटल में न आईसीयू, न ऑक्सीजन सपोर्ट, न रजिस्टर्ड डॉक्टर, न इमरजेंसी सेवाएं और न ही कोई वैध जवाबदेही फिर भी हॉस्पिटल 24×7 चालू है क्यों? क्योंकि ऊपर से लेकर नीचे तक कट का खेल चल रहा है!

### आशाएं नहीं, बिचौलिनियां बन चुकी हैं 'कमीशन वर्कर'

जिसे कभी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ कहा जाता था, वही आशा बहुएं आज गरीबों को ठेल रही हैं इस मौत के गड्ढे में हर भर्ती पर फिक्स कट, आधा अधीक्षक का, आधा आशा का। मरीजों को डराकर, बहलाकर, जबरन सेवा हॉस्पिटल में लाया जाता है और फिर शुरू होता है 'रेफरल माफिया' का धंधा—जहां इंसान नहीं, शव बिकते हैं!

### प्रांजल, जिसकी आखिरी सांसों पर राजनीति ने पर्दा डाल दिया

5 साल का मासूम प्रांजल मामूली बुखार में सेवा हॉस्पिटल लाया गया। वहां से बिना किसी इलाज, जांच या सहमति के लखनऊ के न्यू वेदांता रेफर कर दिया गया। वहां न कोई डॉक्टर था, न कोई फाइल—सिर्फ एक चाकू था, जो मासूम के सीने पर चला और प्रांजल की धड़कनें हमेशा के लिए थम गईं।

### अधिकारी बने मूकदर्शक, नोडल अधिकारी ने फोन काटा!

जब जन एक्सप्रेस संवाददाता ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा से सवाल किया तो जवाब मिला, मुझे जानकारी नहीं है, नोडल अधिकारी से पूछिए! नोडल अधिकारी मनोज सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने सीधा कहा, सीएमओ पोर्टल देख लीजिए, मैं बिजी हूं!

- सवाल है जब जिम्मेदार ऐसे भाग खड़े हों, तो इंसाफ किस दरवाज़े पर तलाशें?
- मौतों के बाद 'मैनेजमेंट मॉडल' चालू, 1.5 लाख में खरीदी जाती है चुप्पी!
- परिजनों को धमकाकर चुप कराया जाता है
- पत्रकारों को प्रलोभन दिया जाता है
- पुलिस तक को मैनेज किया जाता है
- यहां इलाज नहीं होता, यहां सौदे होते हैं लाशों के, इंसानियत के, और भरोसे के!

### ऑपरेशन थिएटर में जबरन घुसने पर पिता को मिला शव

- न कोई कागज़, न कोई सहमति
- बस एक मौत—जिसे कोई गिनने को तैयार नहीं!

### जन एक्सप्रेस के 4 तीखे सवाल, जो प्रदेश के हर अफसर को झकझोर देंगे

1. सेवा हॉस्पिटल को लाइसेंस किसने और किस आधार पर दिया?
2. सीएचसी अधीक्षक विपुल वर्मा पर अब तक कार्यवाही क्यों नहीं हुई?
3. क्या मासूम प्रांजल की जान एक आंकड़े से ज्यादा मायने नहीं रखती?
4. क्या शासन अब भी सोता रहेगा या इस नरसंहार उद्योग पर शिकंजा कसेगा?

### जन एक्सप्रेस की दो टूक चेतावनी

अब या तो इंसाफ मिलेगा, या फिर सड़कों पर इंसाफ के लिए जनसैलाब उमड़ेगा! **यह रिपोर्ट:** ● मुख्यमंत्री ● स्वास्थ्य मंत्री ● स्वास्थ्य महानिदेशक ● राज्य मानवाधिकार आयोग तक पहुंचाई जाएगी। क्योंकि ये सिर्फ एक हॉस्पिटल की रिपोर्ट नहीं, ये पूरे सिस्टम का पोस्टमार्टम है!

### जन एक्सप्रेस की तीन प्रमुख मांगें

- सेवा हॉस्पिटल पर तुरंत ताला जड़े सरकार
- सीएचसी अधीक्षक विपुल वर्मा को बर्खास्त कर एफआईआर दर्ज हो
- स्वास्थ्य विभाग की सांठगांठ पर न्यायिक जांच हो

जब तक ये तीनों नहीं होंगे, जन एक्सप्रेस चुप नहीं बैठेगा क्योंकि ये खबर स्याही से नहीं, खून से लिखी गई है।
**जन एक्सप्रेस बोलेगा**, तो पूरा प्रदेश सुनेगा! अब वक्त है पोस्टमार्टम का नहीं—सिस्टम के एमआरआई का!

# हीरालाल स्कूल के समर कैम्प में बच्चों की प्रतिभा ने बिखेरे रंग

## तैराकी से लेकर नृत्य तक, बच्चों की रचनात्मक ऊर्जा ने दर्शकों का दिल जीत लिया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

हीरालाल यादव पब्लिक स्कूल द्वारा 21 मई से 2 जून तक दस दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों को रचनात्मक, मानसिक और शारीरिक रूप से सक्रिय रखने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल रही। यह कैम्प सिर्फ समय बिताने का माध्यम नहीं था, बल्कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करने का एक सशक्त मंच बना।



### विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनुराग यादव ने बताया

यह समर कैम्प छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक नई शुरुआत है। बच्चों ने यहाँ जो सीखा, वह किताबों से नहीं, बल्कि अनुभव से आया है। शिक्षा अब चारदीवारी तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इस कैम्प ने हमें यह दिखाया कि रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों को कितना अधिक आत्मनिर्भर और जागरूक बनाती हैं।

### चेयरमैन का संदेश: भविष्य के लिए एक संकल्प

विद्यालय के चेयरमैन राम सिंह यादव ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा, समर कैम्प की सफलता हम सभी की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। बच्चों की सहभागिता, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों का सहयोग इस आयोजन की सबसे बड़ी ताकत है। हम भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

### प्रतिभागियों की संख्या और उत्साह

इस समर कैम्प में विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों का उत्साह इस बात से झलकता था कि वे हर गतिविधि में पूरे मनोयोग से भाग ले रहे थे। कहीं छोटे-छोटे हाथों से चाकू चला कर सलाद सजाया जा रहा था, तो कहीं तालियों की गूंज के बीच स्टेज पर नृत्य करते बच्चों की आंखों में चमक दिख रही थी।

### अभिभावकों की प्रतिक्रिया: आंखों में गर्व, दिल में आभार

समापन समारोह के दिन जब बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, तो कई अभिभावकों की आंखें गर्व और खुशी से नम हो गईं। एक अभिभावक ने कहा, हमारे बच्चे किताबों से परे कुछ नया कर रहे हैं, ये देखकर गर्व होता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी क्षमता का अहसास होता है।

### मुख्य गतिविधियाँ: शिक्षा के साथ मनोरंजन का संगम

समर कैम्प की गतिविधियाँ न केवल रचनात्मक थीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी बेहद उपयोगी साबित हुईं।

### मुख्य गतिविधियाँ

- **तैराकी:** बच्चों को पानी के साथ आत्मीयता और आत्मविश्वास सिखाया गया।
- **नृत्य और गायन:** बच्चों ने लोकनृत्य, बॉलीवुड और देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।
- **योग और एरोबिक्स:** इन सत्रों में बच्चों ने तन और मन दोनों को संतुलित करने की कला सीखी।
- **कुकिंग क्लासेस:** छोटे हाथों से जब सैंडविच, सलाद और फ्रूट प्लेट्स बनीं, तो माता-पिता भी हैरान रह गए।
- **प्रबंध निदेशक का वक्तव्य:** शिक्षा के नए आयाम

### निष्कर्ष: सिर्फ एक कैम्प नहीं, बच्चों की उड़ान का पंख

हीरालाल यादव पब्लिक स्कूल का यह समर कैम्प केवल एक आयोजन नहीं था, यह था बचपन की संभावनाओं को आकार देने वाला एक प्रयास। इससे बच्चों ने न केवल नए हुनर सीखे, बल्कि आत्मविश्वास, टीमवर्क और प्रस्तुति कौशल जैसे गुणों को भी आत्मसात किया।

# इटौंजा थाने में पुलिसकर्मियों का सालों से जमा डेरा

## ट्रांसफर न होने पर उठ रहे सवाल, डीसीपी से हस्तक्षेप की अपील

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

■ क्षेत्र में अवैध कामों में देते हैं गति, करवातें हैं अवैध काम

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के इटौंजा थाना क्षेत्र में कई पुलिसकर्मियों के लंबे समय से एक ही थाने में जमे रहने और क्षेत्र में %दबदबा% कायम रखने का मामला सामने आया है। बता दें कि स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इन पुलिसकर्मियों का इटौंजा थाने में कई सालों से स्थानांतरण नहीं हुआ है, जबकि लखनऊ में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बावजूद भी वे अपनी तैनाती बरकरार रखे हुए हैं। इस स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं और डीसीपी से मामले में संज्ञान लेने की अपील की जा रही है। वहीं बताया जा रहा है कि इन पुलिसकर्मियों का क्षेत्र में इस कदर दबदबा कायम है कि स्थानीय स्तर पर उनके प्रभाव को महसूस किया जा सकता है। लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती से जहां कुछ पुलिसकर्मियों का जनता से बेहतर तालमेल बनता है, वहीं दूसरी ओर कुछ मामलों में यह पुलिसिंग की निष्पक्षता और कार्यप्रणाली पर सवाल भी खड़े कर सकता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद, अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती को लेकर नई नीतियां और प्रक्रियाएं लागू की गई थीं, जिनका उद्देश्य पुलिस व्यवस्था में अधिक पारदर्शिता और कार्यकुशलता लाना था। हालांकि, इटौंजा थाने में कुछ पुलिसकर्मियों का इतने लंबे समय से जमे रहना इन नीतियों के क्रियान्वयन पर प्रश्नचिह्न लगाता है। वहीं स्थानीय निवासियों और कुछ पुलिसकर्मियों के बीच भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर किन कारणों से इन पुलिसकर्मियों का तबादला नहीं किया गया है, जबकि उनका कार्यकाल काफी लंबा हो चुका है। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) से इस मामले पर गंभीरता से ध्यान देने और ऐसे पुलिसकर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है, जो लंबे समय से एक ही स्थान पर अपनी तैनाती बनाए हुए हैं और कथित तौर पर क्षेत्र में अपना कड़ा दबदबा स्थापित कर चुके हैं। पारदर्शिता और बेहतर पुलिसिंग के लिए ऐसे मामलों में जांच और आवश्यक कार्रवाई की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# योगी सरकार आपके द्वार, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं: योगेश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अकडरियां कलां के मजरा लासा गांव में बीकेटी ब्लॉक के अधिकारी व लखनऊ जिले के अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण बैठक की गई। बता दे कि इस बैठक में मुख्य अतिथि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला मौजूद रहे।इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि योगी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकारी सभी योजनाओं को गांव जनता को लाभ उठाना चाहिए, जिसके लिए सोमवार को अकड़रिया कलां के लासा गांव में जनसेवा को समर्पित उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ÷सरकार आपके द्वार÷ कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी सेवाओं की सुविधा एक ही स्थान पर प्रदान की जा रही है। इस दौरान विधायक ने कहा कि, उपलब्ध प्रमुख सेवाएं (1) प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना कैंप (2) फसल क्रय एवं फसल बीमा योजना कैंप (3) पेंशन योजना सुविधा कैंप (4) आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड कैंप (5) मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत ऋण सहायता कैंप (6) बैंकिंग सहायता कैंप (7) नया राशन कार्ड बनवाने की सुविधा (8) अन्य सरकारी जनकल्याणकारी सेवाएं का लाभ उठाइए, सरकार अब आपके द्वार पर है, योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि श्री नारायण द्विवेद्वी, प्रधान योगेश शुक्ला, प्रधान सरोज गुप्ता, एडीओ पंचायत विवेक शुक्ला, एडीओ कॉपरेटिव त्रियम्बक श्रीवास्तव,पशुपालन विभाग दिग्विजय सिंह , ग्राम पंचायत सचिव देवेंद्र सिंह, मधुर अवस्थी, जिला खाद्य एवं विवणन विपुल कुमार सिंह सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहें।




# कार से मुर्गा दबने पर विवाद, बाप-बेटे घायल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक कार से मुर्गा दबने को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस मारपीट में बाप-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनके सिर में चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि जानकारी के अनुसार, डूडा कॉलोनी, हरदासी खेड़ा, चिनहट निवासी जगने प्रसाद पुत्र शंकर अपने घर पर मुर्गा पालन करते हैं। रविवार दोपहर मोहल्ले में रहने वाले अविनाश नामक युवक ने अपनी कार से उनके एक मुर्गे को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं रात करीब 10 बजे जब जगने प्रसाद अपनी ड्यूटी से लौटे, तो उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। मुर्गे की मौत से आहत जगने शिकायत लेकर अविनाश के घर पहुँचे। आरोप है कि वहाँ अविनाश, शनि, अमित, उदय, करन और उनके अन्य साथियों ने जगने प्रसाद के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# सूचना आयुक्त ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने चौक स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियनस ट्रॉफी 2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। चौक किंग ने चौक लायन को 135 रनो से हरा दिया! जिसमे प्रिया वर्मा 4 विकेट लेकर प्लेयर आफ दी मैच बनी साथ मे शैपर 2 विकेट सलमान 1 विकेट दीपांशु व आशुतोष को दो-दो विकेट मिला चौक किंग से ऋषभ ने 65 व लछ्य ने 54 व आर्यन 19 रनो का योग दान दिया साथ मे चौक लायन से इस कार्यक्रम में कोच राहुल गुप्ता, राज,अनुराग मिश्रा,चाँद भाई फैजी,अनिशेष सक्सेना मौजूद रहे।

# समूहों की महिलाओ की आमदनी बढाने के लिये मिलेगी फूड प्रोसेसिंग की ट्रेनिंग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम मे उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति व प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना के कार्य पूरी गतिशीलता के साथ संचालित किये जा रहे हैं। खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला स्वयं सहायता समूहों को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर उच्च गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ जैसे कि मिलेट आधारित डोसा, इडली, कुकीज, पापड़, चिप्स, नमकीन, मोमोज, पिज्जा, बर्गर, सैण्डविच, सत्तू के पेय पदार्थ, पानी के बतासे के साथ-साथ उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार विभिन्न खाद्य उत्पाद महिलाओं द्वारा तैयार किये जायेगें, उन्हें पूर्ण रूप से प्रशिक्षित कराने के उपरान्त स्ट्रीट फूड वेण्डर्स के रूप में मुख्य स्थानों पर वेण्डिंग कार्डस यूपीएसआरएलएम एवं उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा इस क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से उपलब्ध कराये जायेगें।इस प्रकार प्रदेश में आने वाले 02 वर्ष में एक लाख महिलाओं को रोजगार दिलाने के प्रयास किये जायेगें।

# तेज रफ्तार पिकअप डाला में फंसकर गंभीर रूप से हुआ घायल, हॉस्पिटल में मौत

■ मृतक जियालाल को घायल हालत में इटौंजा सीएचसी लेकर पहुचे परिजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के इटौजा थाना क्षेत्र में भूसा व्यापारी (65) वर्षीय जियालाल की सोमवार की सुबह लगभग दस बजे सडक हादसे में मौत हो गई। बता दें कि राहगीरों के मुताबिक पिकप डाला में फंसकर जियालाल काफी दूर तक घिसटते चले गए। इसके बाद राहगीरों ने पिकप चालक को रोका और जियालाल को नजदीकी इटौंजा सीएचसी पहुचाया। यहां पर जियालाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मानपुर मंडी से सब्जी लादकर पिकप डाला जा रहा था और नौरंगपुर इटौजा निवासी जियालाल साइकिल से ईट भटठे पर अपना बकाया पैसा लेने के लिए जा रहे थे, तभी नेवादा के पास पिकअप डाला में उनकी साइकिल फंसकर काफी दूर तक घिसटती चली गईं। जिसमें वह भी फंसे थे, राहगीरों ने देखा तो दौडाकर पिकप डाला को पकडा लेकिन चालक मौके से फरार हो गए।वहीं मृतक के बेटे मटरू लाल ने बताया कि हादसे के बाद जियालाल का शव बेहद छत विछत हो चुका था।उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में चार बेटे है पत्नी सावित्री की 6 माह पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है।



# बड़े भाई ने छोटे को मार डाला, गाली देने से मना किया गला दबा दिया, मां ने बुलाई पुलिस

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

■ शराब के नशे में बड़े भाई ने छोटे भाई की गला दबाकर हत्या कर दी, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है

लखनऊ कमिश्नरेट के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में सोमवार को बड़े भाई ने छोटे भाई की गला दबाकर हत्या कर दी, दोनों शराब के नशे में थे। बता दें कि किसी बात को लेकर विवाद हुआ, बात इतनी बढ़ गई कि बड़े ने छोटे को मार डाला, घटना सुबह करीब 11:30 बजे की है। मां ने पुलिस को घटना की सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी भाई को हिरासत में लिया है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं निर्मला मिश्रा जानकीपुरम में अपने दो बेटों के साथ रहती हैं, बड़ा बेटा अमित मिश्रा उर्फ बाला व छोटा बेटा रवि मिश्रा के बीच सोमवार को शराब के नशे में विवाद हो गया, अमित ने रवि की पिटाई कर दी, दोनों में झगड़ा और बढ़ गया, गुस्से में अमित ने रवि की गला दबाकर हत्या कर दी। वहीं निर्मला ने बताया कि अमित और रवि के बीच आपसी विवाद था, अमित शराब के नशे में रवि से गाली गलौज कर रहा था, रवि ने गाली देने से मना किया। इस पर अमित तेज आवाज में गाली देने लगा। वहीं दोनों के बीच बहस होने लगी, इसके बाद अमित ने रवि की पिटाई कर दी, इसी बीच अमित ने रवि का गला दबा दिया। वहीं डीसीपी नार्थ ने बताया कि आज सुबह 11.30 बजे जानकीपुरम थाने को सूचना मिली की शराब के नशे में एक भाई ने अपने सगे भाई की मारपीट कर हत्या कर दी है, मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेने के साथ ही आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# विकसित कृषक: संकल्प वैज्ञानिक संवाद गोष्ठियों का द्वितीय आयोजन सफल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मलिहाबाद कसमंडी कला उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत दिनांक~2/6/ 2025 मलिहाबाद विकासखंड के ग्राम पंचायत कसमंडी कला में प्रधान संजय साहू, संयुक्त कृषि निदेशक अखिलेश कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक विनय कुमार कौशल, सहायक विकास अधिकारी मानवेंद्र सिंह केवीके अध्यक्षता में कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया सरकार की विभिन्न कृषक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए विभाग के सारे अधिकारी हर ग्राम पंचायत गांव में जाकर विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत गोष्ठी का आयोजन कर रहे हैं जिसमें कृषि विभाग के अधिकारी सहित सभी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं और जमीन व कृषि से संबंधित जनता की समस्याएं सुन रहे हैं जिससे कल्याणकारी योजनाएं कम लागत पर अधिक उत्पादन हो सके इसकी जानकारी दी गई।

# अतिक्रमण हटाने पर गुमटियां तोड़ने को लेकर व्यापारियों में आक्रोश, ईओ पर मनमानी का आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



नगर पंचायत अमेठी द्वारा चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। छोटे दुकानदारों की गुमटियों को बिना पूर्व सूचना तोड़े जाने और अधिकारियों द्वारा की गई अभद्रता से नाराज़ व्यापारियों ने राजेश मसाला उद्योग परिसर में एक आपात बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने की। बैठक में उप जिलाधिकारी आशीष सिंह भी मौजूद रहे। व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी की कार्यशैली की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि बिना सूचना के की गई कार्रवाई पूरी तरह से अन्यायपूर्ण और तानाशाहीपूर्ण है। एसडीएम ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार की कार्रवाई दोहराई नहीं जाएगी।और संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया जाएगा कि वह संवेदनशीलता के साथ काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारियों को यातायात में व्यवधान न डालने के लिए भी समझाया जाएगा। बैठक में एक मानवीय पहल के तहत, राजेश मसाला की ओर से क्षतिग्रस्त पान गुमटी संचालिका मीना चौरसिया को 7,000 रुपए नगद सहायता प्रदान की गई।वहीं ककवा रोड के व्यापारी अजीत कसौंधन को आरसी वसूली के मामले में राहत दी गई।इस अवसर पर अयोध्या मंडल प्रभारी हरिकेश श्रीवास्तव, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि फूलचंद्र कसौंधन और अन्य व्यापारी नेता उपस्थित रहे।बैठक में नगर की सफाई व्यवस्था विशेष रूप से नालों की नियमित सफाई को लेकर भी चिंता जताई गई और सुधार की मांग की गई।

## नशे की हालत में दो वेगनर कार के साथ काफिला निकल रहे युवकों ने स्थानी लोगों से कारी मारपीट

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली में नशे में धुत युवकों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। धंसीराम का पूर्वा में दो वेगनर कारों के काफिले के साथ निकल रहे युवकों ने स्थानीय लोगों से मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इस घटना के बाद पीड़ित समेत दर्जनों स्थानी लोगों ने त्रिपुला चौराहा पुलिस चौकी पहुंचे और चौकी इंचार्ज दिलीप शर्मा से कार्रवाई की मांग की।
चौकी इंचार्ज ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अभिषेक और उनके साथियों पर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# कुटमारा गांव में श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**




तिलोई विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कूटमरा में चारों धाम के दर्शन के उपरांत आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा से पहले सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की अगुवाई कथावाचक व्यास पीठ संतोष जी महाराज ने की। यह यात्रा कुटमारा से शुरू होकर पूरे इच्छाराम पंडित का पूरवा, गोबरे का पूरवा होते हुए तिलोई स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर तक गई। हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी ने इस यात्रा को एक भव्य धार्मिक आयोजन में परिवर्तित कर दिया।
मुख्य यजमान संतोष पांडे और उनकी धर्मपत्नी किरण पांडे ने धार्मिक विधियों के साथ कलश पूजन किया।यात्रा में ढोल-नगाड़े, भजन, कीर्तन और जयकारों की गूंज रही।कार्यक्रम को सफल बनाने में अतुल पांडे, प्रवेश पांडे, अजीत सिंह, राजेंद्र तिवारी, शरद अवस्थी, किशन पांडे, गौरव तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभाई।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए नाश्ते और जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया जाएगा।

## यज्ञ मंडप के सामने ढाई घंटे तक हुआ प्रायश्चित पूजन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

श्री राम जन्मभूमि मंदिर में द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा का भव्य अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना सहित सात अन्य मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह समारोह पांच जून को गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर अपने चरम पर पहुंचेगा। अनुष्ठान से पूर्व सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई और प्रायश्चित पूजन किया गया।
यज्ञ मंडप के सामने करीब ढ़ाई घंटे तक यह पूजन हुआ। वाराणसी के आचार्य जयप्रकाश त्रिपाठी, उपाचार्य चंद्रभानु शर्मा (दिल्ली) और अमरनाथ ब्रह्मा (बस्ती) के साथ अयोध्या के आचार्य पंडित प्रवीण शर्मा, पंडित इंद्रदेव मिश्र ने प्रायश्चित पूजन का अनुष्ठान संपन्न कराया। पंडित प्रवीण शर्मा ने बताया कि हिंदू शास्त्र के अनुसार किसी भी दिव्य अनुष्ठान से पूर्व प्रायश्चित किया जाना अनिवार्य होता है। यह कर्म आत्मा व स्थान की शुद्धि के लिए किया जाता है।

# व्यापारियों ने की खाद्य सुरक्षा कानून में संशोधन की मांग

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अमेठी में व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में बदलाव की मांग को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान को मुख्यमंत्री के नाम 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महेश सोनी के नेतृत्व में सौंपा गया,जो प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर तैयार किया गया था।
व्यापारियों की प्रमुख मांगों में खाद्यसुरक्षा अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन की वार्षिक टर्नओवर सीमा को 12 लाख रुपये से बढ़ाकर 40 लाख रुपये करने की मांग शामिल है। उनका कहना है कि इससे छोटे व्यापारियों को अनावश्यक कार्रवाई से राहत मिलेगी। व्यापारियों की प्रमुख मांगों में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन की वार्षिक टर्नओवर सीमा को 12 लाख रुपये से बढ़ाकर 40 लाख रुपये करने की मांग शामिल है। उनका कहना है कि इससे छोटे व्यापारियों को अनावश्यक कार्रवाई से राहत मिलेगी। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि खाद्य सामग्री की पैकेजिंग कंपनियों द्वारा की जाती है, इसलिए खुदरा एवं थोक व्यापारियों पर मिलावट का आरोप लगाना अनुचित है।
उन्होंने मांग की कि सिर्फ पैकिंगकंपनियों को उत्तरदायी ठहराया जाए। ज्ञापन में फूड एक्ट के तहत लाइसेंस न होने पर दंडात्मक कार्रवाई समाप्त करने, जुर्माने की राशि को रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस शुल्क के अधिकतम दोगुने तक सीमित करने की मांग की गई है। व्यापारियों ने यह भी आग्रह किया कि सैंपलिंग के समय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की जाए, जिससे जांच प्रक्रिया पारदर्शी हो और विभागीय भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। इसके अतिरिक्त व्यापारियों ने पूर्णकालिक न्याय निर्णायक अधिकारी की नियुक्ति की भी मांग की है, ताकि विवादों का समयबद्ध समाधान हो सके। जिलाधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया योगाच्यास और साधकों को दिया मार्गदर्शन

जन एक्सप्रेस/रायबरेली, 3 जून।
मातृभूमि सेवा मिशन धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र इकाई रायबरेली के तत्वाधान में आयोजित दैनिक निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में सोमवार को योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राज अधिकारी रायबरेली (DPRO) सौम्य शील सिंह (UPPCS) ने योग का अभ्यास किया। इस अवसर पर योग शिविर में इकाई के जिला संयोजक प्रदीप पांडेय, जिलाध्यक्ष योगाचार्य बृजमोहन, योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बाल छबि भेंट कर स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया। मातृभूमि सेवा मिशन इकाई द्वारा संचालित निःशुल्क दैनिक योग शिविर के तत्वाधान में राना बेनी माधव पार्क बख्श सिंह पार्क में प्रातः 5 से 7 बजे के मध्य आयोजित होता है। बताते चलें कि मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली की ओर से प्रतिदिन दैनिक निःशुल्क योग प्रशिक्षण पिछले तीन वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला राज पंचायत अधिकारी ने कई प्रकार के योगासन किए और साधकों को उसके लाभ के बारे में भी बताया।

# एम्स रायबरेली में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर वेबिनार का आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



एम्स रायबरेली में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर वेबिनार का आयोजन किया गया।
प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक मेजर जनरल (डॉ) विभा दत्ता और डीन अकादमिक प्रो नीरज कुमारी के मार्गदर्शन में एम्स रायबरेली के सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष प्रो भोला नाथ ने वेबिनार की शुरुआत की।
वेबिनार के अतिथि वक्ताओं में राजस्थान कैंसर फाउंडेशन के अध्यक्ष, डॉ राजेश गुप्ता, वाइटल स्ट्रेटजी के तकनीकी सलाहकार डॉ शिवम कपूर व डॉ आर जे सिंह तथा भारत ड्ब्ल्यूएचओ तंबाकू नियंत्रण कार्यालय से डॉ वेदा वीपीके शामिल थी। उन्होंने युवाओं पर तंबाकू के दुष्प्रभाव, तंबाकू उद्योग के भ्रामक मार्केटिंग तकनीकों, उनके तंबाकू व निकोटिन उत्पाद उद्योगों की रणनीति को उजागर करने पर अपने व्यक्तव्य दिए। प्रो भोला नाथ ने बताया कि भारत में लगभग 27 करोड़ लोग विभिन्न रूपों में तंबाकू का सेवन करते है और प्रतिवर्ष लगभग 13.5 लाख लोग इसके कारण मृत्यु को प्राप्त होते है। लगभग 35 प्रतिशत वयस्क तंबाकू सेवन करते है, जिसमें से 42 प्रतिशत पुरुष और 14 प्रतिशत महिलाएं तंबाकू का सेवन करती है। लोग तंबाकू सेवन पर प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 77 हजार करोड़ रुपए खर्च करते है जिसमें से अधिकतर निम्न आय वर्ग के लोग है। उन्होंने अपने संदेश में एम्स रायबरेली में अगले वर्ष 30 जनवरी 2026 से 01 फरवरी 2026 तक होने वाले तंबाकू या स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में बताया। वेबिनार के अंत में राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए वेबसाइट तथा ब्रोशर का उद्घाटन प्रो शालिनी सिंह, निदेशक, राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान ने किया। प्रो भोला नाथ ने बताया कि इस वेबिनार के लिए 550 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था। डॉ सौरभ पॉल ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। एम्स रायबरेली की ओर से डॉ आयुषी गोयल तथा डॉ हिमांशी ने भी वेबिनार के आयोजन में योगदान दिया।

# रोटरी क्लब द्वारा बालिकाओं को साइकिल वितरण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रोटरी क्लब रायबरेली द्वारा लक्ष्मी, अंकिता, आराधना सहित 6 ज़रूरतमंद बालिकाओं को साइकिल वितरित की गईं। निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह नगर के रोटरी सेवा केन्द्र में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के पूर्व मंडलाध्यक्ष सुनील बंसल रहे। मुख्य अतिथि ने रायबरेली में रोटरी क्लब द्वारा संचालित सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति स्वस्थ और शिक्षित होगा तभी देश का विकास तेजी से संभव होगा।
उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब, रायबरेली इन दोनों ही क्षेत्रों में अपनी सेवाएं नियमित रूप से प्रदान कर रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है।
रोटरी क्लब, रायबरेली के अध्यक्ष राकेश कक्कड़ ने आए हुए अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया। रोटरी मंडल से आए अमित जायसवाल और विवेक अग्रवाल ने कहा कि 50 वर्षों से निरंतर सामाजिक क्षेत्र में अपनी निःशुल्क सेवाएं देकर रायबरेली में रोटरी क्लब द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रायबरेली में रोटरी क्लब द्वारा संचालित सेवा कार्यों की जानकारी पूर्व अध्यक्ष अजय त्रिवेदी द्वारा दी गई। समारोह का संचालन गोविंद खन्ना द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोटरी सचिव विवेक सिंह, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एस. एल. चंदवानी, संजय सबरवाल, अरविंद श्रीवास्तव, आर. के. सोनी, विकास दीक्षित, राकेश चन्दनानी, राजीव भार्गव, डॉ. ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम अधिकारी पूर्व अध्यक्ष पी. एस. सलूजा ने आए हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सीताराम के स्वागत में राम जन्मभूमि पहुंची मां सरयू की धारा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

संध्या की रश्मियों ने जब सरयू की जलधारा को स्वर्णिम कर दिया, तब उस पावन तट पर एक अलौकिक दृश्य जन्म ले रहा था। शंखनाद की गूंज और मंत्रोच्चारण की ध्वनियां दिव्यता को आमंत्रण दे रही थीं। राम मंदिर परिसर में आठ देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सोमवार को सरयू तट से राम मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का जीवंत प्रतीक बन गई। इस दृश्य पर संतों ने कहा कि भगवान सीताराम के स्वागत में मां सरयू की धारा राम जन्मभूमि परिसर में पहुंची है। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्र ने मां सरयू की पूजा-अर्चना व अभिषेक किया।

# शुकुलबाजार थाने में नए थाना प्रभारी ने संभाली कमान

### दलालों पर सख्ती और पारदर्शिता पर जोर

**जन एक्सप्रेस । शुकुलबाजार,अमेठी**



जनपद के शुकुलबाजार थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से नए थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण और जनता को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतें अब बिना किसी दलाल या बिचौलिए के सीधे सुनी जाएंगी। उन्होंने फरियादियों से अपील की कि वे निडर होकर सीधे थाने आकर अपनी बात रखें। थाना परिसर में बेवजह घूमने वालों, दलालों और संदिग्ध व्यक्तियों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नए थाना प्रभारी ने पुलिस टीम को निर्देशित किया कि क्षेत्र में रात्रि, दिवा और संध्या गश्त नियमित रूप से की जाए, जिससे अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को भी प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि थाने में तैनात सभी पुलिस कर्मियों को अपने कार्य के प्रति सजग रहना होगा।और लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौकीदारों को विशेष रूप से रात्रि गश्त के निर्देश दिए गए हैं ताकि गांवों में शांति व्यवस्था बनी रहे।थाना अध्यक्ष ने मीडिया और जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील की है, जिससे क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द और कानून व्यवस्था बनी रहे।

# 20 हॉट स्पॉट वाई-फाई के लिए चिह्नित, 11 स्थानों पर उपकरण लगे

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जिले की बीकापुर तहसील के असकरनपुर गांव को डिजिटल विलेज बनाने की तेजी से कवायद चल रही है। फिलहाल गांव में फ्री वाई-फाई सेवा शुरू की गई है। साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है जहां गांव तथा आसपास के युवाओं को न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं बल्कि हाई स्कूल तथा इंटर बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी में भी सहूलियत मिल रही है। गांव में ही डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा मिलने से विद्यार्थियों को कोचिंग करने से काफी हद तक राहत मिली है। वाई-फाई सेवा के लिए गांव में 20 हॉट स्पॉट चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 11 स्थानों पर वाई-फाई के उपकरण लगाने का काम पूरा हो गया है। अब लोग अपने घरों में भी मुफ्त वाई-फाई सेवा का लाभ उठा रहे हैं। इससे उन्हें न केवल मनोरंजन की सुविधा मिल रही है बल्कि पढ़ाई लिखाई में भी बच्चों को सहूलियत मिल रही है। गांव को सुरक्षित बनाने के लिए जिन स्थानों पर वाई-फाई के उपकरण लग चुके हैं वहां सीसीटीवी भी लगाए जा रहे हैं ताकि सुरक्षा का माहौल तैयार हो सके। फिलहाल चार स्थानों पर कैमरे लगाने का काम पूरा हो चुका है। शेष कैमरों के लिए आर्डर दिया गया है, जो अगले कुछ दिनों में लग जाएंगे। गांव की वातानुकूलित डिजिटल लाइब्रेरी रात के लगभग आठ बजे तक खुली रहती है। यह लाइब्रेरी पंचायत भवन में स्थापित है जिसे सुबह ही खोल दिया जाता है।
बच्चे यहां गर्मी के दिनों में भी आराम से अध्ययन करते हैं। फिलहाल गांव के 40-50 बच्चे डिजिटल लाइब्रेरी का उपयोग कर रहे हैं। इनमें कुछ पास के गांव के बच्चे भी हैं। गांव की आबादी लगभग चार हजार है। सेहत और खेल की दृष्टि से ग्राम पंचायत भवन परिसर में स्वीमिंग पूल बनाया गया है। यहां बच्चे तैराकी का अभ्यास कर रहे हैं। ग्रामीणों का मानना है कि इन सुविधाओं से ग्राम पंचायत का नाम पूरे जिले तथा प्रदेश में रोशन होगा। ग्राम पंचायत में प्रतिवर्ष पौधरोपण कराया जाता है। गांव में एक नर्सरी भी है जहां से दूसरों को भी पौधे उपलब्ध कराए जाते हैं। एक हेक्टेयर भूमि को आयुष वन का नाम दिया गया है। इसमें पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, अर्जुन, हरसिंगार, गूलर आदि पौधे लगाए हैं। बीडीओ हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि असकरनपुर ग्राम पंचायत में अनुकरणीय विकास कार्य हो रहे हैं। इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आ रहे हैं। वर्ष 2023 में ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से 10 लाख रुपये का सम्मान मिला है। इसके साथ ही 2024 में आईएसओ प्रमाण पत्र भी मिल चुका है। गांव निवासी सहायक प्रोफेसर डॉ. विनोद शुक्ला, उदय तिवारी, सुरेश यादव, हरिओम आदि ने कहा कि विकास कार्यों से असकरनपुर को मॉडल गांव की पहचान मिली है। यहां सुविधायुक्त भव्य और स्वच्छ ग्राम सचिवालय, जन सेवा केंद्र, एकीकृत कूड़ा प्रबंधन केंद्र, हरा-भरा पार्क, साफ-सुथरा खेल का मैदान, अमृत सरोवर, आयुष वाटिका आदि विकास कार्य हुए हैं।

## राम मंदिर निर्माण: आस्था, संघर्ष और सफलता की गाथा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

राम दरबार की स्थापना की तैयारियों के बीच मंदिर निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर है। राम मंदिर निर्माण की यात्रा भारत के इतिहास की एक लंबी, संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायक कथा है। यह सफर आसान नहीं रहा। दशकों के कानूनी संघर्ष, सामाजिक आंदोलन और तकनीकी चुनौतियों को पार कर यह सपना साकार हो रहा है। राम मंदिर निर्माण का आधार 500 वर्षों से अधिक पुराने विवाद पर टिका है। वर्षों तक यह मामला अदालतों में चलता रहा। अंततः नौ नवंबर 2019 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया। इससे विवादित भूमि पर राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया गया। इसके बाद केंद्र सरकार ने फरवरी 2020 में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया, जिसे मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई। राम मंदिर के निर्माण का शुभारंभ पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूमि पूजन कर किया।

## हर्षवर्धन यादव ने JEE Advanced 2025 की परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 784 तथा OBC रैंक 120 प्राप्त कर रायबरेली सहित पूरे क्षेत्र का नाम किया रोशन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



संशिक्षा एकेडमी को यह घोषणा करते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि हमारे प्रतिभाशाली छात्र हर्षवर्धन यादव ने JEE Advanced 2025 की कठिन परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 784 तथा ओबीसी रैंक 120 प्राप्त कर रायबरेली सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन, और प्रतिबद्धता का प्रतिफल है, साथ ही यह संस्था द्वारा दी गई उचित दिशा और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। हर्षवर्धन की इस उपलब्धि के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण रहे हैं, जिन्हें हर छात्र और अभिभावक को समझना चाहिए। उन्होंने कक्षा में लगभग पूरी उपस्थिति बनाए रखी और पढ़ाई के समय एकाग्रता को प्राथमिकता दी। वे अनावश्यक बातचीत से पूरी तरह दूर रहते थे और हर दिन का होमवर्क समय पर व नियमित रूप से पूरा करते थे। उन्होंने हमेशा अपने शिक्षकों से जुड़ाव बनाए रखा, किसी भी शंका को तुरंत स्पष्ट किया और मार्गदर्शन को गंभीरता से लिया। उनकी तैयारी में टेस्टों की निरंतरता भी महत्वपूर्ण रही - उन्होंने प्रत्येक टेस्ट को आत्ममूल्यांकन का अवसर माना और अपनी गलतियों से सुधार करते गए। इसके अलावा, उन्होंने फॉर्मूलों और महत्वपूर्ण बिंदुओं की दैनिक पुनरावृत्ति की और एनसीईआरटी की पुस्तकों का गहराई से अध्ययन किया, जिससे उनकी अवधारणाएं और आधार मजबूत होते गए। केवल हर्षवर्धन ही नहीं, बल्कि संशिक्षा एकेडमी के कई अन्य छात्रों ने भी JEE Advanced 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अनेक छात्रों ने ऐसे अंक प्राप्त किए हैं जिनसे उन्हें IITs, NITs और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश सुनिश्चित हो सकेगा। यह एकेडमी की मजबूत शैक्षणिक संरचना, व्यक्तिगत मार्गदर्शन की नीति और छात्रों के साथ निरंतर संवाद का परिणाम है। संशिक्षा एकेडमी रायबरेली में इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों की तैयारी के लिए एक विश्वसनीय और परिणामोन्मुख संस्थान के रूप में जाना जाता है। संस्था के निदेशक श्री नीर्रज सोनी, जो स्वयं IIT कानपुर के पूर्व छात्र हैं, का मानना है कि दृढ़ संकल्प, अनुशासित दिनचर्या और सही मार्गदर्शन से कोई भी छात्र उच्चतम शिखर तक पहुंच सकता है। अभिभावकों, छात्रों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से प्राप्त यह सफलता पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। संशिक्षा एकेडमी आने वाले समय में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ छात्रों को उनके लक्ष्यों की ओर अग्रसर करती रहेगी।



**जून माह में गन्ने की देखरेख से ही तय होगी...**

जून का महीना गन्ना किसानों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है, यदि वे इस समय गन्ना फसल की उचित देखभाल करें। यह बात जिला गन्ना अधिकारी खुशी... ▸ शेष पेज 07 पर...

# कानपुर बुंदेलखंड व्यापार प्रकोष्ठ के द्वारा व्यापारी समाज के प्रमुख मांगों को लेकर जीएसटी विभाग में हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक के नेतृत्व में कानपुर महानगर के प्रमुख व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ जीएसटी मुख्यालय विकास नगर में व्यापारियों की बड़ी बैठक आयोजित की गई जिसमें विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता से मुख्य रूप से बैठक की शुरुआत कराते हुए व्यापारियों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखने को कहा भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने व्यापारियों की ओर से अगुवाई करते हुए जीएसटी एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 01 आर. एस.विद्यार्थी, जीएसटी एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 02 संजय पाठक समेत जीएसटी के आला अधिकारियों की मौजूदगी में व्यापारी समाज की पीड़ा से शीर्ष अधिकारियों को अवगत कराया, क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने कहा कि अनेकों बार देखा गया है कि व्यापारी की मंशा कर चोरी की नहीं होती किंतु उसके बावजूद कोई छोटी सी मानवीय त्रुटि हो जाने पर व्यापारी की गाड़ी पकड़कर सीज कर दी जाती है जैसे व्यापारी ने कोई बहुत बड़ा अपराध कर दिया इस संबंध में माननीय हाईकोर्ट के भी डायरेक्शन है कि गाड़ी पकड़ने से पूर्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि व्यापारी की मंशा सरकार को राजस्व देने की है या नहीं यदि व्यापारी की मंशा कर चोरी की नहीं है और कोई छोटी तकनीकी या मानवीय भूल है तो इस आधार पर अधिकारी अपने स्वविवेक का इस्तेमाल करते हुए व्यापारी की गाड़ी छोड़ दें लेकिन अधिकारी इस बात को मानते ही नहीं वे सिर्फ व्यापारी को अपराधी समझकर सिर्फ उसकी गाड़ी सीज करने की मंशा से कार्य करते हैं इसी से जुड़ा एक मामला है जिसमें एक बिहारी लाल कॉम्प्लेक्स टोपी बाजार के व्यापारी अग्रवाल टॉयज की खिलौना की गाड़ी नोएडा में दो दिन पूर्व रोकी गई जिसमें सारे बिल सही थे सारी टैक्स इनवॉइस सही बनी थी सिर्फ व्यापारी माल लोडिंग की जल्दबाजी में पर्चे पर हस्ताक्षर करना भूल गया जिसको लेकर व्यापारी की गाड़ी नोएडा में दो दिन से खड़ी है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन लाल अरोड़ा ने कहा कि जीएसटी के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न निचले स्तर पर ज्यादा होता है ऊपर के अधिकारी तो व्यापारी की सहायता की भावना से काम करते हैं किंतु नीचे के अधिकारी न कोर्ट के डायरेक्शन मानते हैं न ही उच्च अधिकारियों के निर्देश अधिकारियों को गाड़ी पकड़ने का टारगेट सेट करके दिया गया जिससे अधिकारी सही व्यापारी को भी किसी न किसी कानून के पचड़े में फंसा कर अपना शिकार बना लेते है और व्यापारी की गाड़ी पकड़ कर सीज कर देते हैं इसको तत्काल रोका जाना चाहिए। कानपुर मार्बल एंड टाइल्स एसोसिएशन अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारी यदि गलती करता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाता है और जब अधिकारी गलती करता है तो अधिकारी पर कोई दंड या जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाता अधिकारी हो या व्यापारी दोनों के साथ एकसमान व्यवहार ही किया जाना चाहिए, वैट की पुरानी नोटिस अभी तक भेजी जा रही हैं जिससे व्यापारी परेशान है पीड़ित है। स्वर्णकार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकुल वर्मा ने कहा कि स्थानीय स्तर पर कितने रुपए के माल पर बिल की आवश्यकता ज्वैलर्स व्यापारियों को है इस संबंध में व्यापारियों को जानकारी दें इसके अलावा जो नए नए एमेंडमेंट होते हैं उन एमेंडमेंट से व्यापारियों को अवगत कराते हुए व्यापारियों को जीएसटी कानून और उनके संशोधनों से अपग्रेड रखा जाए जागरूकता अभियान चलाया जाए। किशोर सक्सेना ने कहा कि जीएसटी का असेसमेंट भी इनकम टैक्स की तरह हर तीन चार या छह माह में किया जाना चाहिए इसके अलावा व्यापारियों के करोड़ों रुपए रिफंड के रूप में विभाग में फंसे हुए हैं जिसको व्यापारियों को रिफंड किया जाना चाहिए, इसके अलावा लोहे स्क्रैप की गाड़ियों का कांटा होने के बाद ही बिल और इनवॉइस बनता है किन्तु जीएसटी के अधिकारी कांटे से पूर्व ही गाड़ी पकड़ लाते हैं। कानपुर कपड़ा कमेटी अध्यक्ष अमित दोसर ने कहा कि कपड़ा बाजार के छोटे व्यापारियों की गाड़ी पकड़ कर उनको रोके रखा जाता है जिसमें कोई बड़ी खामियां भी नहीं होती किंतु ड्राइवर, ट्रांसपोर्टर और व्यापारी सबका भारी नुकसान होता है जिस कारण से बाजार में बाहर के व्यापारी ऑर्डर तक कैंसिल करने लगे हैं जीएसटी यदि इसी तरह उत्पीड़न करेगा तो शहर से व्यापार समाप्त हो जाएगा इस उत्पीड़न को रोकने के लिए यह बैठक एक सार्थक बैठक के रूप में साबित होगी और निश्चित रूप से व्यापारियों को राहत मिलेगी। सभी व्यापारियों की बात सुनकर विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने जीएसटी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी छोटी मानवीय या तकनीकी त्रुटि पर किसी भी व्यापारी गाड़ी नहीं पकड़ी जानी चाहिए, इसके अलावा हर महीने के दूसरे मंगलवार को दोपहर 01 से 03 बजे तक जीएसटी कार्यालय में इसी प्रकार की बैठक आयोजित की जाएगी, विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रिफंड व्यापारियों के पास समय से पहुंच जाना चाहिए जितना लेट रिफंड होगा उतना ही ब्याज व्यापारियों को अधिकारियों द्वारा दिया जाएगा और रिफंड देने में जिस अधिकारी की लापरवाही सामने आएगी उसके वेतन से रिफंड का ब्याज काटा जाएगा, इसके अलावा विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कानपुर महानगर में किसी भी प्रकार से व्यापारी समाज के उत्पीड़न नहीं होना चाहिए व्यापारियों के साथ जीएसटी अधिकारी आपसी तालमेल और सामंजस्य बनाकर कार्य करें किसी भी व्यापारी को अनैतिक रूप से परेशान न किया जाए इसके अलावा यदि दिशा निर्देशों के पालन में लापरवाही आती है तो प्रमुख सचिव स्तर एवं मुख्यमंत्री जी से मिलकर शिकायत की जाएगी व्यापारियों का हित सरकार की मंशा है और सरकार की प्राथमिकता है इसी अनुरूप अधिकारियों को काम करना चाहिए ताकि सरकार की मंशा ग्राउंड लेवल पर सफल हो और व्यापारी समाज एक बेहतर माहौल में अपना व्यापार कर सके। क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता द्वारा व्यापारियों की समस्याओं से जुड़ा पत्र भी विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक को सौंपा गया। क्षेत्रीय संयोजक बीजेपी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ विनोद गुप्ता की शिकायत पर विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक के निर्देशन पर एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 02 ने तत्काल नोएडा में संबंधित अधिकारी को फोन किया और पीड़ित व्यापारी की सहायता हेतु कहा जिस पर नोएडा के अधिकारी द्वारा तत्काल कानपुर के पीड़ित खिलौना व्यापारी की गाड़ी छोड़ने हेतु आदेश किया गया। प्रमुख रूप से उपस्थित - रोशन लाल अरोड़ा, अमित दोसर, किशोर सक्सेना, मुकुल वर्मा,संजय त्रिवेदी, पवन दुबे, रामजी शुक्ला, महेंद्र गुप्ता, रामेश्वर लाला, ज्ञानेश मिश्रा, सरदार गुरजिंदर सिंह, राकेश सिंह, कृपाशंकर त्रिवेदी, रोमी सिंह, सत्यप्रकाश जायसवाल आदि।

## बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन ने रामलीला मैदान यज्ञशाला को बना दिया कूड़ा घर




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर नगर पालिका प्रशासन की देखरेख में जीटी रोड नगर पालिका कार्यालय के रोड के दूसरी तरफ रामलीला मैदान का यज्ञशाला है जहां पर पिछले कई वर्षों से यज्ञशाला के समीप ही कूड़ा करकट सफाई कर्मचारी ठेलिया सहित पलट देते हैं और चले जाते हैं इस कूड़ा ठेलिया भी पड़ी रहती है सोमवार दोपहर 11ः00 बजे कूड़ा धू-धू कर जल रहा था उसी में दो लोहे की ठेलिया भी पड़ी हुई थी और वहीं पर गोवंश भी अपना पन्नी खा कर पेट भर रहे थे है जिसको देर सवेर उठाया जाता है जब उठाने वाले लोग नहीं आते हैं तो कूड़ा जला दिया जाता है। दुकानदारों ने बताया कि जानबूझकर यहां कूड़ा जला किया जाता है और कूड़ा जब उठाया जाता है तो बाद में ठेलिया वाले सफाई कर्मचारी यहां पर फिर जमा कर देते हैं जिसको पूरा दिन गोवंश में भोजन तलाश करते रहते हैं और इस पर लेटे रहते हैं दुर्गंध इतनी ज्यादा उड़ती है की दुकान पर ग्राहकों का पहुंचना कठिन हो जाता है और जो कूड़ा जला दिया जाता है तो 100 मीटर तक धुएं के गुब्बार घरों में और दुकानों में घुस जाते हैं जिससे दुकानदार मुंह ढख कर ही बैठे हैं।

नगर पालिका प्रशासन और सभासदों की खींचतान के चलते यह कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है सभासद का कहना है कि मैं कई बार शिकायत कर चुका हूं लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं।

### छह ट्रेनें आठ घंटे तक रहीं लेट, गर्मी में परेशान हुए यात्री

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** ट्रेनों की लेटलतीफी लगातार जारी है। इससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सोमवार को भी छह ट्रेनें तीन से आठ घंटे की देरी से सेंट्रल स्टेशन पहुंची। 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल आठ घंटे, 02563 बरौनी-नई दिल्ली छह घंटे, 04059 खुर्दा रोड-नई दिल्ली स्पेशल छह घंटे, 02398 आनंद विहार-गया स्पेशल 3ः30 घंटे, 04087 पटना-नई दिल्ली स्पेशल 3ः30 घंटे और 02398 आनंद विहार-गया स्पेशल तीन घंटे लेट रहीं। ट्रेनों का इंतजार कर रहे कई यात्री टिकट कैंसिल कराकर दूसरी ट्रेनों से गंतव्य के लिए रवाना हुए।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरे युवक की हालत गंभीर





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

रेस्टोरेंट से घर लौट रहे दो युवकों की बाइक में रविवार रात 100 की स्पीड से दौड़ रही कार ने रेव थ्री चौराहे के पास पीछे से टक्कर मार दी। वीआईपी रोड पर हुए हादसे में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार उछलकर कई फीट दूर गिरे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हैलट अस्पताल पहुंचाया। वहां एक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। रानीघाट पुराना कानपुर निवासी सिक्योरिटी गार्ड अशोक कुमार निषाद का बेटा आदित्य कुमार निषाद (23) सिविल लाइंस स्थित वाइब रेस्टोरेंट एंड लांज में काम करता था। रविवार रात करीब डेढ़ बजे वह क्षेत्र के रहने वाले रेस्टोरेंट के शेफ रवि के साथ बाइक से घर लौट रहा था। बाइक रवि चला रहा था जबकि आदित्य पीछे बैठा था। अभी दोनों वीआईपी रोड पर रेव थ्री चौराहे के पास पहुंचे ही थे कि परमट से कंपनी बाग चौराहे की तरफ जा रही तेज रफ्तार हॉन्डा अमेज कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार उछलकर काफी दूर गिरे और बाइक घिसटते चली गई। कार चालक तो मौके से कार लेकर भाग निकला लेकिन कार की नंबर प्लेट घटनास्थल पर ही टूटकर गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार 100 से ज्यादा थी। वहां से निकल रहे कार सवारों की सूचना पर पहुंची कोहना पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने आदित्य को मृत घोषित कर दिया।

वहीं रवि के पैर, कूल्हा और हाथ टूट गया। हादसे की सूचना घर पहुंची तो दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने आदित्य का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आदित्य के हाथ, पैर, पीठ सिर में करीब एक दर्जन के आसपास चोटें मिली। अधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई है। इंस्पेक्टर कोहना अवधेश कुमार ने बताया कि नंबर प्लेट के आधार पर आरोपी गाड़ी के बारे में पता लगाया जा रहा है।

## पिता के मकान से बड़ी बहन को निकाल छोटी बहन ने किया कब्जा



बड़ी बहन खुले आसमान के नीचे काट रही रात

- **वह तीन दिन से घर के बाहर ही चूल्हा रखकर बच्चों के लिए खाना बना कर बच्चों का भरण पोषण कर रही है।**

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

माता पिता की मौत के बाद छोटी बहन ने बड़ी बहन के परिवार को मारपीट कर घर से बाहर दिया अब बड़ी बहन अपने बच्चों के साथ घर के बाहर ही अपने दिन काट रही है। बड़ी बहन ने पुलिस से शिकायत की है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। पीड़िता रितु ने बताया कि वह मसवानपुर हसनपुर निवासी है। उसके पिता गंगाराम और मां शकुंतला की हाल ही के महीनों में मौत हो गई है। वह दो बहने हैं। छोटी बहन का नाम शीलू है। वह और छोटी बहन शादीशुदा हैं चूंकि उसके भाई नहीं है इसलिए छोटी बहन का परिवार और उसका पिता के ही घर में रहता है। माता किता के गुजर जाने के बाद छोटी बहन शीलू और उसके पति संतोष ने उसे और उसके परिवार को जबरन घर से बाहर निकाल दिया। वह अपने पति धर्मराज, चार छोटी बेटियों और एक विकलांग पुत्र के साथ घर के बाहर गुजर बसर करने को मजबूर है। वह तीन दिन से घर के बाहर ही चूल्हा रखकर बच्चों के लिए खाना बना कर बच्चों का भरण पोषण कर रही है। उसने पुलिस से लिखित शिकायत की है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

## दूल्हे की करतूतों को देख दुल्हन ने किया शादी से इनकार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



घाटमपुर के रेउना थाना क्षेत्र के शाखा जनवारा में रविवार की शाम के बजाए बरात सोमवार सुबह चार बजे पहुंचने से दुल्हन व उसके परिजन नाराज हो गए। इस पर उन्होंने शादी से इनकार कर दिया। लेनदेन को लेकर कई घंटे पंचायत चलने पर नतीजा नहीं निकला तो पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया।

कानपुर देहात के बारा गांव से शिवपाल के बेटे आकाश की बरात शाखा जनवारा में रहने वाले प्रेम बाबू के यहां रात के बजाय दूसरे दिन सुबह पहुंची। इस दौरान देरी करने के जिम्मेदार दूल्हे की करतूतों की जानकारी होने पर दुल्हन रीना ने शादी से इनकार कर दिया। दुल्हन के शादी से इनकार में घर वालों के शामिल होने पर जनातियों ने बारातियों को बंधक बना लिया। बात बिगड़ने पर कई बराती मौका लगाकर खिसक लिए। कई घण्टों तक चली पंचायत के बाद भी बात न बनने तथा शादी के लिए किए गए लेन देन को वापस लौटाने को लेकर पंचायत चलती रही। जिसकी जानकारी मिलने पर रेउना चौकी प्रभारी प्रेम कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच बात बनते न देख सुबह थाने बुलाया जहां दोनों पक्षों के बीच अभी पंचायत चल रही है।

### समय से पहुंचेगा मानसून, 11 से बदलेगा हवाओं का रुख

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** मानसून के समय से कानपुर परिक्षेत्र में पहुंचने की उम्मीद है। अभी उत्तर पश्चिमी हवाओं के रास्ता काटने की वजह से बिहार और बंगाल के सरहद वाले इलाके में ठिठका हुआ है।

मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि 11-12 जून से मानसून फिर रफ्तार पकड़ सकता है। इसके साथ अरब सागर से आ रहीं हवाएं भरपूर नमी लेकर आ रही हैं। इसकी वजह से बादल बनते रहेंगे और तेज हवाएं चलेंगी, जिससे अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी नहीं होगी, लेकिन उमस बनी रहेगी। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि चक्रवाती हवाओं के घेरे बने होने के कारण हवाएं उस तरफ खिंच जा रही हैं। इसके अलावा रूस में भी बड़ा चक्रवाती घेरा बना हुआ है। यह भी हवाओं को खींच रहा है। इस वजह से मानसून रुक गया है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनते ही मानसून फिर रफ्तार पकड़ लेगा। इसके अलावा उत्तर-पश्चिमी हवाएं आ रही हैं।

जब पश्चिमी हवाएं आती हैं तो अपने साथ राजस्थान के थार मरुस्थल की गर्मी लेकर आती हैं।

## बंद मकान का ताला तोड़कर दो लाख की चोरी




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सेन पश्चिम पारा में शनिवार रात चोरों ने किसान के बंद पड़े मकान से नकदी और जेवर समेत करीब दो लाख रुपये का माल चोरी कर लिया। पीड़ित ने पुलिस से घटना की सूचना दी है। परसौली गांव निवासी किसान प्रेम सिंह शनिवार शाम परिवार के साथ रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे। पत्नी शेषकुमारी ने बताया कि वह मकान में ताला बंदकर घर की चाबी पड़ोसी अमर सिंह को दे गई थीं।

रविवार देर शाम घर लौटने पर देखा कि मेनगेट और कमरों के ताले टूटे पड़े हैं। अलमारी व बक्सों का सामान बिखरा पड़ा है। बक्से में रखे साढ़े सात हजार रुपये व करीब दो लाख के जेवर चोरी हो गए। जरूरी कागजात भी गायब थे। उन्होंने पड़ोसी अमर सिंह से घटना के बारे में पूछा तो, उन्होंने ठीक से जवाब नहीं दिया। सेनपश्चिम पारा थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने बताया कि घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## हैदराबाद के कारोबारी से 1.98 करोड़ की साइबर ठगी करने वाला कानपुर से गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

तेलंगाना राज्य के हैदराबाद निवासी कारोबारी से 1.98 करोड़ रुपये की साइबर ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने जूही लाल कालोनी से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अमर शर्मा के रूप में हुई है। तेलंगाना पुलिस की टीम उसे लेकर रविवार सुबह रवाना हो गई। जानकारी के अनुसार हैदराबाद के गांधीनगर निवासी बड़े कारोबारी जी वेंकट रेड्डी से तीन मार्च को साइबर ठगों ने फेसबुक के माध्यम से संपर्क किया। ऑनलाइन निवेश में ज्यादा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देने वाला मैसेज भेजा। साइबर ठगो के जाल में फंसकर रेड्डी ने धीरे-धीरे बताए गए ट्रेडिंग अकाउंट में 1.98 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया। निवेश की रकम निकालने की कोशिश करने पर ठगों ने उनका अकाउंट बंद कर दिया। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तेलंगाना पुलिस के दरोगा अभिषेक के मुताबिक वारदात में पांच आरोपी शामिल थे।

इसमें एक आरोपी निखिल को दिल्ली से गिरफ्तार किया जा चुका है। उसी की निशानदेही पर अमर शर्मा की तलाश में टीम किदवई नगर पहुंची। पूछताछ में अमर ने ठगी की बात कुबूल की है। गैंग के अलग-अलग शहरों में रह रहे तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

## शोध में सामने आए तथ्य : कोरोना का दंश... साल भर तक न स्वाद, न सुगंध

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कोरोना ने पुरुषों की गंध अनुभूति पर अधिक असर डाला। संक्रमण ठीक होने के एक से सवा साल तक रोगियों के सूंघने की क्षमता प्रभावित रही है। उन्हें अच्छी और खराब दोनों तरह की खुशबू पता न चली। इसके साथ ही जीभ की टेस्ट बड्स प्रभावित होने से खाने के स्वाद का भी मजा नहीं मिला। यह तथ्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नाक, कान, गला रोग विभाग के एक अध्ययन में पता चला है।

इस अध्ययन में कोरोना से ठीक हो गए 50 रोगियों को शामिल किया गया। इनकी जांच में पाया गया कि कोरोना संक्रमण के कारण ओल्फेक्टरी सेंसेशन प्रभावित हुआ। नाक, कान, गला रोग विभाग के इस अध्ययन 28 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल रहीं। कोरोना संक्रमण जब ठीक हुआ तो इसके प्रभाव की जांच की गई। इसमें पाया गया कि नाक के ऊपरी और मस्तिष्क के निचले हिस्से के बीच संक्रमण का प्रभाव आया। यहीं से तंत्रिकाएं नाक के गंध अनुभूति क्षेत्र से होकर मस्तिष्क में जाती हैं। जब तंत्रिकाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा तो गंध का मैसेज मस्तिष्क पहुंचने में बाधित हुआ। इससे व्यक्ति को गंध आनी बंद हो गई। गंध अनुभूति क्षेत्र जब प्रभावित होता है तो इसका प्रभाव टेस्ट बड्स पर आता है। इससे स्वाद पता चलने की प्रक्रिया भी बाधित होने लगती है। यह शोध विभागाध्यक्ष डॉ. एसके कनौजिया और डॉ. अमृता श्रीवास्तव की देखरेख में डॉ. काजी साकिब ने किया। डॉ. साकिब ने बताया कि कोरोना संक्रमण कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होने लगती हैं। ओल्फेक्टरी एपीथीलियम पर असर आता है।

उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण से सबसे अधिक पुरुष प्रभावित हुए। कुछ को छोड़कर बाकी के सूंघने की क्षमता 12 से 14 महीने के बीच सामान्य हो गई। इसके अलावा मोटापाग्रस्त और कमजोर सेहत वाले लोगों पर कोरोना संक्रमण का अधिक असर हुआ। महिलाओं के मासिक धर्म के चरणों पर अधिक असर नहीं हुआ।

## नमी ने निकाली नौतपा की गर्मी, पारा 40 तक नहीं पहुंचा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

तीन साल के बाद इस बार नौतपा नहीं तपा। नौतपा के आठ दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंच पाया। सामान्य औसत से अधिकतम तापमान इस दौरान कम रहा है। अधिकतम तापमान कम रहने और माहौल में नमी रहने की वजह से लू तो नहीं चली लेकिन उमस भरी गर्मी ने शहरियों को बेहाल किया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जिस साल नौतपा नहीं तपता उस बार मानसून तो जल्दी आ जाता है लेकिन बारिश ढंग की नहीं होती। बारिश न होने से धान की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस बार नौतपा के दौरान 5.6 मिमी बारिश भी हुई है।

सीएसए के मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2022 से वर्ष 2024 तक नौतपा में तपन रही है। इसके पहले वर्ष 2021 में नौतपा नहीं तप पाए। 31 मई वर्ष 2021 को 54 मिमी बारिश भी हुई थी। इसके अलावा बीच में बूंदाबांदी होती रही है। उन्होंने बताया कि नौतपा न तप पाने पर मानसून पहले जरूर आ जाता है लेकिन बारिश उस स्तर की नहीं हो पाती। नौतपा के आठ दिनों में तापमान 40 डिग्री नहीं पहुंच पाया। इस बीच सबसे अधिक तापमान 39.9 डिग्री 30 मई को रहा है। यह सामान्य औसत से 0.9 डिग्री कम था। सीएसए के मौसम विभाग ने चार और पांच जून को तेज हवा और गरज-चमक के साथ स्थानीय स्तर पर बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। बता दें कि नौतपा में 40 से 43 डिग्री तक तापमान अमूमन जाता है।

मानसून केरल तक पहुंच गया है लेकिन बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बन जाने के कारण हवाओं का रुख उस तरफ हो गया है। इससे मानसून धीमा पड़ा है। पहले यह अनुमान लगाया जा रहा था कि मानसून 15 जून तक कानपुर परिक्षेत्र में दस्तक दे देगा लेकिन अब इसके 20 जून तक पहुंचने की उम्मीद है। मौसम तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि हवाओं का रुख बदलने की वजह से मानसून की गति थोड़ी सुस्त हुई है।

### पीएम ने नहीं डाली लाल इमली पर रोशनी, मिल चलने की उम्मीद हुई धुंधली

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** ब्रिटिश इंडिया कॉरपोरेशन (बीआईसी) के अधीन संचालित होने वाली लाल इमली मिल चलने की उम्मीद धुंधली पड़ रही है। प्रधानमंत्री से उम्मीद लगाए बैठे लाल इमली मिल कर्मचारी निराश हैं। शहर आए प्रधानमंत्री ने कानपुर के चमड़ा, एमएसएमई पर बात की लेकिन मिल के संबंध में कुछ भी नहीं कहा। पिछले साल अगस्त में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल चलाने के लिए पैकेज देने की घोषणा की थी। इससे उम्मीद जगी थी कि जल्द ही मिल चलने लगेगी। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा। अब तक कोई पैकेज घोषित भी नहीं किया गया है

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# कलंक नहीं, जीवन की मजबूरी का नाम है सेक्स वर्क

**जो इस पेशे में रहना चाहते हैं, उन्हें गरिमा के साथ जीने का हक मिले। जो इससे बाहर निकलना चाहते हैं, उन्हें शिक्षा, रोजगार और सम्मानजनक जिंदगी का रास्ता दिखे। उनके बच्चों को समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का मौका मिले, बिना किसी भेदभाव के। भारत में संगठन जैसे दुरबार महिला समन्वय समिति और संवेदना इस दिशा में काम कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर एनएसडब्ल्यूपी जैसे संगठन यौनकर्मियों के अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे हैं। 2024 में अंतर्राष्ट्रीय सेक्स वर्कर दिवस पर कई ऑनलाइन और ऑफलाइन अभियान चले।**

*जब समाज की रोशनी केवल मंचों और महलों तक सीमित रह जाए, तब उसकी असली पहचान अंधेरे कोनों में पनपती है – वहीं जहां हाशिए पर खड़ी आत्माएं अपना अस्तित्व बचाने की जद्दोजहद कर रही होती हैं। सेक्स वर्कर (यौनकर्मी) –जो रात की चुप्पियों में अपने हक़ और गरिमा के लिए लड़ते हैं – क्या हमने उन्हें इंसान की तरह देखा है, या बस एक कलंक की तरह? क्या हमने कभी उनकी ख़ामोश निगाहों में वो चीखें सुनी हैं, जो समाज की बेरुख़ी पर सवाल उठाती हैं? 2 जून – अंतर्राष्ट्रीय सेक्स वर्कर दिवस – सिर्फ एक तारीख नहीं, यह एक दस्तक है हमारे ज़मीर पर। यह दिन हमें याद दिलाता है कि इंसानियत का असली इम्तिहान तब होता है, जब हम सबसे अदृश्य और सबसे उपेक्षित को भी उतनी ही इज़्ज़त देते हैं, जितनी खुद को। यह दिवस हमें उन कहानियों की ओर मोड़ता है जिन्हें सुनने की हमने कभी फुर्सत नहीं ली – पर जो हमारे समाज की असली नींव हैं। 1975 का वह दिन, जब फ्रांस के लियोन शहर में सेंट-निज़एर चर्च की सीढ़ियों पर करीब सौ यौनकर्मियों ने पुलिसिया अत्याचार, हिंसा और सामाजिक तिरस्कार के खिलाफ आवाज बुलंद की, इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। वह सिर्फ एक धरना नहीं था; वह एक क्रांति की शुरुआत थी। वह उन औरतों, पुरुषों और ट्रांसजेंडरों की चीख थी, जिन्हें समाज ने 'पाप' का ठप्पा लगाकर अदृश्य कर दिया। तब से 2 जून दुनियाभर में यौनकर्मियों के संघर्ष, उनकी गरिमा और उनके अधिकारों की प्रतीक बन गया। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सेक्स वर्क, चाहे मजबूरी हो या पसंद, एक पेशा है। यह श्रम है, जीवटता है, और सबसे बढ़कर, यह इंसानियत की कहानी है। भारत में यौनकर्मियों की जिंदगी किसी युद्ध से कम नहीं। एक अनुमान के मुताबिक, देश में 8-10 लाख यौनकर्मी हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और ट्रांसजेंडर हैं। इनमें से कई लोग गरीबी, मानव तस्करी या सामाजिक दबाव के कारण इस पेशे में धकेल दिए जाते हैं। 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में सेक्स वर्क को पेशा माना, सहमति से काम करने वालों को पुलिस उत्पीड़न से बचाने और सम्मान देने की बात कही। लेकिन हकीकत में, कानूनी अस्पष्टता और सामाजिक तिरस्कार के बीच यौनकर्मी आज भी फंसे हैं। इम्मोरल ट्रैफिक प्रिवेंशन एक्ट (आईटीपीए) 1956 जैसे कानून, जो वेश्यालय चलाने या सार्वजनिक स्थानों पर ग्राहक ढूंढने को अपराध मानते हैं, यौनकर्मियों को छिपकर काम करने को मजबूर करते हैं। इस छिपाव में उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य सब दांव पर लग जाता है। स्वास्थ्य सेवाओं की कमी यौनकर्मियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) के 2020 के आंकड़ों के अनुसार, यौनकर्मियों में एचआईवी प्रसार दर 1.85त्न थी, जो सामान्य आबादी (0.22त्न) से कहीं ज्यादा है। फिर भी, मुफ्त स्वास्थ्य जांच, दवाइयां या परामर्श की सुविधा तक उनकी पहुंच सीमित है। इसके अलावा, उनके बच्चों को स्कूलों में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। एक अध्ययन के मुताबिक, 70त्न से ज्यादा यौनकर्मियों ने अपने पेशे के कारण हिंसा झेली है – चाहे वह पुलिस का डंडा हो, ग्राहकों का क्रूर व्यवहार हो, या समाज का ठंडा तिरस्कार। यह हिंसा सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक भी है। यौनकर्मियों के लिए सिर्फ कानूनी मान्यता ही काफी नहीं। उन्हें चाहिए एक ऐसी व्यवस्था, जो उन्हें सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और पुनर्वास के अवसर दे।*

## एक्सप्रेस आलेख

**नई शिक्षा नीति शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण को एक महत्वपूर्ण लक्ष्य स्वीकार करती है। पढ़ने के लिए क्रेडिट व्यवस्था के तहत विदेशी अध्ययन के आन लाइन पाठ्यक्रम को भी मान्यता दी जाएगी। प्रत्येक विश्वविद्यालय में अंतराष्ट्रीय मामलों की देखरेख के लिए अधिकारी सुनिश्चित करेंगे तथा प्राचीन छात्र संगठन भी स्थापित होंगे। अकादमिक सहयोग के लिए ट्विनिंग, ज्वाइंट और डुअल डिग्री की संभावनाओं को हकीकत में लागू करने, प्रतिष्ठित विद्वानों को बुलाने, अकादमिक नेतृत्व के लिए प्रशिक्षण, विदेशी छात्रों को पूर्वनिश्चित संख्या से आगे जाकर प्रवेश देने का प्रावधान कुछ ऐसे उपाय अपनाने की बात है जो भारतीय शिक्षा को वैश्विक रूप दे सकेंगे।**

# उच्च शिक्षा के लिए विदेशी विश्वविद्यालयों की पहल



गिरीश्वर मिश्र

**परीक्षा और मूल्यांकन की लचीली व्यवस्था और नौकरी की अधिक संभावना इन विदेशी डिग्रियों को मूल्यवान बनाते हैं। आज ज्ञानकर्मियों की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता या आवाजाही के कारण विदेशी डिग्री की मांग तेजी से बढ़ रही है। ताजे आंकड़े बताते हैं कि तेरह लाख से कुछ ज्यादा भारतीय छात्र विदेश में गए और लगभग पचास हजार विदेशी छात्र भारत आए।**

आकार की दृष्टि से आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी शिक्षा व्यवस्था है जिसमें लगभग 44 हजार उच्चशिक्षा के संस्थानों और देशी संस्थाओं के साथ एक विशाल व्यवस्था खड़ी हो चुकी है। इनमें 1115 विश्वविद्यालय या उसी तरह के संस्थान हैं। भारत देश की जनता की औसत आयु 29 वर्ष के करीब आंकी गई है। इस दृष्टि से यह एक युवा देश है और वह एक गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा का हकदार है। उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाना कई कारणों से देश की आवश्यक आवश्यकता बन चुका है। तभी युवा देश होने का लाभ या डेमोग्राफ़िक डिविडेंड मिल सकेगा। इस संदर्भ में यह भी गौरतलब है कि उच्च शिक्षा का भारतीय अतीत निस्संदेह रूप से अत्यंत गौरवशाली रहा है। यहां के विद्याकेंद्र शिक्षण, शोध और अध्यापन की दृष्टि से विश्वस्तरीय मानदंड वाले थे और विश्व गुरु का दर्जा कोई कपोल कल्पना नहीं थी। यहां शिक्षा में नवाचार भी होते थे। इन उत्कृष्ट संस्थानों की गुणवत्ता से आकर्षित हो कर अन्य देशों से भी विद्यार्थी आते थे। नालंदा और तक्षशिला ऐसे ही विश्वविश्रुत शिक्षाकेंद्र थे जहां अनेक विषयों की शिक्षा दी जाती थी। यह व्यवस्था निश्चित रूप से बहुशास्त्रीय और अंतर अनुशासनिक (मल्टी और इंटरडिसिप्लिनरी) शिक्षा थी जिसकी आजकल बड़ी गूंज है। कालांतर में अनेक दुष्प्रभावों के बीच यह व्यवस्था छिन्न-भिन्न हुई। उसके पुरावशेष आज भी बचे हैं और ज्ञान की थाती को संजोती-दर्शाती विभिन्न विषयों की अथाह ग्रंथ-राशि भी शेष है। उल्लेखनीय है कि यह ज्ञान-परम्परा समग्रता पर जोर देती थी। भौतिक-सामाजिक ज्ञान के साथ ही पारमार्थिक ज्ञान यानी परा और अपरा विद्या, दोनों पर जोर देती थी। समग्र शिक्षा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों के लिए तैयार करती थी। निकट अतीत में अंग्रेजों की औपनिवेशिक नीति के तहत भारतीय शिक्षा ब्रिटेन की नकल करते हुए नई चाल में ढल चली। उसने भारतीय शिक्षा का हाशियाकरण किया और शिक्षा के पैमाने बदल डाले। अपनी और दूसरों की मुक्ति और कल्याण के बदले अर्थकरी शिक्षा मुख्य हो गई। वित्त ही मुख्य होता गया और उसी के जाल में हम फँसते गए। स्थिति बिगड़ती गई। स्वतंत्र भारत में भी ढांचा वही रहा और शिक्षा को नीति में वह वरीयता न मिल सकी जिसकी उसे दरकार थी। शिक्षा के संचालन में समझौते दर समझौते होते गए और ढांचा मूलतः विदशी जिसे सार्वभौमिक करार दिया गया। ऐसे में शिक्षा की गुणवत्ता तथा अपने देश के लिए प्रासंगिकता घटती गई। आज विद्यार्थियों और अध्यापकों के आचरण को लेकर कई प्रश्न खड़े हैं। अयोग्य डिग्रीधारी या शिक्षित बेरोजगार बढ़ने लगे। शिक्षा के परिसर प्रदूषित होने लगे। आज की घोर वास्तविकता यही है कि समकालीन उच्च शिक्षा अनेक दुविधाओं और अंतर्विरोधों से ग्रस्त है। वह गुणवत्ता, समता, समावेशिकता, सांस्कृतिक दृष्टि से प्रासंगिकता और उपलब्धता



**भारतीय उच्च शिक्षा कई तरह से अंतरराष्ट्रीय बनाने का प्रावधान है। वैश्विक स्तर का अनुभव वह भी किफ़ायती दर पर शिक्षा को वैश्विक रूप से प्रासंगिक बना सकेगा बशर्ते छात्रों और अध्यापकों के आदान-प्रदान के अवसर बढ़ाने, शोध और अध्यापन में आपसी सहयोग का अवसर बनाने और आधार संरचना सुदृढ़ करने की ईमानदार कोशिश की जाए।**

की विकराल चुनौतियों से जूझ रही है। ज्ञान कहीं का हो आदरणीय है पर यदि वह हमारे अस्तित्व को ख़तरे में डाले तो विचार करने की जरूरत पड़ती है। अब खबर गर्म है कि विदेशी विश्वविद्यालय के उपग्रह भारत में ज्ञान का प्रकाश फैलाएंगे। वैसे आज भी भारत की उच्च शिक्षा की धुरी मूलतः अमेरिका और ब्रिटेन में ही है। ज्ञान की विषयवस्तु, परिधि, प्रकार और प्रक्रिया में वे बड़ी भूमिका निभाते आ रहे हैं पर वह बहुतों को नाकाफी लगती है। परिणाम यह होता है कि हजारों की संख्या में विद्यार्थी उच्च शिक्षा पाने के लिए अकेले अमेरिका जाते हैं। अब विदेशी विश्वविद्यालय भारत में पहुंच कर परिसर खोल रहे हैं। विगत वर्षों में अनेक विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधिमंडल भारत में आ चुके हैं और इस देश में शिक्षाकेंद्र शुरू करने में अपनी रुचि व्यक्त कर चुके हैं। अनेक भारतीय विश्वविद्यालय भी विदेशी संस्थाओं के साथ कई तरह से सम्पर्क साध रहे हैं। इसके नियमन की मुकम्मल व्यवस्था अभी ठीक से कार्यान्वित नहीं हो सकी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कुछ नियम बना रहा है और दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। इसी तरह अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद भी कारवाई कर रही है। इस बीच देश में उच्च शिक्षा में साएर्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी काम हुई है और निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ सी आ गई है और सैकड़ों से ज्यादा डीम्ड विश्वविद्यालय अस्तित्व में आ चुके हैं। इनमें कुछ ऐसे भी हैं जो नवाचार, नई विधियों और नए पाठ्यकमों में भी रुचि ले रहे हैं। विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए आवश्यक नियम क़ानून बानाने होंगे और एक पारदर्शी व्यवस्था भी लानी होगी तभी शिक्षा में उत्कृष्टता का सपना पूरा हो सकेगा। आमतौर पर विदेश की शिक्षा देशी शिक्षा के लिए पूरक के रूप में ली जाती रही है। वैसे भी भारत में आईआईटी और आईआईएम जैसे अच्छे शिक्षा संस्थानों में सीमित अवसर होने के कारण विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों में गलाकाट प्रतिस्पर्धा चलती है। चूंकि अवसर सीमित होते हैं। बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली विद्यार्थी भी शिक्षा का अवसर नहीं पा पाते। आज युवा वर्ग की जनसंख्या बढ़ने के साथ उच्च शिक्षा की संस्थाओं पर प्रवेश देने के लिए दबाव तेजी से बढ़ रहा है पर संसाधनों की कमी से प्रवेश के लिए संस्थानों में सीटें बढ़ाना मुश्किल हो रहा है। भारतीय पाठ्यक्रम अक़्सर विषयवस्तु की दृष्टि से तो समृद्ध होते हैं परंतु अनुभव की दृष्टि से सीमित होते हैं और उनके तथा उदयोग की जरूरतों के बीच बड़ी खाई बनी रहती है। इससे विद्यार्थी के लिए भविष्य के कैरियर में बाधा पड़ती है। अमेरिकी और ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों ने भारत में परिसर खोलने में खासी रुचि दिखाई है। भारतीय छात्रों को आकर्षित करने के लिए ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा ने भी इस दिशा में पहल की है। अनेक देशों के शैक्षिक मेले भी भारत में लग रहे हैं। अच्छे विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रामाणिक पाठ्यक्रमों का देश में उपलब्ध होना उच्च शिक्षा के क्षितिज को विस्तृत करने वाला अवसर सिद्ध हो सकता है। करियर की तैयारी और उद्योग धंधों के लिए मुफीद पाठ्यक्रम चलाने के लिए विदेशी संस्थान प्रसिद्ध हैं। शिक्षा को समकालीन आवश्यकताओं से जोड़ने की जरूरत सभी अनुभव कर रहे हैं। वैश्वीकरण से शिक्षा में विविधता आएगी। दूसरी ओर विदेश जा कर पढ़ाई करने में जो अच्छी खासी रकम खर्च होती है उसमें भी बचत होगी। पर यह तथ्य भी नकारा नहीं जा सकता कि विदेशी विश्वविद्यालयों का भारत की ओर कूच करने के अभियान के मूल में बाजार प्रेरित मांग ही मुख्य है। यह कदम उच्च शिक्षा के तेजी से हो रहे व्यापारीकरण की प्रवृति को और प्रबल करने वाला होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं की सीमाओं के चलते निजी संस्थानों के पौ बारह हैं। वे विदेशी विश्वविद्यालयों से जुड़कर विदेशी डिग्री दिलाने में आगे हैं जिनकी बदौलत उनकी बाजार में पूछ भी होती है। इस तरह उच्च शिक्षा एक बिकाऊ माल होता जा रहा है। आज प्रचलित विदेशी पाठ्यक्रमों में व्यावसायिक और तकनीकी के क्षेत्रों की प्रमुखता है। उन्हीं को लेकर आपसी सहयोग अधिक दिखता है। दिल्ली में व्यापार प्रबंधन और महाराष्ट्र में होटल प्रबंधन के क्षेत्रों में विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग विशेष रूप से लोकप्रिय हो रहे हैं। ट्विनिंग प्रोग्राम अधिक सफल हैं जिनमें एक विद्यार्थी को देश और विदेश दोनों ही जगह पढ़ाई करनी होती है। यह कम खर्चीला भी होता है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 21:56 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाफाल्गुनी 24:58 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | हर्षण, 08:07 |
| सूर्योदयः | 05:25 |
| सूर्यास्तः | 19:13 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 15:46-17:30 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:55-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### घर में है बवाल !

*उथल पुथल है मचा ।*
*घर में है बवाल ।।*
*सिलसिला है जारी ।*
*जनता करे सवाल ।।*
*घटित जो स्वाभाविक ।*
*क्या इसमें कुछ चाल ?*
*दाल में कुछ काला ।*
*या काली ही दाल ?*
*है चुनावी बेला ।*
*घूम रहे हैं प्रश्न ।*
*है सचमुच तकलीफ ?*
*या पूरा ही जश्न ।।*
*लेता कोई मजे ।*
*दिखते कुछ गंभीर ।।*
*इधर उधर से लेकिन ।*
*चल रहे हैं तीर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# कोलेजन के बढ़ने पर नजर आते हैं कई संकेत, न करें अनदेखी

**कोलेजन** एक तरह का प्रोटीन होता है, जो बहुत ज्यादा मात्रा में हमारी बॉडी में पाया जाता है। हमारे शरीर में जितना प्रोटीन होता है, उसका करीब 30 फीसदी कोलेजन होता है। कोलेजन हमारी स्किन, मसल्स, हड्डियों आदि के प्राइमरी बिल्डिंग ब्लॉक्स होते हैं। अगर हमारे शरीर में पर्याप्त मात्रा में कोलेजन न हो, तो कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं, जैसे जोड़ों में दर्द, नाखूनों का टूटना, बालों का कमजोर होकर झड़ना आदि। कोलेजन कई प्रकार के होते है। शरीर में कई तरह के कोलेजन होते हैं, जो शरीर के अलग-अलग हिस्सों में पाया जाता है। शरीर में कोलेजन की कमी न हो, इसके लिए एनिमल प्रोडक्ट्स अच्छे विकल्प होते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि जिस तरह कोलेजन की मात्रा में कमी आ सकती है, उसी तरह कोलेजन की मात्रा बढ़ भी सकती है। कोलेजन की मात्रा बढ़ने से भी कई तरह शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जैसे जोड़ों में दर्द और इंटरनल ऑर्गन का प्रभावित होना।

**स्किन प्रॉब्लम:** पर्याप्त मात्रा में कोलेजन होने पर स्किन शाइनिंग और ग्लोइंग होती है। वहीं, अगर स्किन शरीर में कोलेजन का स्तर बढ़ जाता है, तो स्किन पर इसके नेगेटिव असर पड़ता है। जैसे कोलेजन बढ़ने के कारण स्किन ज्यादा डार्क हो जाती है



और स्किन कॉम्प्लेक्शन भी लाइटर हो जाता है। इसके शुरुआती संकेतों की बात करें, तो कोलेजन बढ़ने पर त्वचा में सूजन आ जाती है और खुजली होने लगती है।

**जोड़ों में दर्द:** जब शरीर में कोलेजन की मात्रा बढ़ जाती है, तो इसकी वजह से जोड़ों में दर्द होने लगता है, अकड़न आ जाती है। यहां तक कि कोलेजन की मात्रा बढ़ने पर हड्डियों में अकड़न होने लगती है। ऐसा खासकर, उंगलियों, पैरों और हाथों में हो सकता है। कई बार मरीज अपनी कंडीशन को समझ नहीं पाता है और इसे अर्थराइटिस या अन्य हड्डियों से जुड़ी समस्याओं से जोड़ने लगता है।

**इंटरनल ऑर्गन पर असर:** कोलेजन की मात्रा बढ़ने से इंटरनल ऑर्ग पर बुरा असर पड़ सकता है। खासकर, जब कोलेजन बढ़ता है, तो व्यक्ति को निगलने में दिक्कत आती है, सीने में जलन हो सकती है, सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। यहां तक कि कोलेजन बढ़ने के कारण किडनी से संबंधित समस्या भी हो सकती है।

पाचन संबंधी परेशानी

जब कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ जाता है, तो इस स्थिति में हार्ट बर्न, ब्लोटिंग जैसी दिक्कतें आती हैं। असल में, जब डाइजेस्टिव ट्रैक्ट और एसोफेगस में कोलेजन की मात्रा बढ़ती है, तब पाचन संबंधी समस्याएं ट्रिगर हो सकती हैं। हालांकि, ज्यादा पाचन समस्या को एक आम परेशानी मानकर इग्नोर कर देते हैं। जबकि ऐसा नहीं किया जाना चाहिए।

**सांस लेने में तकलीफ:** शायद आपको हैरानी हो कि कोलेजन एक्सेस में होने की वजह से व्यक्ति को सांस लेने में भी दिक्कत आ सकती है। सवाल है, ऐसा क्यों होता है? दरअसल, कोलेजन के ओवर प्रोडक्शन के कारण लंग में स्कार हो जाता है। इसकी वजह से खांसी, सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। यहां तक कि अगर लंग अधिक प्रभावित हो जाए, तो सीने में जकड़न जैसा भी महसूस हो सकता है।

**कोलेजन बढ़ने से क्या होता है?:** कोलेजन बढ़ने से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। कोलेजन स्किन सेल्स को अट्रैक्ट करता है, जिससे स्किन ग्लोइंग होती है। वहीं, कोलेजन के ओवर प्रोडक्शन की वजह से घाव को भरने में समय लगता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# पक्षी विलुप्त नहीं हुए, गांव में जाकर देखिए



प्रियंका सौरभ

**इस बात ने भीतर तक झकझोर दिया। क्या सचमुच ये पक्षी विलुप्त हो रहे हैं, या हम ही उन जगहों से विलुप्त हो गए हैं जहां जीवन और प्रकृति एकसाथ सांस लेते हैं? गांव की यह बालकनी एक खिड़की बन गई थी–केवल बाहर देखने की नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की।**

**यह लेख एक आग्रह है–खुद से, और आप सबसे भी। गांवों में जाइए, खुली हवा में सांस लीजिए, चिड़ियों की आवाज पहचानिए। बच्चों को उनके नाम सिखाइए और महसूस कीजिए कि जीवन केवल इनसानी शोर में नहीं, चहचहाहट में भी होता है। शहर हमें ऊंचाई देता है, पर गांव गहराई देता है। शहर विकास की दौड़ है, गांव विरासत की गोद। और सबसे जरूरी बात–ये पक्षी विलुप्त नहीं हुए हैं।**

**शहर** की चमचमाती सड़कों, ऊंची इमारतों और बंद खिड़कियों के पीछे जब हम जीवन को व्यस्तताओं की कैद में जी रहे होते हैं, तब कहीं दूर गांवों की बालकनी में जीवन अब भी खुले आकाश के नीचे सांस ले रहा होता है। वहां सुबहें अब भी चिड़ियों की चहचहाहट से शुरू होती हैं, दोपहरें कोयल की तान से सजी होती हैं, और रातें उल्लुओं की टेर में गूंजती हैं। यह एक गांव की बालकनी में बैठकर महसूस किया गया जीवन है। हाल ही में गांव जाना हुआ तो एक शाम अपनी बालकनी में बैठी थी- अचानक एक चिड़िया ने ध्यान खींचा। वो जानी-पहचानी सी लगी। भूरे और सफेद रंग की, फुर्तीली और बेहद चंचल। उसे देखते ही जैसे मन के किसी कोने से आवाज आई-धौरईया! हां, यही तो कहते थे हम बच्चे जब नानी के घर आया करते थे। गर्मियों की छुट्टियों में जब पूरा कुनबा गांव में इकट्ठा होता तो आंगन में बैठकर हम सब बच्चे इन्हीं चिड़ियों के पीछे भागते। उन्हें दाना डालते और उनके नामों पर बहस करते। ये गौरैया नहीं, धौरईया है, मेरा चचेरा भाई अकड़कर कहता। शहर में रहते हुए पक्षियों की पहचान ही सीमित हो जाती है। कौआ, कबूतर, तोते और कभी-कभार गौरैया-बस यही दिखाई देते हैं। लेकिन यहां गांव में जैसे किसी भूली-बिसरी किताब के पन्ने फिर से खुल गए हों। मेरी बालकनी के सामने ही एक पेड़ है, जिस पर सुबह-सुबह मैना और बुलबुल आती हैं। दूर खेतों में मोर नाचते हैं और उनकी कूक जैसे किसी पारंपरिक संगीत का हिस्सा हो। नीलकंठ की एक झलक भी दिखती है और वो नीला रंग आंखों को ताजगी देता है। टिटहरी की टिट-टिट, जलमुर्गी की फुर्ती, कोयल की कुहू-कुहू, और तीतर की दौड़-ये सब मिलकर एक ऐसी सजीव दुनिया रचते हैं जिसे शहरों में हमने कभी ठीक से जाना ही नहीं। शहरों की भीड़ में रहते हुए हम जैसे संवेदना शून्य होते चले जाते हैं। वहां सुबह मोबाइल अलार्म से होती है, यहां मुर्गे की बांग से। वहां हवा एसी की होती है, यहां आम के पेड़ की। वहां आसमान धुंध से भरा होता है, यहां पक्षियों की उड़ान से। रात के सन्नाटे में जब गांव में दो उल्लू नियमित रूप से आकर एक पुराने नीम के पेड़ पर बैठते हैं, तो एक अलग ही एहसास होता है। शहर में उल्लू शब्द एक अपमान या अंधविश्वास से जुड़ा होता है, लेकिन यहां वो जैसे रात के शिक्षक हों-प्रकृति का संतुलन बनाए रखने वाले मौन प्रहरी। जब मैंने अपनी नानी से पूछा कि इस चिड़िया को धौरईया ही कहते थे न, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए सिर हिलाया, हां बिटिया, यही तो है। अब ये शहरों में कहां दिखती है। तुम लोग ही कहां रहते हो वहां, जो देख पाओगे। इस बात ने भीतर तक झकझोर दिया। क्या सचमुच ये पक्षी विलुप्त हो रहे हैं, या हम ही उन जगहों से विलुप्त हो गए हैं जहां जीवन और प्रकृति एकसाथ सांस लेते हैं? गांव की यह बालकनी एक खिड़की बन गई थी-केवल बाहर देखने की नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की। मुझे याद आने लगीं नानी की कहानियां। वो दोपहरें-जब पेड़ की छांव में बैठकर चिड़ियों के घोंसलों को निहारा करते थे। वो मटर के खेत जिनमें तीतर भागते थे, और वो पोखर जहां जलमुर्गियां अपने बच्चों के साथ तैरती थीं। हमारी पीढ़ी ने मोबाइल की स्क्रीन पर बर्ड इमोजी तो देखी, लेकिन उनके असली रंग नहीं। हमने गूगल पर बर्ड कॉल्स सुने, लेकिन कभी खुले आसमान के नीचे बैठकर चिड़ियों की सुबह की सभा नहीं देखी। गांव आकर यह एहसास हुआ कि जीवन की भागदौड़ में हमने वो सब पीछे छोड़ दिया है, जिसे देखकर हमारी आत्मा मुस्कुराया करती थी। पक्षी केवल उड़ने वाले प्राणी नहीं हैं, वो हमारे अतीत के हिस्से हैं। हमारे लोकगीतों, कहानियों, और भावनाओं में बसे हुए साथी हैं। कागा सब तन खाइयो, चून-चून खइयो मांस-कबीर के इस दोहे से लेकर मीराबाई की कोयल और तुलसी की चातक तक, हर पक्षी हमारी संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा रहा है। मुझे याद है जब पहली बार शहर आई थी, तो सोचती थी कि वहां की चकाचौंध ही जीवन का लक्ष्य है। लेकिन अब समझ में आता है कि रोशनी जरूरी है पर हर रोशनी सूरज नहीं होती। कुछ रोशनियां ऐसी भी होती हैं जो आंखों को चौंधिया देती हैं, पर मन को अंधेरा कर देती हैं। गांव की इस बालकनी में बैठे-बैठे एक नन्ही सी चिड़िया बार-बार आती है, कुछ पल बैठती है, फिर उड़ जाती है। उसे देखकर लगता है जैसे वो मेरी स्मृतियों में पंख लगा रही हो। हर बार जब वो उड़ती है, एक पुरानी याद हवा में तैर जाती है। हम प्रकृति से जितना दूर होते जा रहे हैं, उतना ही खालीपन हमारे भीतर बढ़ता जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक दूरी तक।

# जून माह में गन्ने की देखरेख से ही तय होगी नवंबर की मिठास: जिला गन्ना अधिकारी





■ मंगतपुर, कुकरा, मुड़िया रतनपुर व रमपुरा टाह गांवों का भ्रमण कर दी गन्ना देखभाल की सलाह

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जून का महीना गन्ना किसानों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है, यदि वे इस समय गन्ना फसल की उचित देखभाल करें। यह बात जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने गन्ना विकास परिषद् पीलीभीत के अंतर्गत आने वाले ग्राम मंगतपुर, कुकरा, मुड़िया रतनपुर व रमपुरा टाह का भ्रमण करते समय किसानों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने किसान ओमप्रकाश, चंद्रसेन, हरिशंकर मौर्य व सुरेंद्र से खेतों में जाकर वार्ता की और फसल की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

### फसल को गिरने से बचाए 'मिट्टी चढ़ाना', किल्लों की संख्या बढ़ाने में भी सहायक

जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को बताया कि जून-जुलाई के महीने में गन्ने के पौधे तेजी से ऊँचाई पकड़ते हैं। ऐसे समय में 'मिट्टी चढ़ाना' (जिसे अंग्रेज़ी में अर्थिंग-अप कहा जाता है) एक आवश्यक प्रक्रिया है। इससे पौधों को सहारा मिलता है और वे गिरने से बचते हैं। यही नहीं, यह क्रिया पौधों के आसपास नए किल्लों (छोटे गन्ने की शाखाएं) के पनपने को भी बढ़ावा देती है, जिससे गन्ने की उपज में गुणात्मक वृद्धि होती है।

### उर्वरक व खाद का संतुलित प्रयोग, सही सिंचाई से बढ़ेगी उपज

श्री भार्गव ने बताया कि समय पर सिंचाई, निराई-गुड़ाई और मिट्टी चढ़ाने के साथ-साथ उर्वरकों का संतुलित प्रयोग जरूरी है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि जून माह में यूरिया की दूसरी खुराक अवश्य दें। साथ ही, जैविक खाद या गोबर की खाद का उपयोग करें, जिससे मिट्टी में नमी और जीवांश तत्व बने रहें। पौधों के बीच उचित दूरी रखने से किल्लों को फैलने की पर्याप्त जगह मिलती है।

### फसल सुरक्षा पर विशेष ध्यान, बीमार पौधों को हटाएं खेत से बाहर

गन्ना अधिकारी ने किसानों को आगाह किया कि गन्ने की फसल में यदि पीली पत्तियाँ या सूखी झाड़ियाँ दिखें तो उन्हें समय-समय पर खेत से निकालते रहें। लाल सड़न जैसी बीमारियों के लक्षण दिखने पर संक्रमित पौधों को तुरंत खेत से बाहर करें, ताकि रोग का प्रसार न हो सके।

### जल प्रबंधन है सफलता की कुंजी, सिंचाई करते समय जलभराव से बचें

मानसून आने की प्रतीक्षा में खेतों को सूखने न दें। आवश्यकता अनुसार हल्की सिंचाई करते रहें। लेकिन यह भी ध्यान रखें कि खेत में जलभराव न हो। हर सिंचाई के बाद ओट (मिट्टी में नमी के बाद हल्का सुखापन) आने पर गुड़ाई अवश्य करें। खेतों में बनी नालियों की समय-समय पर सफाई करें ताकि वर्षा का पानी आसानी से बाहर निकल सके और फसल को कोई नुकसान न हो।

### सही तकनीक और समय पर मेहनत ही लाती है अच्छी उपज

अंत में श्री भार्गव ने सभी गन्ना किसानों से अनुरोध किया कि वे बताए गए सभी कार्यों को समय पर अपनाएं, जिससे प्रति हेक्टेयर अधिक उपज प्राप्त की जा सके। उन्होंने कहा, फ्रअच्छी पैदावार कोई संयोग नहीं होती, बल्कि वह समय पर की गई मेहनत और सही तकनीकी उपायों का परिणाम होती है। जून महीने में की गई देखभाल ही नवंबर में गन्ने की मिठास को तय करती है।

## मोहम्मद ऐबाद धौरहरा विधान सभा क्षेत्र के संगठन प्रभारी नियुक्त



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुलायम यूथ ब्रिगेड मोहम्मद ऐबाद जिन्हें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने धौरहरा विधान सभा क्षेत्र का संगठन प्रभारी बनाया है ने विधान सभा क्षेत्र के सभी बूथों की ज़मीनी स्तर पर घर घर जाकर समीक्षा की, संगठन प्रभारी ने सभी बूथ प्रभारियों सेक्टर प्रभारी प्रभारियों व जोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वह घर घर जाकर पार्टी की नीतियों एवम् कार्यक्रमों बराबर प्रचार करते रहे साथ ही साथ बीजेपी सरकार की नाकामियों,
जन विरोधी नीतियों, बिगड़ती क़ानून व्यवस्था व बिजली के निजीकरण, बिजली महंगी करने आदि के बारे में घर घर जाकर बताएं और सभी लोग 2027 के चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं द्य 3 दिन चले समीक्षा कार्यक्रम में संगठन प्रभारी के साथ सपा ज़िला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, महामंत्री अंसार महलूद, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेतागण शमशेर बहादुर सिंह, वरुण चौधरी, मुन्ना यादव, विकास यादव, शाबान चौधरी, शेखावत अली, मोहम्मद आरिफ खान व राघवेंद्र गौतम साथ रहे।

# नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर की लूटपाट विरोध करने पर तमंचा दिखाकर पीटा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



दो नकाबपोश बदमाशों ने छत के सहारे घर में घुसकर तमंचे के बल पर नकदी और जेवर लूट लिया। विरोध करने पर युवक की पिटाई लगाई। घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।
कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां के रहने वाले कयूम की पुत्री चमन रविवार रात अपने घर की छत पर लेटी हुई थी। इस दौरान दो नकाबपोश बदमाश छत पर पहुंच गए। दोनों बदमाशों ने चमन के मुंह पर कपड़ा बांध दिया जिससे वह शोर शराबा नहीं कर सकी। तमंचे से लैस बदमाश छत से नीचे पहुंचे और उन्होंने कमरे में रखे जेवर लूट लिया। चमन ने बताया कि बदमाश तमंचे के बल पर कमरे में रखी सोने की दो अंगूठी, सोने की झुमकी, आधा किलो चांदी, पायलें, नाक का फूल लूट लिया। इसके अलावा कमरे में रखे संदूक से 24000 की नगदी भी निकाल ली। विरोध करने पर बदमाशों ने चमन के भतीजे की पिटाई भी लगाई और शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। लूटपाट करने के बाद बदमाश फरार हो गए। रात में गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों को चमन ने घटना के बारे में बताया। आरोप है पुलिसकर्मियों ने सुबह कोतवाली में तहरीर देने की बात कही। सुबह घटना की जानकारी लगते ही खलबली मच गई साइकोलॉजी चमन के घर पहुंच गया है और लूटपाट की घटना से संबंधित जानकारी लिए सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंचे की जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक यादव भी शेरपुर कला गांव पहुंचे और पीड़ित चमन और उनके परिजनों से बातचीत कर घटना की जांच पड़ताल की। चमन में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

> सूचना पर जांच पड़ताल की गई। सर्विलांस और एसओजी की टीमें लगाई गईं हैं। घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।
> **नितिन शर्मा, एसएसआई**

## गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मे दो मैचों के बीच रोचक रहा मुकाबला

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में आज का पहला मैच यूपी ग्रामीण बैंक आर्यावर्त और मुन्नूगंज व्रारिय के बीच खेला गया मुन्नूगंज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गुरजीत 71 अपूर्व 30 अहद 43 की मदद से निर्धारित ओवरों में 195 रन का विशाल स्कोर बनाया जिसका पीछा करते हुए यूपी ग्रामीण के बल्लेबाज कुछ खास ना कर सके और टीम 112 रन ही बना सकी मुन्नूगंज ने 83 रन से जीत दर्ज की आज का दूसरा मैच पीटीआई 11 गोला और पावर बैटरी के बीच में खेला गया पीटीआई 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हर्ष 15 हर्ष द्वितीय 25 की मदद से मात्र 60 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए पावर बैटरी की ऑपन जोड़ी ने सुफियान 28 शेद 29 की मदद से 10 विकेट से जीत हासिल की।वही तीसरा मैच हफिजपुर क्लब और रेहान 11 वरियर के बीच खेला गया हफिजपुर ने पहले क्षेत्र रक्षण का निर्णय लिया रेहान 11 नासिर 3118 की मदद से 114 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए हफिजपुर के बल्लेबाज कुछ खास ना कर सके और मात्र 41 रनो के स्कोर पर सिमट गए। मैचों में अम्पायरिंग अनवर अली, शिवम अवस्थी और संतोष मौर्य ने की। इससे पूर्व खिलाड़ियों से परिचय पूर्व शाखा प्रबंधक राममूर्ति मिश्रा और कमेटी मेम्बर श्रीराम राजपूत ने किया। मैदान पर खेल देखने को जनार्दन गिरी, सहित भारी संख्याएं लोग मौजूद थे।

## भाजपा सरकार की 'हर घर जल' योजना अब 'हर घर छल' बन चुकी है: विनय पटेल



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

> **भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ी भाजपा सरकार- लखीमपुर में 5.31 करोड़ की पानी की टंकी गिरना जनविरोधी शासन का प्रतीक विनय पटेल**

सोमवार को अवध प्रान्त अध्यक्ष विनय पटेल ने योगी सरकार पर हमलावार होते हुए कहा कि सीतापुर के चौंका बेहेमा गांव में जल जीवन मिशन के तहत ?5.31 करोड़ की लागत से बनी पानी की टंकी का ढह जाना भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और लापरवाही की जीती-जागती मिसाल है। यह टंकी, जो जनवरी 2024 में चालू हुई थी और आठ गांवों के 5,000 से अधिक लोगों की जल आपूर्ति का एकमात्र स्रोत थी, मात्र दो महीने के उपयोग के बाद ही धराशायी हो गई !उन्होंने आगे कहा कि यह हादसा नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार-प्रेरित नीतियों का परिणाम है। जब 5.31 करोड़ की लागत से बनी संरचना दो महीने में ही गिर जाए, तो यह स्पष्ट है कि निर्माण में घटिया सामग्री और भ्रष्टाचार की भूमिका है। विनय पटेल ने शेरपुर गांव का दौरा किया उस दौरान गांव वालों ने बताया की पानी की टंकी बनाते वक्त कई कमियां पाई गई इसके बारे में शासन प्रशासन को बताया भी गया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुआ।
आगे कहा कि भाजपा सरकार की 'हर घर जल' योजना अब 'हर घर छल' बन चुकी है। जनता के पैसे से बने ढांचे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे हैं, और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। इस अवसर पर पंचायत प्रकोष्ठ अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण वर्मा, जिला प्रभारी आशुतोष श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष हाशिम सिद्दीकी,जिला उपाध्यक्ष निर्मल सिंह, जिला उपाध्यक्ष रिजवान जिला उपाध्यक्ष सतनाम जिला कोषाध्यक्ष अनुराग रस्तोगी, जिला सचिव संदीप पाल जिला अध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ दीप कुमार कई कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।

# गौहानिया चौराहा पर देर रात हुआ दर्दनाक हादसा, ट्रक की टक्कर से क्षत-विक्षत हुए शव

■ सीओ सिटी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा, सिपाही के शव को पुलिस लाइन में दी गई सलामी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





टनकपुर हाईवे पर रविवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में सुनगढ़ी थाने में तैनात सिपाही शिवम बालियान (30) और उसके मित्र बॉबी चौधरी (25) की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब दोनों बाइक से पुलिस लाइन स्थित घर लौट रहे थे। गौहानिया चौराहा पार करते समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और ट्रक उन्हें कुचलता हुआ मौके से फरार हो गया।
घटना की सूचना पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को येलो टेप से घेरते हुए दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद दोनों शव इतने क्षत-विक्षत हो गए थे कि पहचान पाना मुश्किल हो गया था। मृतक सिपाही शिवम बालियान मूल रूप से बुलंदशहर जिले का निवासी था। बताया गया कि उसकी पत्नी गर्भवती है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार के लोग पीलीभीत पहुंचे और शव देख बेसुध हो गए।
वहीं, मृतक बॉबी चौधरी शहर के मोहल्ला बाग गुलशेर खां निवासी था और अपने परिवार का इकलौता पुत्र था। उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही पिता पूरी तरह टूट गए।
पोस्टमार्टम के बाद सिपाही शिवम बालियान के पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन लाया गया, जहां पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक समेत भारी संख्या में पुलिसकर्मियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बॉबी चौधरी का अंतिम संस्कार उनके परिजनों द्वारा मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में मोहल्ले व क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए।
पुलिस अब हादसा करने वाले ट्रक की तलाश में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# कार और ई रिक्शा की भिड़ंत में दो की मौत, आठ घायल



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



पूरनपुर बंडा हाईवे पर एक कार और ई रिक्शा की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बच्ची और ई रिक्शा चालक की मौके पर मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हादसे की जानकारी लगते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।
थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव बलरामपुर के रहने वाले राजेंद्र पुत्र लल्लू ई रिक्शा चालक थे। सोमवार को वह घुंघचाई से सवारियां लेकर बंडा जा रहे थे। बंडा हाईवे पर कनपारा मोड़ के पास अनियंत्रित गति आ रही कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसमें ई रिक्शा चालक राजेंद्र निवासी बलरामपुर और सिखा पुत्री छोटेलाल उम्र आठ बर्ष निवासी रुरिया सलेमपुर की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। जानकारी लगते ही मृतक और घायलों के परिजन मौके पर पहुंच गए। हादसे में छोटेलाल के परिवार के ही रितिक, कलावती, नन्ही देवी,सौम्या और कुसुम, उनकी पोती निष्ठा निवासी घुंघचाई और रिश्तेदारी में जा रही रेखा देवी निवासी मीरगंज जनपद बरेली घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही घुंघचाई पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। कुछ लोगों की हालत गंभीर होने पर उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। टक्कर मारने वाला कार चालक मौके से फरार हो गया। मृतक राजेंद्र के चार बच्चे हैं। वह ई रिक्शा चला कर परिवार का भरण पोषण करता था। हादसे की जानकारी लगते ही जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर और गुरभाग सिंह सीएचसी पहुंचे और घायलों का हाल चाल लिया।

# किसानों का खेत नदी में समाया, भाकियू ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

मझरा पूरब गांव के किसानों की मुसीबतें उस समय और बढ़ गईं जब सुहेली और सोती नदियों ने अपना पारंपरिक रास्ता छोड़ उपजाऊ खेतों की ओर बहाव शुरू कर दिया। नदियों के इस धारा-भटकाव ने सैकड़ों बीघा कृषि भूमि को पानी में डूब गया है, जिससे किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सिंचाई विभाग ने वास्तविक स्थिति की अनदेखी कर खेतों को नदी क्षेत्र घोषित कर जबरन खुदाई कर दी, जिससे नदियों ने अपनी पुरानी अभिलेखीय धारा को छोड़कर खेतों की ओर बहना शुरू कर दिया।भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर जिलाधिकारी अनिल रस्तोगी को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में किसानों ने रखी ये मांगे नदियों को तत्काल उनकी पुरानी धारा में वापस लाया जाए।
प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।
कृषि भूमि की सुरक्षा के लिए नदी किनारे ठोकरों का निर्माण कराया जाए। भविष्य में ग्रामवासियों की सहमति के बिना कोई कार्य न किया जाए। इस पूरे प्रकरण में दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## विद्युत ट्रांसफार्मर में हुई स्पार्किंग की चपेट में आकर किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी**



अमीरनगर क्षेत्र के ग्राम हजरत पुर निवासी बग्गा सिंह पुत्र निरंजन सिंह ने थाना मोहम्मदी पर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कल रविवार की शाम लगभग 5 बजे उसका पुत्र कुलदीप सिंह (34) वर्ष पुत्र बग्गा सिंह अपने खेत में खड़ी धान की फसल में घास उखाड़ रहा था तभी खेत के पास में लगे बिद्युत ट्रांसफार्मर में विधुत फाल्ट होने से चिंगारीयां निकलने लगीं, जिसकी चपेट में आकर कुलदीप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पोस्टमार्टम के पश्चात् आज शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मृतक के परिवार में पत्नी व दो नाबालिग बच्चों में एक बेटा और एक बेटी है। मृतक के पिता का रो-रो के बुरा हाल है मृतक के पिता ने बताया की मेरे दो बेटे और एक बेटी थी जिसमें कुलदीप सिंह सबसे बड़ा बेटा था।

## सूर्य नारायण फाउंडेशन लखनऊ की जानिब से आज होगा कवि सम्मेलन आयोजित

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

सूर्य नारायण फाउंडेशन के संस्थापक अमित श्रीवास्तव व राखी श्रीवास्तव द्वारा आज दिनांक 3.6.2025 दिन मंगलवार को सूर्य नारायण धर्म कांटा जहान नगर बरवर औरंगाबाद रोड पर विशाल भंडारे के पश्चात दिन में 3ञ्00 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसका संयोजन कवित्री श्वेता श्रीवास्तव करेंगी इस कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवि व कवित्रियां पधार रही हैं इसमें मुख्य रूप से विनय तन्हा, गिरधर खरे,गोपाल ठहाका, योगेश शुक्ला, विजेंद्र श्रीवास्तव, वर्षा श्रीवास्तव, श्रीकांत तिवारी, कृष्ण कुमार मोर्या सलर, अमित श्रीवास्तव, सुमनश्री मिश्रा, श्वेता श्रीवास्तव, यतीश शुक्ला, सतीश पाखंडी शामिल होंगे, जो कार्यक्रम देर रात कल चलेगा।

## मिशन इन्ट्रैक्ट नॉलेज इज पॉवर'' के अन्तर्गत आज शिक्षक व विद्यार्थी पहुंचे प्रसिद्ध आभूषण शोरूम कल्याण ज्वैलर्स

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सिटी मॉण्टेसरी इण्टर कॉलेज द्वारा चलाई जा रही मुहिम ''मिशन इन्ट्रैक्ट नॉलेज इज पॉवर'' के अन्तर्गत विद्यार्थियों को प्रसिद्ध आभूषण शोरूम कल्याण ज्वैलर्स का शैक्षिक भ्रमण किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने आभूषण उद्योग की कार्यप्रणाली, डिजाइनिंग, मार्केटिंग और ग्राहक सेवाओं की वास्तविक जानकारी के बारे में सीखा। भ्रमण के दौरान शोरूम के प्रबन्धक विकास जायसवाल ने विद्यार्थियों का स्वागत किया और उन्हें ज्वैलरी निर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे डिजाइनिंग, गोल्ड, टेस्टिंग, हॉलमार्किंग और बिक्री प्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।उन्होंने यह भी बताया कि ग्राहक की पसंद, ट्रेंड और बजट को ध्यान में रखकर उत्पाद कैसे तैयार किए जाते हैं। साथ ही मासिक किस्तों पर ज्वैलरी खरीदने की प्रक्रिया के बारे में भी समझाया।शिक्षिका निधि श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए यह भ्रमण अत्यंत लाभकारी रहा, क्योंकि इससे उन्हें रिटेल बिजनेस, ग्राहक व्यवहार, प्रोडक्ट क्वालिटी और व्यवसायिक नैतिकता के बारे में व्यवहार, प्रोडक्ट क्वालिटी और व्यवसायिक नैतिकता के बारे में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।
विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने पहली बार किसी बड़े ब्रांड के व्यवसायिक संचालन को इतने करीब से देखा और सीखा कि कैसे एक पारंपरिक उद्योग आधुनिक तकनीक और सेवा से जुड़कर ग्राहकों का विश्वास प्राप्त करता हैं। इस मिशन को सफल बनाने हेतु विद्यालय के शिक्षिका निधि श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, साधना सिंह व शिक्षक अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में छात्रा अनू वर्मा, अनुष्का, अनामिका, आरूषि, वैष्णवी, नैनसी, लक्ष्मी, अनुभवी गुप्ता, अनुभवी शुक्ला, पलक वर्मा, नैनसी आदि कई छात्राओं ने भ्रमण किया।

### विवाद सुलझाने आई पुलिस से भिड़े दबंग

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। सकरन।** सैदापुर में रविवार रात डेयरी पर दूध बेचने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मौके पर आई यूपी 112 के पुलिसकर्मियों से भी दबंग भिड़ गए। स्थानीय पुलिस ने मामले में आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पांच आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया है। क्षेत्र के मुन्नूपुरवा मजरा सैदापुर निवासी सुरेश यादव दूध की डेयरी का संचालन करते हैं। रविवार रात करीब 8.30 बजे दूध में कम फैट आने के कारण गांव निवासी विनीत से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर चलने लगे। इसी बीच किसी ने यूपी 112 को सूचना दे दी।

# लखीमपुर खीरी पहुंची राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, डीएम-एसपी ने किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



सोमवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की मा. राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल राजकीय हेलीकॉप्टर से जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया स्थित हवाई पट्टी पर पहुँचीं, जहां उनका स्वागत जनपद के उच्च अधिकारियों द्वारा अत्यंत गरिमामय एवं पारंपरिक रीति से किया।दोपहर करीब 03.05 बजे जैसे ही हेलीकॉप्टर हवाई पट्टी पर उतरा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार और डीडी दुधवा टी रंगाराजू ने पुष्पगुच्छ भेंटकर राज्यपाल का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। राज्यपाल का काफिला लखीमपुर खीरी की प्राकृतिक धरोहर, दुधवा टाइगर रिजर्व की ओर प्रस्थान कर गया।
राज्यपाल दुधवा टाइगर रिजर्व के में ही रात्रि विश्राम करेंगी। 03 जून को प्रस्तावित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी।राज्यपाल 03 जून को ग्राम बलेरा स्थित हस्तशिल्प उत्पादन केंद्र का भ्रमण करेंगी तथा वहां उपस्थित थारू जनजाति की महिलाओं से संवाद करेंगी। इसके पश्चात वह कंपोजिट विद्यालय, बलेरा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी।
इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी किट तथा सरकारी योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न लाभ पात्र लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के उपरांत राज्यपाल दुधवा टाइगर रिजर्व के सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम देश की तस्वीर बदलेगा: जयमंगल कन्नौजिया

## किसानों का आय बढ़ाने का नया अभियान-12 जून तक चलेगा विशेष कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने गौनरिया बाबू में शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की पुण्य तिथि से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू हुआ है। यह कई मामले में अहम है।

पहली बार वैज्ञानिक गांव में जाएंगे। 12 जून तक चलने वाला अभियान विकसित भारत के अभियान की अवधारणा को पूरा करेगा। इस अभियान के तहत किसानों को आधुनिक खेती के तरीके समझाए जाएंगे। इससे किसानों के जीवन में समृद्धि आएगी। 11 साल में पूरे देश में खेती में नवाचार हुआ है। एमएसपी तय हुई है। किसानों को अच्छे बीज मिल रहे हैं। लैब टू लैंड अभियान शुरू हुआ है। विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम देश की तस्वीर बदलेगा। विधायक ने कहा कि पिछली सरकारों ने किसानों को अपने एजेंडे से बाहर कर दिया था। बीज, खाद और पानी के लिए किसान परेशान हो रहे थे, लाइन लगाते थे लाठियां खाते थे। हमारी सरकार आने के बाद अब बदलाव हो रहा है। आज प्रधानमंत्री के एजेंडे में किसान हैं इसलिए मृदा हेल्थ कार्ड बन रहा है। किसान समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है। गेहूं का दाम 2015 तक एक हजार मिलता था अब 2400 से 2800 तक मिल रहा है। ये किसान के जीवन में बदलाव का उदाहरण है। आजादी के बाद यह पहली बार है जब वैज्ञानिकों और किसानों को सीधे जोड़ने के लिए इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है। उप कृषि निदेशक संजीव कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य दुनिया की खाद्य टोकरी बनना है द्य जिसमें न केवल अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करना बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करना भी शामिल है। किसान बंधु हमारे कृषि वैज्ञानिकों से जुड़े और उन्नति खेती अपनाए। कृषि विज्ञान केंद्र वसूली के वैज्ञानिक डॉ शिव पूजन यादव ने कृषि से संबंधित जानकारी दी। प्रधानमंत्री फसल बीमा के जिला क्वार्डिनेटर अनूप कुमार ने फसल बीमा के लाभ पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी प्रेम नारायण पासवान, सहायक निरीक्षक संजय कुमार पटेल, प्राविधिक सहायक श्रवण सिंह, ए टी एम मारकंडेश्वर पांडेय, वरिष्ठ सहायक मनीष कुमार चौधरी, प्रधान रामेंद्र पटेल, प्रधान ओम प्रकाश पांडेय, वीरेंद्र लोहिया सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## कोल्डड्रिंक में नशीली दवा पिलाकर किया दुष्कर्म, वीडियो भी किया वायरल

जन एक्सप्रेस। देवरिया

कोल्डड्रिंक में नशीली दवा मिलकर एक मनबढ़ ने युवती के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए दो वर्ष तक उसके साथ अवैध संबंध बनाए रखा। जब युवती की शादी तय हुई तो मनबढ़ ने उसके होने वाले पति के मोबाइल के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया। इसकी खबर मिलते ही पीड़ित अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। आरोप है कि तीन दिन बाद भी इस मामले में कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए बताया कि दो वर्ष पूर्व गांव की रहने वाली सहेली के चचेरे भाई से उसकी मित्रता हुई। वह अपने घर बुलाकर कोल्डड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गई और मनबढ़ उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो और फोटो बना लिया। वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए दो वर्ष तक उसके साथ दुष्कर्म किया।

## हादसे में गई मासूम की जान: देवरिया में निर्माणाधीन वाटर पार्क की दीवार ढही, छात्र की दबकर मौत

जन एक्सप्रेस। देवरिया



कुशीनगर जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंडरा लक्ष्मीपुर गांव का रहने वाला संगम निषाद उम्र करीब 11 वर्ष अपनी माता मीना के साथ ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता था। वह गांव के प्राथमिक विद्यालय सरया में कक्षा तीन का छात्र था। गांव में एक वाटर पार्क का निर्माण हो रहा है। जिसको देखने लिए सोमवार की सुबह गांव के बच्चे गए थे। नगर से सटे भभौली गांव के गोपालपुर टोला पर निर्माणधीन वाटर पार्क की दीवार गिरने से दबकर एक छात्र की मौत हो गई। वहीं, उसके साथ वाटर पार्क में नहाने गया आठवीं का एक छात्र घायल हो गया। घटना सोमवार की सुबह आठ बजे की है। मृतक मामा के घर रहकर पढ़ता था। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने को भेज दिया। वाटर पार्क संचालक से मामले में पुलिस ने पूछताछ की।

कुशीनगर जिले के हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंडरा लक्ष्मीपुर गांव का रहने वाला संगम निषाद उम्र करीब 11 वर्ष अपनी माता मीना के साथ ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता था। वह गांव के प्राथमिक विद्यालय सरया में कक्षा तीन का छात्र था। गांव में एक वाटर पार्क का निर्माण हो रहा है, जिसको देखने लिए सोमवार की सुबह गांव के बच्चे गए थे, जिसमे संगम भभौली गांव के ही श्याम उर्फ मोछू उम्र 16 साल के साथ वाटर पार्क देखने गया था। वाटर पार्क में जमा पानी की वजह से अचानक दीवार भरभरा कर गिर गया। दोनों वाटर पार्क में नवनिर्मित दीवार के बगल में खड़े थे कि अचानक दीवार भरभरा कर उनके ऊपर गिर गई। संगम दीवार के नीचे दब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। श्याम उर्फ मोछू को गंभीर चोट आई है। ग्रामीणों के सहयोग से मलबे से संगम का शव बाहर निकाला गया। श्याम को चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया घटना से गांव में कोहराम मच गया। बेटे का शव देख मां मीना दहाड़े मार कर रोने लगी। दो बेटों में संगम बड़ा था। । बेटे के शव पर पूरा परिवार दहाड़े मारकर रो रहा था। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक रणजीत सिंह भदौरिया ने कहा कि मृतक छात्र का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उसकी मां की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## आरोप, दरोगा ने लाइसेंसी रिवाल्वर- मोबाइल और चेन छीना, पैरवी के लिए गए तो किया दुर्व्यवहार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



रविवार को पशु चिकित्साधिकारी खजनी के आदेश पर हरिहरपुर स्थित सरकारी गोशाला से पिकअप पर सांड लादकर गोशाला ले जा रहे थे। इसी बीच दुघरा चौराहे पर सिकरीगंज थाने के एक दरोगा और सिपाही ने वाहन रुकवाकर पूछताछ करने लगे।

कुईं बाजार। सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बन्हैता निवासी प्रद्युम्न सिंह ने दरोगा और सिपाही पर मारपीट कर लाइसेंसी रिवाल्वर, मोबाइल और चेन छीनने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रद्युम्न सिंह ने तहरीर में बताया है कि वह गांव में ही नंदिनी कृषक योजना के अंतर्गत गोशाला चलाते हैं। रविवार को पशु चिकित्साधिकारी खजनी के आदेश पर हरिहरपुर स्थित सरकारी गोशाला से पिकअप पर सांड लादकर गोशाला ले जा रहे थे।

विज्ञापन

इसी बीच दुघरा चौराहे पर सिकरीगंज थाने के एक दरोगा और सिपाही ने वाहन रुकवाकर पूछताछ करने लगे। बताया कि सरकारी गोशाला से अपने गोशाला जा रहे हैं। इसी बीच अन्य दरोगा भी आ गए। इसमें से एक दरोगा ने लाइसेंसी रिवाल्वर, मोबाइल और गले से सोने की चेन खींच ली। आरोप लगाया कि सभी पीटते हुए गाड़ी में बैठाकर सिकरीगंज थाने पर लाए।

इस संबंध में सिकरीगंज थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने संदिग्ध परिस्थिति में गाड़ी पकड़ी थी। जांच में प्रद्युम्न सिंह को सही पाए जाने पर उन्हें छोड़ दिया गया है।

दुर्व्यवहार व मारपीट का आरोप

कुईं बाजार। सिकरीगंज थाना क्षेत्र के महदेवा बाजार निवासी भाजपा नेता दुर्गेश पटवा इसी मामले को लेकर सिकरीगंज थाने पर पैरवी में गए थे। आरोप है कि उनके साथ एक दीवान ने दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट की है। मामले को लेकर उन्होंने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वह भाजपा के महदेवा मंडल अध्यक्ष हैं।

## पहले एसी चुराई, फिर जानमाल की दी धमकी

जन एक्सप्रेस। देवरिया

देवरिया। शहर के उमानगर राजेंद्र चौक वार्ड नंबर 19 निवासी एक व्यक्ति ने दो लोगों के विरुद्ध आरओ प्लांट पर लगा एसी चुराने का आरोप लगाया है। यही नहीं शिकायत करने पर रास्ते में घेर कर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने पुलिस को तहरीर देकर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वार्ड नंबर 14 निवासी जगदीश पांडेय पुत्र कमला पांडेय ने कोतवाली क्षेत्र के पिपरा चन्द्रभान में मेरा आरो प्लांट चलाते है। 23 जनवरी की रात्रि में आरो प्लांट की बाउंड्री में घुसकर उक्त गांव के ही हनुमान पांडेय पुत्र संजय पाण्डेय व किशन पुत्र अज्ञात उसमें लगी एसी जिसका कीमत 60 हजार रुपये चुरा ले गये। इसकी मैंने शिकायत की तो इससे खार खाकर मुझे जान से मारने की धमकी दे डाली।

## फोरलेन को किया गया था वन वे: ओवरटेक में गई 4 जान, छह बहनों का इकलौता भाई था राहुल

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



सिधुआपार गांव के करवनिया टोले के चार युवकों की मौत मामले में लोग भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। लोगों की मानें तो घटना से कुछ देर पहले फोरलेन की एक लेन को बंद कराकर दूसरे लेन से आवागमन कराया जा रहा था।

इसी दौरान गलत दिशा में आ रहे बाइक सवार युवकों ने आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक करने का प्रयास किया और अपनी जान गवां दी। घटना से परिवार वालों व ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं चार मौत के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। क्षेत्र के सिधुआपार गांव के करवनिया टोले के बाइक चार युवकों (राहुल, सुनील, अरविंद, प्रदीप) की गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर कार की टक्कर में शनिवार को मौत हो गई थी। पुलिस व प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चार पहिया वाहन गोरखपुर से वाराणसी की तरफ की अपने साइड से जा रही थी। वहीं, सड़क की एक लेन बंद होने के चलते चारों युवक ओझौली सर्विस रोड से फोरलेन को पकड़ लिया। वह गलत साइड से निकल रहे थे। आगे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जा रही थी। इसे ओवरटेक कर आगे निकलने की होड़ में सामने से आ रही चार पहिया वाहन से टकरा गए।

भिड़ंत इतनी तेज थी कि बाइक सवार चार युवकों में दो युवक 15-20 फीट ऊपर हवा में उछल कर नीचे गिरे। वहीं दो युवक कार में ही फंसकर लगभग 30 मीटर घिसटते चले गए। बताया जा रहा है कि उसी लेन पर पुल के पास पिंचिंग के लिए बोल्डर गिराया गया था। इसे एक क्रेन उस समय उठाकर किनारे रख रही थी। इसी को लेकर कुछ देर के लिए फोरलेन को वन-वे किया गया था।

हादसे के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को जिम्मेदार ठहरा रहे परिजन व ग्रामीण गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन पर चार युवकों की मौत के लिए परिवार वालों व ग्रामीणों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को जिम्मेदार ठहराया है। उनकी मानें तो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की लापरवाही से घटना हुई है। जिस समय फोरलेन को वन वे किया गया था, वहां सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। दूसरी लेन में वाहन चालक अपने दिशा में न चलते हुए आड़े-तिरछा तरीके से अपने वाहन निकाल रहे थे। बाइक सवार चारों युवक सामने जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक कर रहे थे। ठीक उसी समय उनके सामने एक चार पहिया वाहन आ गया।

## 'एक हजार के बदले 100 रुपये कमीशन...' मिर्जापुर भी गई थी NIA टीम

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



मिर्जापुर में जिस व्यक्ति के घर एनआईए की टीम पहुंची थी, आनलाइन रुपये ट्रांसफर करना उसका धंधा है। सूत्रों की मानें तो पूछताछ में यह बात सामने आई कि संदेह के दायरे में आया व्यक्ति किसी भी अनजान खाते में पैसे ट्रांसफर कर देता है। लेकिन इसके बदले प्रति 1000 रुपये के ट्रांसफर पर वह 100 रुपये कमीशन लेता है।

देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त लोगों की तलाश में शुक्रवार रात गोरखपुर आई एनआईए की टीम ने शनिवार को शहर में तारामंडल के अलावा राजघाट इलाके के मिर्जापुर में भी एक व्यक्ति के घर छापा मारा था। यह व्यक्ति 10 प्रतिशत कमीशन पर किसी के भी खाते में रुपये भेज देता है। हालांकि इस व्यक्ति की जानबूझकर संलिप्तता को लेकर अभी कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं।

दरअसल, पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले सीआरपीएफ जवान को 26 मई को एनआईए ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। वह छह जून तक रिमांड पर है। उससे पूछताछ और बैंक खाते खंगालने के बाद टीम ने शनिवार को देश के 8 राज्यों में 15 ठिकानों पर छापेमारी कर पूछताछ की है। पूछताछ के सिलसिले में गोरखपुर में दो टीमें आई थीं।

सूत्रों के मुताबिक एनआईए की टीम शुक्रवार रात में गोरखपुर पहुंच गई थी। यहां से पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों का भी सहयोग लिया गया। टीम के साथ चार प्रशासनिक अधिकारियों को लगाया गया था।

एक टीम पन्नेलाल यादव के खजनी स्थित गांव रावतदाड़ी और वहां से तारामंडल क्षेत्र के आजादनगर पूर्वी स्थित शहर के आवास पर पहुंची थी। यहां टीम ने लगभग 8:30 घंटे तक पूछताछ की। दूसरी टीम शहर से सटे मिर्जापुर पहुंची थी और वहां भी 4 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

1000 रुपये ट्रांसफर के बदले 100 रुपये लेता था मिर्जापुर में जिस व्यक्ति के घर एनआईए की टीम पहुंची थी, आनलाइन रुपये ट्रांसफर करना उसका धंधा है। सूत्रों की माने तो पूछताछ में यह बात सामने आई कि संदेह के दायरे में आया व्यक्ति किसी भी अनजान खाते में पैसे ट्रांसफर कर देता है। लेकिन इसके बदले प्रति 1000 रुपये के ट्रांसफर पर वह 100 रुपये कमीशन लेता है।

### पन्नेलाल के बेटे को पूछताछ के लिए बुलाया

पन्नेलाल के यहां की गई पूछताछ के बाद एनआईए की टीम को और जानकारी की जरूरत महसूस हुई है। इसीलिए उसके बेटे को 4 जून को बुलाया गया है। इस परिवार के आय के स्रोतों की भी जांच हो सकती है। इस दिशा में और भी एजेंसियां जांच कर सकती हैं। गांव और शहर मिलाकर 10 करोड़ से अधिक की संपत्ति नजर में आई है।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप, चार पर केस

जन एक्सप्रेस। देवरिया

थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक द्वारा उड़ीसा के एक युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को युवती की तहरीर पर युवक सहित उसके माता-पिता व बड़े भाई पर मुकदमा दर्ज किया है।

उड़ीसा के जाजपुर धर्मशाला क्षेत्र की निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि देवरिया जनपद के मईल थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक से लूडो गेम के माध्यम से उससे 2022 में दोस्ती हो गई। उसके बाद युवक भुवनेश्वर में पहुंच गए। एक होटल में मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद भुवनेश्वर की एक मंदिर में मुझसे शादी कर ली। मेरे साथ रहने लगा। बीच में अपने गांव भी लेकर आया था।

## 21 कर्मचारियों को कर दिया 62.8 लाख का वेतन भुगतान

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

मंडलीय आडिट टीम सप्तम मंडल ने बुद्ध इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य समेत सभी 21 शिक्षण और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कॉलेज प्रशासन और लेखा अनुभाग की मिलीभगत से 62.8 लाख रुपये का भुगतान करने का मामला उजागर किया है।

यदि इस मामले की जांच हो तो इस तरह के और भी मामले उजागर हो सकते हैं। आडिट टीम की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मंडल, गोरखपुर ने डीआओएस कुशीनगर को पत्र जारी कर वेतन निर्धारण से अधिक भुगतान की धनराशि 36 किस्तों में वसूली करने का निर्देश दिया है। इस कार्रवाई से जिले के शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है।

संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मंडल सतीश चंद सिंह की तरफ से 30 मई को कुशीनगर डीआईओएस को पत्र जारी कर बताया कि बीते 15 मई को वित्त एवं लेखाधिकारी, मंडलीय आडिट टीम, सप्तम मंडल, गोरखपुर की तरफ से हुई जांच में बुद्ध इंटर कॉलेज, कुशीनगर के प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापकों समेत 21 शिक्षणेत्तर कर्मियों के अभिलेखों की जांच में उनके वेतन सप्तम मंडल, गोरखपुर की तरफ से हुई जांच में बुद्ध इंटर कॉलेज, कुशीनगर के प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापकों समेत 21 शिक्षणेत्तर कर्मियों के अभिलेखों की जांच में उनके वेतन निर्धारण में कई त्रुटि मिलने के साथ करीब 62.8 लाख रुपये की वित्तिया अनियमित कर भुगतान करने की पुष्टि हुई है। इस धनराशि को सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से मई माह के वेतन के साथ 36 किश्तों में वसूलने की कार्रवाई करें। सूत्रों की मारें तो ऐसे और मामले हो सकते हैं, जिसमें जिले के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भुगतान हुआ हो। इसका खुलासा विभागीय की तरफ से विस्तार जांच में हो सकेगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम मंडल गोरखपुर के इस पत्र में यह भी कहा कि डीआईओएस कार्यालय के लेखा अनुभाग में तैनात अधिकारी विद्यालय की तरफ से प्रस्तुत बिल का आंकिक परीक्षण के लिए ही होता है। आंकिक परीक्षण के बाद ही भुगतान की कार्रवाई आगे बढ़ती है।

## एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



नगर पंचायत दुदही के शिव पार्वती मंदिर परिसर में व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। यहां पहुंचे फाजिलनगर विधायक सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा को ज्ञापन देकर दुदही स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों एवं समर स्पेशल ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई।

सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता मनोज कुंदन ने दुदही में लंबी दूरी की ट्रेनों तथा समर स्पेशल ट्रेनों के ठहराव कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। इसमें गोरखपुर के लिए सुबह के समय पैसेंजर ट्रेन, दिन में ट्रेनों की संख्या बढ़ाना, आरक्षण केंद्र के संचालन समय में वृद्धि, समर स्पेशल और लंबी दूरी की सभी ट्रेनों का ठहराव आदि की मांग की गयी। विधानसभा फाजिलनगर में एक मात्र महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन दुदही ही है, जहां से बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों से लोग ट्रेन पकड़ने के लिए आते हैं। लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों को पकड़ने के लिए गोरखपुर, कप्तानगंज, तमकुही रोड, पडरौना जाना पड़ता है। जिससे धन और समय दोनों की बर्बादी होती है। दुदही का व्यापार भी प्रभावित होता है, रेल राजस्व में कमी होती है।ऐसे में लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों और दिन में पैसेंजर ट्रेनों की संख्या में वृद्धि से जनता को रेलवे यात्रा सुविधाजनक होगा। विधायक ने संबंधित अधिकारियों और रेलवे प्रशासन से प्रभावी कार्यवाही कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रामकुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि भोला कुमार, सभासद प्रतिनिधि गण राजन ब्याहुत, राजन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

क्षेत्र के महुअवा खुर्द गांव में स्थित शुक्ल बाबा के स्थान पर कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हो गया। कलश यात्रा रविवार को गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। यह कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर क्षेत्र के गांव सुम्हाटार, लेहनी, कुशुम्हा आदि होते हुए कप्तानगंज गंडक नदी से जल लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंची। यहां यज्ञाचार्य पंडित कपिल मुनि उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच देवी देवताओं का आह्वान किया। इस यज्ञ में यजमान के रूप में योगेन्द्र मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, गेन्दा देवी, अजय शुक्ला ने पूजन कराया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि यह यज्ञ नौ जून को हवन-पूजन एवं भंडारे के साथ संपन्न होगा।

## विकास कार्यों की जांच के दौरान BDO कक्ष में प्रधान पक्ष और शिकायतकर्ता भिड़े, जमकर की मारपीट, टीम लौटी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



बघौली के हावपुर भडारी गांव में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत पर जांच के दौरान दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट की। इसके बाद जांच टीम चली गई और पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया।

विकास क्षेत्र बघौली के बीडीओ कक्ष में उस समय अफरा तफरी मच गई, जब जांच टीम के सामने ही दोनों पक्ष आपस मे भिड़ गए व हाथापाईं करने लगे। बाहर निकलकर एक- दूसरे को दौड़ाकर पीटने लगे। इसी दरमियान जांच टीम भी मौके से चली गई। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ, तब तक दोनों पक्ष मौके से भाग गया। एसओ ने बताया अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

हावपुर भडारी गांव के हरिओम सिंह उर्फ अंकित ने गांव में हुए विकास कार्यों में जमकर हुए भ्रष्टाचार को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत किया था। कोई कार्रवाई नहीं होने पर शिकायतकर्ता पिछले शनिवार को उपयुक्त मनरेगा के सामने ही पेट्रोल डालकर आत्मदाह का भी प्रयास कर चुका है। पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी से शिकायतकर्ता आत्मदाह नहीं कर सका।

इसी क्रम में शिकायत को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी ने दो सदस्यीय टीम गठित कर दिया, जिस पर सोमवार को जांच टीम में शामिल हुए अरविंद वर्मा (भूमि संरक्षण अधिकारी) व वेदप्रकाश वर्मा (अवर अभियंता मनरेगा सेल) ने मौके पर पहुंचकर प्रोजेक्टवार भौतिक सत्यापन किया। इसके बाद दो सदस्यीय टीम ने पंचायत भवन पहुंचकर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ करके बयान दर्ज किया। इसके बाद जांच टीम ने बीडीओ बघौली के कक्ष में दोनों पक्षो के साथ बैठकर सत्यापन के लिए बयान लेने का कार्य शुरू किया। टीम ने प्रधान पक्ष के एक व्यक्ति साधुसरन से पूछा कि सभी प्रोजेक्ट पर एक ही फोटो बार-बार क्यों अपलोड किया जाता है, तभी साधुसरन के बजाए प्रधान पक्ष के एक अन्य युवक द्वारा जवाब देने पर विपक्षी भड़क गए। इसी बीच दोनों पक्षो में कहासुनी होने लगी।

# नाला निर्माण से सरकारी धन की बर्बादी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



स्थानीय आदर्श नगर पंचायत द्वारा वार्ड संख्या-6 में गंधेली पुलिया से नकटी नाल तक लगभग एक किलोमीटर नया नाला निर्माण प्रस्तावित है। उक्त प्रकरण को लेकर समाजसेवी शुकदेव चौरसिया के नेतृत्व में वार्ड सभासद प्रतिनिधि अरशद एवं डॉ मोहम्मद उमर सलाहुद्दीन तथा अन्य वार्डवासीगण आंदोलत होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी अभय सिंह को सौंपते हुए मांग की कि इस प्रस्तावित कार्य जो जनहित में नहीं है इसपर त्वरित रोक लगाया जाए। श्री चौरसिया ने उप जिलाधिकारी से कहा कि रियासत के जमाने से सबसे चौड़ी व सबसे गहरी नाली जो इस समय बनी है को ही दुरुस्त कर दिया जाए तथा ड्रेनेज के लिए नकटी नाली में गंदा पानी सतह से ऊंची होने के कारण जा पाना संभव नहीं है अपितु गंधेली पुलिया से दक्षिण पूरब में बना नाला जो कलश चौराहा तक जाता है में जोड़ दिया जाए तो ज्यादा उचित होगा। शासन द्वारा निर्गत धनराशि का उपयोग किसी अन्य उपयोगी मद में कर लिया जाए बजाय नाला बनाने के।

क्योंकि यदि दक्षिण से पूरब नाले के निर्माण से पुराने जर्जर घर छज्जा सीढी आदि धमक से टूट सकते हैं इसके साथ ही व्यावसायिक मंडी होने के नाते दुकानों का कारोबार भी चौपट हो जाएगा। विकास विनाश बन जाएगा। वर्तमान में चलायमान नाली के जो केवल सुंदरीकरण की बाट जोह रहा है निष्प्रयोजय हो जाएगा। दुकानों के आगे ऊंचा नाले का ढक्कन लगने से फुटपाथ वाले व्यापार शुरू कर देंगे जो आए दिन दुकानदार बनाम फुटपाथ कारोबारी से झगड़ा विवाद का कारण बनेगा।

चौरसिया के साथ गए हुए प्रतिनिधि मंडल के लोगों को उप जिलाधिकारी श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि ज्ञापन उचित माध्यम से मुख्यमंत्री को भेज दिया जाएगा तथा अपर जिलाधिकारी से स्वयं वार्ता कर हल निकालने का प्रयास करूंगा।

ज्ञापन देते समय रिंकू, अग्रवाल शुभम, पंकज, ओमप्रकाश चौरसिया, रामजी आर्य, तारिक शाह, वसीम राईनी व्यापार मंडल अध्यक्षगण श्याम बिहारी अग्रहरि, अनिल लाठ, रामकुमार गुप्ता, महामंत्री रूपचंद गुप्ता, मनीष, ध्रुव, निकित, रानू, मोहित, हर्षिल, श्रेष्ठ लाठ, अनूप गुप्ता, राजू, संतोष, चरन, अवन, संजीव चौरसिया, दीपक, ऋतिक, रामगोपाल सिंहल, अमित सिंहल, मोहित सिंहल नीरज, हिमांशु, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के धुसाह में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन कथा ब्यास आचार्य जगन्नाथ प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही वह भवसागर से मुक्ति पा लेता है। कथा का शुभारंभ पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने ब्यासपीठ का पूजन अर्चन व आरती कर किया। भागवत कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो उठे।

कथा ब्यास ने कहा कि भागवत महापुराण एक मात्र ऐसा ग्रंथ है जो बड़े से बड़े संकट को टाल सकता है। कहा कि श्रीमद्भागवत कथा से मनुष्य को ज्ञान और बैराग्य की प्राप्ति होती है। यह जीवन को सही दिशा दिखाती है और इसके श्रवण मात्र से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कथा का शुभारंभ करते हुए श्रोताओं से कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हमें जीवन जीने की सीख देती है। भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। व्यक्ति की क्रोध, मोह, माया आदि समाप्त हो जाती है और उसका मन ईश्वर की शरण में लग जाता। कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सनातन की शक्ति मिलती है। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक इंद्र प्रकाश त्रिपाठी व किरन त्रिपाठी ने पूर्व सांसद व कथा ब्यास का स्वागत किया। कथा के दौरान विभिन्न प्रसंगों को सुन कर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए । देर रात लोगो ने कथा का श्रवण किया। इस मौके पर बासुदेव प्रसाद मिश्र, इंद्र देव पांडेय, सुनील त्रिपाठी, गोविंद त्रिपाठी, यथार्थ शुक्ला, रूद्रांश त्रिपाठी, प्रतिभा त्रिपाठी, सुरभि त्रिपाठी, स्वाती, समेत भारी संख्या श्रोता मौजूद थे।

## पूर्व सांसद ने भलुहिया गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवार से की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में विगत दिनों एमएलके कॉलेज के टीचर्स कालोनी में निर्माणाधीन सरोवर में डूब कर मरे बच्चों के परिजनों से पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने भलुहिया गांव जाकर मुलाकात किया।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात के भलुहिया कोयलिहा गांव निवासी विवेक उपाध्याय के दो बेटों 14 वर्षीय सार्थक उपाध्याय व 12 वर्षीय पार्थ की बीते 29 मई को महारानी लाल कुंवरि महाविद्यालय के शिक्षक कालोनी स्थित तालाब के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई थी। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने रविवार को मृतक भाइयों के पिता व स्वजन से मुलाकात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया। बच्चों की असमय मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा शांति की प्रार्थना की।

पूर्व सांसद ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। यह ऐसा दर्द है, जिसे न तो कोई कम कर सकता है और न बांट सकता है। ईश्वर दिवंगत बच्चों की आत्मा को शांति और पीड़ित परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति दे। पूर्व सांसद ने मृत बच्चों के पिता विवेक से घटना की पूरी जानकारी ली। हर परिस्थिति में पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, अतुल तिवारी, पंकज मिश्र, विशाल यादव सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# गाजे–बाजे के साथ निकाली जाएगी श्रीमद भागवत कथा की कलश यात्रा

- **गौशाला में कथा श्रवण मात्र से देवी देवताओं की आराधना का मिलेगा फल – स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज**

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



परमहंस दयाल जी सेवा समिति के तत्वावधान में 4 जून से होने वाली श्रीमद भागवत कथा के उपलक्ष्य में शहर के ताला रोड स्थित फॉर्चून होटल में दोपहर 2:00 बजे पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंद पुरी जी महाराज ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसी भी शुभ कार्य से पूर्व हरिनाम स्मरण करते हुए कलशयात्रा निकालना अत्यंत आवश्यक माना जाता है,ऐसे मे ग्राम कस्तली वैस पोस्ट पला स्थित श्री परमहंस दयाल जी गौशाला में 4 जून को कथा व्यास आचार्य शिवम जी के श्री मुख से होने वाली श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ से पूर्व 3 जून को कलशयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें न केवल धर्म को लेकर साथ ही सेना में तैनात जवानों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से अपने अपने हाथों में ध्वजा पताका के साथ साथ राष्ट्रीय ध्वज को लेकर सनातन धर्मानुयायी चलेंगे। स्वामी जी ने कथा के महत्व की जानकारी स्पष्ट करते हुए कहा कि गायों में तो सभी देवी देवताओं का वास होता है ऐसे में गौशाला में आयोजित होने वाली इस पावन कथा के माध्यम से एक ही स्थान पर समस्त देवी देवताओं की आराधना करने का फल मिलेगा।

कार्यक्रम संयोजक पूरन चंद अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल ने बताया कि अनन्त श्री विभूषित एवं सन्त शिरोमणि परम पूज्य स्वामी पूर्णानन्द पुरी जी महाराज के आशीर्वाद से होने वाली श्रीमद भागवत सप्ताह परायण कथा के आध्यात्मिक अनुष्ठान आयोजन करने का सौभाग्य हमको प्राप्त हुआ है जिसका पावन वक्तव्य आचार्य श्री शिवम शास्त्री श्रीधाम, वृन्दावन द्वारा अपनी माधुर्यमयी मंत्रमुग्ध वाणी से दिया जाएगा अतः अधिकतम मात्रा में भक्त उपस्थित होकर अपने पूर्वजों सहित खुद को पुण्य लाभ प्राप्त करवाएं। कलशयात्रा की व्यवस्थाओं के बारे में सुभाष चंद्र अग्रवाल, आर के शर्मा (द्वह्वद्व)जी ने जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जगह जगह शीतल पेय का इंतजाम भी समिति द्वारा रखा जाएगा वहीं श्रीमद भागवत कथा श्रवण हेतु आने वाले विशेष वर्गीय लोगों के साथ आम जन की भी उचित व्यवस्था भी की जा चुकी है, किसी भी समस्या से निवारण हेतु कुशल और अनुभवी डाक्टर की टीम भी सेवा देगी। पत्रकार वार्ता में आचार्य गौरव शास्त्री,रवि शास्त्री, सुभाष चन्द्र अग्रवाल, रिषीमुनि, राजेश अग्रवाल, इंजी0एस वी शर्मा, राजकुमार शर्मा, तूलिका अग्रवाल, नवीन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# तीन करोड़ का गांजा पकड़ा...'पुष्पा स्टाइल' में आंध्र प्रदेश से ट्रक में लाए माल, देखकर पुलिस भी हैरान

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



केबिन और बाडी के बीच में एक चैंबर बना था। इसमें प्लास्टिक के बैग को टेप और कागज लगाकर पैक किया गया था। बैग को खोला गया तो उसमें गांजा बरामद हुआ।

पुष्पा फिल्म में चंदन की लकड़ी की तस्करी का जो तरीका दिखाया गया था, उसी तरह गांजे की तस्करी भी तस्कर कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश से ट्रक चालक के केबिन में बने खुफिया चैंबर में रखकर तीन करोड़ की कीमत का गांजा आगरा लाया गया। रविवार रात को सिकंदरा के रुनकता में पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया। चालक समेत 3 को गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि हीरालाल की प्याऊ, रुनकता में पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी एक खाली ट्रक नजर आया। चालक केबिन में देखा तो एक गेट बना हुआ था। उसे खोला गया तो केबिन और बाडी के बीच में एक चैंबर बना था। इसमें प्लास्टिक के बैग को टेप और कागज लगाकर पैक किया गया था। बैग को खोला गया तो उसमें गांजा बरामद हुआ। इनका वजन तकरीबन 494 किलोग्राम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गांजे की कीमत तकरीबन 3 करोड़ रुपये है।

गिरफ्तार आरोपियों में गाजियाबाद निवासी मोहम्मद अफसार, पिनाहट निवासी धर्मा उर्फ धर्मपाल, पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना निवासी प्रसन्नजीत मित्र हैं। उन्होंने पूछताछ में पिनाहट निवासी राहुल, रंजय, अनिल शर्मा, गाजियाबाद निवासी अंजुम, जाकिर और आंध्रप्रदेश के दिलीप के नाम बताए हैं। यह सभी लोग गांजे की तस्करी में शामिल हैं। आरोपियों से ट्रक, एक कार, 7 मोबाइल आदि बरामद किए गए।

डीसीपी सिटी के मुताबिक, पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि अफसार अपने साथी अनिल शर्मा के साथ मिलकर दो साल से गांजे की तस्करी कर रहा है। उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से गांजा लाते हैं। उन्हें 3 हजार रुपये प्रति किलोग्राम में मिल जाता है। लोनी निवासी अंजुम व जाकिर बिक्री कर देते हैं। वह 10 से 15 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से ले लेता है। आरोपी धर्मपाल ने बताया कि वह पिनाहट में अनिल के घर के पास रहता है। वह वाहन और मजदूर उपलब्ध कराता है। गांजे की बिक्री फुटकर में आगरा के साथ ही मथुरा में होती है। पुलिस से बचने के लिए ट्रक को खाली रखते हैं। कार में बैठे साथी आगे-आगे चलते हैं। पुलिस चेकिंग मिलने पर ट्रक को रोक देते हैं।

### आगरा–मथुरा में भी मांग

पुलिस को आरोपियों ने बताया कि पहले दिल्ली एनसीआर के साथ ही पंजाब में गांजे की तस्करी ज्यादा होती है। मगर, अब पुलिस की सख्ती हो गई है। इस कारण आगरा और मथुरा के साथ आसपास के जिलों में गांजे की बिक्री कर रहे हैं। नशे के कारोबार में शामिल लोग हर 15 दिन में मांग करते हैं। इन जिलों में खपत भी बढ़ गई है। पुलिस पूर्व में भी ट्रक, कार, टैंकर के साथ ट्रेन से गांजा लेकर आने वालों को पकड़ चुकी है।

## उपराष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक...बिना अनुमति एयरफोर्स स्टेशन में घुसे तीन लोग

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष शंकर राव शिंदे की सुरक्षा में भारी चूक सामने आई है। उपराष्ट्रपति सचिवालय से अनुमोदित सूची के अलावा तीन अनधिकृत लोग बिना अनुमति के एयरफोर्स स्टेशन (टेक्निकल एरिया) में प्रवेश कर गए थे। उन्होंने उपराष्ट्रपति का स्वागत भी किया। सुरक्षा में इस लापरवाही पर सचिवालय ने आगरा प्रशासन से जानकारी मांगी है। आगरा प्रशासन ने एयरफोर्स स्टेशन के अधिकारी से जवाब–तलब किया है। जांच शुरू कर दी गई है। जीआईसी मैदान में रविवार को आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई त्रिशताब्दी समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने आए थे। साथ में उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ भी थीं। महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष शंकर राव शिंदे भी एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। उप राष्ट्रपति के आगमन पर स्वागत और विदाई के वक्त आगरा के जनप्रतिनिधियों के नाम उपराष्ट्रपति सचिवालय से निर्धारित किए गए थे। लेकिन तीन अनधिकृत व्यक्ति संजय अरोड़ा, रोहित कत्याल, सोनू कक्कड़ बिना अनुमति के ही एयरफोर्स स्टेशन परिसर में प्रवेश कर गए।

# एमएलके कॉलेज में साइकिल के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में सोमवार को एन एस एस द्वारा स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाने पर जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार 02 जून को एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य जेपी पांडेय के निर्देशानुसार तथा कार्यक्रमाधिकारी एनएसएस इकाई एक, डॉ रमेश कुमार शुक्ल के नेतृत्व में Sunday on cycle -Fight against obesity कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के झंडा पार्क में सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर जे.पी. पांडे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें भौतिकता से दूर रहते हुए तथा साइकिल का प्रयोग करके अपने को स्वस्थ रहने के लिए अनेकों टिप्स दिए तथा कार्यक्रम के सफलता की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रमाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने कहा की वर्तमान समय में हमें साइकिल का प्रयोग करके स्वयं को स्वस्थ रखना चाहिए क्योंकि साइकिल के प्रयोग से अनेकों बीमारियां जैसे -हार्ट की बीमारी, मांसपेशियों में दर्द, मोटापा तथा घुटने की बीमारी सहित अन्य बीमारियों से निजात मिल सकता है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखे।

छात्र-छात्राओं में विजय कुमार, शिवा, गिरजा एवं स्नेहा प्रमुख हैं। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ साइकिल रैली निकाली गई जिसे झंडी दिखाकर प्राचार्य जे.पी. पांडे ने रवाना किया। रैली मुख्य मार्ग से होते हुए काली थान, वीर विनय चौराहा,चौक एवं मेजर चौराहा से होते हुए महाविद्यालय के झंडा पार्क में आकर पूर्ण हुआ। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल डॉ. जितेंद्र भट्ट डॉ.अनामिका सिंह सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। साथ ही साथ छात्र-छात्राओं में प्रवेश, अनिवेश अनन्या, रितिका, मानसी, शिवा सहित सहित आनेको छात्रा छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिले की तीनों तहसीलों के उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में डीएम ने किया फेरबदल, कलेक्ट्रेट एवं तहसील में कार्यरत कई लिपिकों के भी बदले पटल

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

डीएम पवन अग्रवाल द्वारा प्रशासनिक कार्यों को और बेहतर एवं चुस्त दुरुस्त रखने के लियेबकलेक्ट्रेट एवं तहसीलों में कार्यरत 09 लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों के पटल में परिवर्तन किया गया है। इसके साथ ही तीनों तहसीलों के उपजिलाधिकारियों के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है।

जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट में कार्यरत इरशाद अली खान को रीडर न्यायालय जिलाधिकारी बलरामपुर के साथ-साथ है विशेष कार्याधिकारी, जिलाधिकारी एवं सामान्य सहायक के पटल की नवीन तैनाती दी गई है। मनोज कुमार को स्टांप सहायक, प्रभारी नाजिर सदर के पटल के नवीन तैनाती, आनंद कुमार को कलेक्ट्रेट से तहसील बलरामपुर में एडब्ल्यूबीएन पटल पर नवीन तैनाती , चौधरी को तहसील बलरामपुर से परिवाद सहायक कलेक्ट्रेट, जनसूचना सहायक एवं ईगवर्नेंस पटल पर नवीन तैनाती, रवि प्रकाश शुक्ला को रिट सहायक, प्रमाण पत्र सहायक, आईजीआरएस पटल पर नवीन तैनाती, मैराज हैदर को तहसील बलरामपुर से कलेक्ट्रेट में ईआरके, डीएलआरसी पटल पर नवीन तैनाती, रूपनारायण को तहसील उतरौला से कलेक्ट्रेट में रीडर अपर जिलाधिकारी, आशुलिपिक अपर जिलाधिकारी (वि/रा0) पर नवीन तैनाती, पाटेश्वरी प्रसाद को रीडर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जनगणना सहायक पटल पर नवीन तैनाती, संजय कुमार श्रीवास्तव को आरआरके/जेआरके, अरेंजर राजस्व अभिलेखागार पटल पर तैनाती की गई हैं।

बताते चले कि डीएम द्वारा तहसीलों के एसडीएम का फेरबदल भी किया गया हैं। अपर उप जिलाधिकारी / अपर जिला मजिस्ट्रेट बलरामपुर राकेश कुमार जयंत को उप जिलाधिकारी तथा उप जिला मजिस्ट्रेट तहसील तुलसीपुर की नवीन तैनाती सौंपी गई है। वहीं उप जिलाधिकारी तहसील तुलसीपुर अभय कुमार सिंह को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) तुलसीपुर बनाया गया है। इसके साथ ही उप जिलाधिकारी (न्यायिक) उतरौला अवधेश कुमार को अपर उप जिलाधिकारी/अपर उप जिला मजिस्ट्रेट बलरामपुर कलेक्ट्रेट की नवीन तैनाती सौंपी गई हैं। राजेंद्र बहादुर उप जिलाधिकारी को अपने कार्य के साथ- साथ उप जिलाधिकारी (न्यायिक) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया हैं।

# सात दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का आगाज

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में सोमवार को पंडित बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य की सात दिवसीय निःशुल्क कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। पहले दिन प्रतिभागियों को कथक नृत्य की प्राथमिक जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार 2 जून को कथक कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, प्रो0 एस पी मिश्र, कथक गुरु हर्षिता चौहान व कार्यशाला संयोजक महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि कथक कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोगों को कथक नृत्य की मूल बातें सिखाना और इस कला रूप के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

यह कार्यशाला न केवल नृत्य की तकनीक सिखाती है बल्कि इसके पीछे की संस्कृति, इतिहास और परंपराओं को भी समझने का अवसर प्रदान करती है। प्रो0 एस पी मिश्र ने कहा कि गायन, वादन व नृत्य का समागम संगीत है और संगीत मन को आनन्दित करती है। कथक गुरु हर्षिता चौहान ने बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग व एम एल के महाविद्यालय का आभार जताते हुए कहा कि यह एक अच्छा व सुखद अनुभव है कि आज का युवा अपनी भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक को सीखने के लिए उत्सुक है। उन्होंने ने कथक की प्राथमिक जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को कथक नृत्य की बुनियादी तकनीकों, जैसे कि फुटवर्क, हाथ की चाल, और विभिन्न प्रकार की गति का प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यशाला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ चौहान ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कथक नृत्य न केवल एक नृत्य कला है बल्कि यह आत्म-अभिव्यक्ति का एक शक्तिशाली माध्यम भी है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को नृत्य के माध्यम से अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर मिलता है । इस अवसर पर डॉ वंदना सिंह व रिंकी तिवारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# खुटहन में सरकारी भवन बना भूमाफिया की जागीर! प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की बात करती है, वहीं जौनपुर जिले के खुटहन विकासखंड से आई एक चौंकाने वाली तस्वीर ने सरकारी दावों की हकीकत उजागर कर दी है। यहां दो दबंग व्यक्तियों - विनोद यादव और सुभाष यादव - पर आरोप है कि उन्होंने ब्लॉक परिसर स्थित सरकारी कमरों पर अवैध कब्जा जमा रखा है।

हैरानी की बात ये है कि ये कब्जा महज 110 प्रति माह के दिखावटी किराये और फर्जी दस्तावेजों के दम पर वैध बताया जा रहा है।

## फर्जी दस्तावेज़ों का सहारा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन कागजातों के आधार पर ये कब्जा जायज बताया जा रहा है, वे पूरी तरह कूटरचित हैं। तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश कुमार व सचिव विद्याधर शुक्ला ने लिखित रूप में स्पष्ट किया है कि जिस अवधि के दस्तखत दस्तावेजों में दिखाए जा रहे हैं, उस दौरान वे वहां तैनात ही नहीं थे। न तो इनकी कोई रजिस्टर एंट्री है और न ही किसी बैठक का रिकॉर्ड।

किराया दिखावा, नीयत पर सवाल

सबसे दिलचस्प बात यह है कि ?110 का किराया पहली बार जुलाई 2024 में जमा किया गया, जब प्रशासन पहले ही नोटिस जारी कर चुका था। पंचायत ने साफ कहा कि न तो इस भुगतान की कोई जानकारी है, न ही इसे वैधता का आधार माना जा सकता है।

## प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी

मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम और खंड विकास अधिकारी गौरवेन्द्र सिंह ने तीन दिन में भवन खाली कराने का आदेश दिया था। एसडीएम, सीओ और विद्युत विभाग तक को अलर्ट किया गया, लेकिन कार्रवाई अब तक शून्य है। सूत्र बताते हैं कि जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने खुद आदेश जारी किए और यहां तक कि एसडीएम शाहगंज को फटकार भी लगाई गई, लेकिन नतीजा आज भी कागजों में ही दबा पड़ा है।

> उक्त प्रकरण मेरे संज्ञान में है मैं सरकारी कार्य से वाराणसी में हूं पहुंचते ही संबंधित फाइल को मंगवा कर देखता हूं और दबंगों से सरकारी आवास को मुक्त कराऊंगा। जो भी लोग इसमें शामिल है उसमें कड़ी कारवाई की जाएगी
>
> **दिनेश कुमार सिंह जिलाधिकारी जौनपुर**

## क्या प्रशासन भूमाफिया से डरता है?

यह मामला सिर्फ एक अवैध कब्जे का नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाता है। शाहगंज तहसील पहले से ही भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में है, और अब यह प्रकरण उसकी छवि पर और धब्बा लगा रहा है। पंचायतों में घोटाले, लेखा पुस्तिकाओं में गड़बड़ी और अब सरकारी भवनों पर कब्जा - यह है 'जीरो टॉलरेंस' की जमीनी हकीकत।

## जिलाधिकारी सोशल मीडिया पर सक्रिय, लेकिन ज़मीनी कार्रवाई नदारद

इस बीच, जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव नजर आते हैं - कभी स्कूलों में निरीक्षण, कभी पौधारोपण, तो कभी स्वागत समारोहों में व्यस्त। लेकिन इस तरह के गंभीर प्रशासनिक मामलों पर उनकी चुप्पी सवालों के घेरे में है। अब देखना यह है कि जौनपुर का प्रशासन इस अवैध कब्जे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करता है या फिर खुटहन का यह सरकारी भवन प्रशासनिक निष्क्रियता का प्रतीक बनकर रह जाएगा।

# पूर्वांचल का कुख्यात गौ तस्कर मुठभेड़ में गिरफ्तार



गैंगस्टर के पास से 32 बोर की पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस बरामद

## पुलिस के लिए वांटेड अपराधी है नसीम उर्फ कल्लू कंकाली

जफराबाद। जिले की थाना लाइन बाजार पुलिस से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया खेतासराय थाना क्षेत्र निवासी नसीम अहमद उर्फ कल्लू कंकाली कोई मामूली अपराधी नहीं है। पशु तस्करी के क्षेत्र में इसका सिक्का चलता है। इसका नेटवर्क जनपद मैनपुरी, एटा, इटावा से लेकर जौनपुर और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि थाना लाइन बाजार पुलिस द्वारा मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया नसीम अहमद उर्फ कल्लू कंकाली पुत्र मोहम्मद रसीद अहमद पूर्वांचल का कुख्यात पशु तस्कर है। इसके खिलाफ जनपद मैनपुरी में पशु तस्करी की धारा में गंभीर मुकदमा दर्ज है। कई जिलों की पुलिस के लिए यह आज भी वांटेड इनामी अपराधी है। खेतासराय पुलिस ने भी गोवध अधिनियम के साथी 25 आर्म्स एक्ट में भी इसका चालान किया था। इसके अलावा 11 पशु क्रूरता अधिनियम, यूपी गैंगस्टर अधिनियम की कार्रवाई हो चुकी है। खुटहन पुलिस द्वारा गो वधअधिनियम के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद। जिले की थाना लाइन बाजार पुलिस ने बीती रात पूर्वांचल के कुख्यात गो तस्कर को हल्की मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 32 बोर का एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गैंगस्टर में पाबंद रह चुके इस गो तस्कर की पहचान जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के लेदरही गांव निवासी नसीम अहमद उर्फ कल्लू कंकाली के रूप में हुई है। पुलिस ने दावा किया कि यह इनामी गो तस्कर रहा है। इसके खिलाफ मैनपुरी जनपद के साथ ही, खेतासराय, खुटहन, लाइन बाजार थाना क्षेत्र में कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी डॉ कौस्तुभ के निर्देशन पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना लाइन बाजार प्रभारी सतीश कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि नेवादा अंडरपास के पास कुछ शातिर किस्म के बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। पुलिस टीम उप निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह व टीडी कॉलेज चौकी प्रभारी अरविंद कुमार यादव कांस्टेबल कृष्णानंद यादव, दीपक सिंह अन्य को लेकर बदमाशों की घेराबंदी के लिए मौके पर डट गए।

कुछ देर बाद कजगांव की तरफ से एक व्यक्ति पैदल आता दिखा। पुलिस को देखते ही वह कच्चे रास्ते की तरफ भागने लगा। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने जब उसे रुकने को कहा तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह और उपनिरीक्षक अरविंद यादव ने भी अपनी सरकारी पिस्टल से एक-एक राउंड फायर किया।

मुठभेड़ में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी।

घायल बदमाश की पहचान जौनपुर के खेतासराय थाना क्षेत्र के लेदरही निवासी नसीम अहमद उर्फ कल्लू कंकाली के रूप में हुई। उसके पास से 32 बोर की एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और 660 रुपये बरामद हुआ।

घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा गो तस्करी समेत अन्य कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खेतासराय पुलिस से पशु तस्कर की मुठभेड़, पैर में लगी गोली



बदमाश की फायरिंग में बाल बाल बचे रामाश्रय राय, तस्कर के खिलाफ दर्ज है आधा दर्जन मुकदमें

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खेतासराय। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पशु तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने बीती रात आजमगढ़ जौनपुर के सोंगर गांव के बॉर्डर पर मुठभेड़ के दौरान जबरदस्त घेराबंदी के बाद एक कुख्यात पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान इस बदमाश के पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा, दो खोखे कारतूस, एक मिस कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस बदमाश की पहचान मनीष यादव के रूप में हुई है। इसके ऊपर चार मुकदमे पहले से दर्ज हैं। जिनमें लूट और आर्म्स एक्ट शामिल है।

इस संबंध में खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने मीडिया को बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव और शाहगंज की डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान के निर्देशन में बीती रात आजमगढ़ जौनपुर बॉर्डर पर अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा था।

इस दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति बहुत तेजी के साथ आ रहा था। मानीकला पुलिस चौकी प्रभारी शैलेंद्र राय ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह उनके ऊपर बाइक चढ़ाते हुए मानीकला की तरफ भागने लगा। चौकी प्रभारी ने थानाध्यक्ष खेतासराय रामाश्रय राय को सूचना देते हुए उसका निरंतर पीछा जारी रखा। आखिरकार नियाज स्कूल की तरफ चारों ओर से घिरता देख खाली प्लाट की तरफ वह अपनी बाइक मोड़ दिया। इस दौरान उसने पुलिस के ऊपर फायर किया। संयोग ही रहा कि खेतासराय थाना प्रभारी को छूते हुए गोली निकल गई। बदमाश ने दूसरी बार फिर फायर किया तो पुलिस की ओर से जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई। पूछताछ के दौरान पशु तस्कर की पहचान मनीष यादव पुत्र सुरेंद्र यादव निवासी ग्राम बहरीपुर, थाना जलालपुर के रूप में हुई। गोली लगने से घायल पशु तस्कर को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी में भर्ती कराया गया है।

मनीष के पास से .315 बोर का तमंचा, दो खोखे कारतूस, एक मिस कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। मनीष पर चार मुकदमे पहले से दर्ज हैं। जिनमें लूट और आर्म्स एक्ट शामिल है।

## मुठभेड़ में ये रहे शामिल

खेतासराय। खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार पशु तस्कर के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना जलालपुर, कोतवाली केराकत में उसके खिलाफ गो वध नियम और आर्म्स एक्ट की कार्रवाई हो चुकी है। इस पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक शैलेंद्र राय, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार यादव, शुभम त्यागी, दिनेश यादव, अमरजीत अन्य शामिल रहे। बरामद हीरो सुपर बाइक पर यूपी 45 के 5933 का नम्बर प्लेट लगा हुआ था।

## जलालपुर में भी एक पशु तस्कर गिरफ्तार

जलालपुर। थाना क्षेत्र के रेहटी गांव के पास रविवार की रात हाइवे पर चेकिंग के दौरान छितौना लोहगाजर मार्ग पर भाग रहे बदमाश को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाश के दाहिने पैर में लगी गोली। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह मय हमराह रेहटी गांव के पास हाईवे पर बनारस से लखनऊ जाने वाली लेन पर चेकिंग कर रहे थे तभी वाराणसी की तरफ से एक मोटर साइकिल तेज गति से पुलिस वालो की तरफ आता हुआ दिखाई दिया। मोटर साइकिल सवार को टार्च की रोशनी से रोकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस को देखकर हाईवे लेन से सटे बगीचे की तरफ मुडकर भागने लगा पुलिस पीछा करने लगी तो वह बगीचे से छितौना लोहगाजर मार्ग की तरफ भागने का प्रयास किया तभी अनियंत्रित होकर मार्ग के किनारे फिसलकर गिर गया। पुलिस को अपनी तरफ आता देखकर पकडे जाने के डर से पुलिस को लक्ष्य कर असलहे से फायर कर दिया। जिससे पुलिस वाले बाल बाल बच गये आत्मसपर्पण की चेतावनी देने के बाद पुनः असलहे को लोड करने लगा तभी थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने फायर कर दिया गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी। वह जमीन पर गिरकर कराहने लगा। बदमाश के पास पहुंचकर पुलिस उसका नाम पता पूछा तो अपना नाम किशन सरोज उर्फ भोथू पुत्र रामचन्द्र सरोज निवासी सैदपुर थाना जलालपुर बताया।

# शाही ईदगाह कमेटी ने सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाही ईदगाह कमेटी जौनपुर के सेक्रेटरी शोएब खान अच्छू के नेतृत्व में सोमवार को शाही ईदगाह कमेटी का प्रतिनिधिमण्डल नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह से उनके कार्यालय में मुलाक़ात किया। इस दौरान उन्हें एक मांग पत्र दिया। जिसमें ईद उल अजहा के मौके पर बिजली आपूर्ति, यातायात व्यवस्था और मुख्य रास्ते में नाले के बगल वाली पटिया का निमार्ण कराया जाये और साफ सफाई व उचित सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने सभी समस्याओ के समाधान का आश्वासन दिया । कहा मै अविलम्ब दो दिनों के अंदर शाही ईदगाह का मुआयाना करके सभी समस्याओं का निदान कर दूंगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हुँ की ईद उल अज़हा का पर्व शांतिपूर्वक व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होगा। इस अवसर पर शाही ईदगाह कमेटी के उपाध्यक्ष नेयाज़ ताहिर शेखु एडवोकेट, कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हफ़ीज़ शाह, कानूनी सलाहकार व पूर्व शाशकीय अधिवक्ता मेहदी रज़ा एडवोकेट, ज़फर शोएब, शमीम अहमद एडवोकेट, अन्य मौजूद रहे।

# इण्डियन ऐमेचर बॉक्सिंग फेडरेशन के संयुक्त सचिव बने रमाकान्त पाण्डेय



जन एक्सप्रेस। बस्ती

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रमाकान्त पाण्डेय को इंडियन ऐमेचर बॉक्सिंग फेडरेशन (आई.ए.बी.एफ) ने उत्तर प्रदेश का संयुक्त सचिव बनाया है।

यह जानकारी देते हुये रमाकान्त पाण्डेय ने बताया कि भारतीय एमेच्योर बॉक्सिंग महासंघ आम सभा का आयोजन नई दिल्ली के होटल सोपान हाइट्स, करोल बाग में हुआ। इस बैठक में देशभर से 27 राज्यों, 6 केंद्र शासित प्रदेशों और 5 खेल बोर्डों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान हुए चुनाव में डॉ. राकेश मिश्र को सर्वसम्मति से महासंघ का नया अध्यक्ष चुना गया। उनका कार्यकाल वर्ष 2025 से 2029 तक रहेगा। कहा कि उन्हें संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश की जो जिम्मेदारी दी गई है, उनका पूरा प्रयास होगा कि वे उस पर खरा उतरें। मुक्केबाजी को युवा तक पहुँचाना है, मुक्केबाजी को राष्टीय स्तर तक पहुंचाने में वे हर संभव पहल करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रमाकान्त पाण्डेय को इंडियन ऐमेचर बॉक्सिंग फेडरेशन (आई.ए.बी.एफ) ने उत्तर प्रदेश का संयुक्त सचिव बनाये जाने पर अनेक भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# घर में घुसकर मारपीट का वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**जफराबाद।** जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में सोमवार की सुबह दबंगों ने एक घर मे घुसकर मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई। बघटना का वीडियो वायरल हो रहा है। ऊक्त गांव निवासी विजय प्रताप पाण्डेय की पुत्री संजना पाण्डेय ने पुलिस को दिये तहरीर में आरोप लगाया हैं कि उसके पड़ोस के कुछ लोग जमीनी विवाद में उसके घर मे घुसकर उसके पिता को लाठी डंडे से मारने पीटने लगे।

जब उसकी मां सरोज पाण्डेय व बहने रंजना, अंजना व उसने पिता को बचाने का प्रयास किया तब वे लोग सभी को मारते पीटते घर मे घुस गए। घर में अश्लीलता भरी हरकत करने लगे।

जब सबने शोर मचाया तब वे भाग निकले। घटना में विजय प्रताप पाण्डेय को काफी चोट आयी। उन्हें सीएचसी नेहरूनगर से जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।

थानाप्रभारी त्रिवेणी सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी होगी।

# भाजपा की डबल इंजन सरकार कर रही देश का चतुर्दिक विकास विधायक: रमेश चंद मिश्र

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जंघई। भाजपा की सरकार में प्रधान मंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में देश चहुंमुखी विकास कर रहा है।देश के युवाओं के आत्मनिर्भर भारत के सपने को मोदी सरकार साकार कर रही है।वे भोगीपुर सेमरी में अनिलकुमार तिवारी उर्फ छब्बू के शादी की साल गिरह में आयोजित वस्त्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। इसके पूर्व विधायक का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

जिनमें प्रमुख रूप से राकेश भौकाल तिवारी, पंचम तिवारी, दीपक तिवारी, दिनेश तिवारी, भोलानाथ तिवारी, शैलेश आदि रहे।

आयोजक रत्नेश तिवारी ने बताया कि गरीबों में 200 साड़ी और 100 गरीब पुरुषों को वस्त्र दिया गया। इसके पूर्व अखंड रामचरित मानस पाठ कर पूजा अर्चना की गई।

संगीत कार्यक्रम में विकाश इलाहाबादी दलबल के साथ श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शैलेश पाठक ने किया।

# परम्परगत ढंग से मनायें बकरीद का त्योहार: सीओ सिटी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद। स्थानीय थाना परिसर में सोमवार की देर शाम को बकरीद के त्योहार को लेकर पीस कमेटी की अहम बैठक हुई।

बैठक में आये लोगों को सम्बोधित करते हुए सीओ सिटी देवेश सिंह ने कहा कि बकरीद के पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। किसी भी तरह की नई परम्परा न डालें। परम्परा गत तरह से मिलजुलकर त्योहार मनाए।किसी भी प्रकार के उत्तेजक व भड़काऊ पोस्ट अगर कोई डालता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखे।

वही थानाप्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी अपने घरों में करे और इसका वीडियो सोशल साइट पर न डाले। किसी भी धर्म या समुदाय की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक के अंत में सीओ सिटी ने सभी को बकरीद की अग्रिम शुभकामनाएं दिया।

इस मौके पर अखिलेन्द्र सिंह,सुनील निषाद, चैयरमैन प्रतिनिधि डॉ सरफराज खा, पूर्व चेयरमैन प्रमोद बरनवाल, सन्दीप सेठ, राजेश जायसवाल, परवेज कुरैशी, दिलशाद अहमद आदि मौजूद रहे।

# मंदिरों से चोरी का खुलासा, सगे भाई सहित चार गिरफ्तार, भारी मात्रा में सामान बरामद

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर



पुलिस ने चोरी के आरोप में मिर्जापुर के जमालपुर थाने के चैनपुरवा चौबेपुर निवासी दो सगे भाइयों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मंदिरों से चोरी 394 घंटियां, चार मुकुट और चांदी की दो आंखें बरामद हुई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे आबादी से दूर वाले मंदिरों में चोरी करते थे।

इलिया थाने में एएसपी दिगंबर कुशवाहा ने बताया कि आरोपी कलानी गांव में काली मंदिर के पास चोरी की योजना बना रहे थे। सूचना पर इलिया थानाध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह और शहाबगंज थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया।

इनमें मिर्जापुर जिले के जमालपुर थाने के चैनपुरवा चौबेपुर निवासी सगे भाई धीरज तिवारी व नीरज तिवारी हैं। इसी गांव के अतुल तिवारी की निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले मिर्जापुर के जमालपुर थाने के दीपक कुमार उर्फ दीपू को भी गिरफ्तार किया गया है।

उसके पास से 394 घंटियां, चार चांदी के मुकुट, दो चांदी की मूर्ति, लोहा काटने की एक आरी व लोहा काटने के चार ब्लेड, बाइक, 1500 रुपये बरामद किए हैं। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार धीरज और नीरज पर मिर्जापुर और चंदौली के विभिन्न थाने में छह से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। अन्य आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# काशी एक्सप्रेस ट्रेन मे बंम की अफवाह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

गोरखपुर से कुर्ला जाने वाली 15018 काशी एक्सप्रेस ट्रेन मे बम की सूचना पर जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को सोमवार को ढाई घंटे तक रोक कर सघन चेकिंग की गयी। सूचना पर आनन फानन में मौके पर पहुंची मीरगंज पुलिस आरपीएफ, जीआरपी ने एक एक वस्तु बैग की तलाश किया।

बंम निरोधक दस्ता को प्रयागराज व जौनपुर से बुलाया गया ट्रेन ढाई घंटे से अधिक जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर खडी रही।

किसी ने रेलवे कन्ट्रोल को सूचना दिया कि 15018 गोरखपुर से कुर्ला लोकमान्य तिलक टर्मिनल जाने वाली स्लीपर बोगी के एस-1से एस-4 किसी बोगी में बंम रखा गया है। कन्ट्रोल ने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी और जंघई स्टेशन अधीक्षक को दिया। सूचना मिलते जैसे ही ट्रेन जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर तीन बजकर दो मिनट पर पहुची। आरपीएफ इन्सपेकटर आलोक तिवारी एसआई नागेन्द्र सिंह जीआरपी प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा तथा थानाध्यक्ष मीरगंज विनोद अंचल एसआई निखिलेश तिवारी, एस आई मुन्नी लाल मौके पर पहुँच गये और ट्रेन की सभी बोगियों को कई बार चेकिंग किया।कोई संदिग्ध वस्तु न मिलने पर संतोष व्यक्त किया गया। बंम निरोधक दस्ता प्रयागराज की चेकिंग के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

स्टेशन अधीक्षक कोमल सिंह का कहना है की बंम की सूचना पर काशी एक्सप्रेस ट्रेन को जंघई रेलवे स्टेशन पर चेकिंग कराई गयी। फिलहाल कुछ नहीं मिला है।

# जनता में सुरक्षा का भाव जगाना पुलिस का परम कर्तव्य

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के जंघई पुलिस चौकी के अंतर्गत बभनियांव बूथ का उद्घाटन क्षेत्राधिकारी मछली शहर प्रतिमा वर्मा ने सोमवार को शाम पौने छः बजे किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस बूथ का मुख्य उद्देश्य है कि गांव के लोग बिना किसी रोक-टोक के साथ अपनी समस्या खुल कर पुलिस को बताएं ।जिससे निर्धारित समय पर उनका काम हो सके ।पुलिस जनता में सुरक्षा का भाव पैदा कर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 24 घंटे तत्पर रहती है ।अंत में उन्होंने पुलिस बल को निर्देश जारी किया कि पुलिस का नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार होना चाहिए ।जिससे निर्भिक होकर लोग अपनी बात को कह सके।

# थाने में प्रेम प्रसंग पर पंचायत, युवती के भाई को गोली मारने का आरोप

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर



चील्ह। शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में शिक्षक गोपीगंज के युवक और स्थानीय युवती के बीच प्रेम प्रसंग पर शनिवार से चील्ह थाने में चल रही पंचायत में दोनों पक्ष भिड़ गए। आरोप है कि युवक के एक साथी ने रिवाल्वर निकालकर युवती के भाई सहित अन्य पर तान दिया। मारपीट में युवती के भाई सहित कुछ लोग घायल हो गए। लड़की पक्ष का आरोप है कि रिवाल्वर से चली गोली भाई को लगी है, जबकि पुलिस का कहना है कि छीनाझपटी और मारपीट में चोट लगी है। पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है।

भदोही के गोपीगंज का एक युवक और चील्ह थाने के एक गांव की युवती आपस में प्रेम करते हैं। दोनों के परिवार शादी के लिए तैयार नहीं हैं। शनिवार को युवक अपने अधिवक्ता और कुछ साथियों के साथ चील्ह थाने पहुंचा और शिकायत की कि युवती के घरवाले परेशान कर रहे हैं। पुलिस ने युवती और उसके पिता को थाने बुलाया। देर रात तक पंचायत चली पर नतीजा नहीं निकला। रविवार को दोपहर में फिर थाने पर पंचायत शुरू हुई। दोनों पक्षों के चुनिंदा लोग कमरे में बात कर रहे थे। युवक के चाचा भी थे।

आरोप है कि बात बिगड़ने पर युवक और युवती पक्ष के लोगों में मारपीट हो गई। युवक के साथी ने रिवॉल्वर निकाल कर युवती के भाई और अन्य लोगों पर तान दी। छीनाझपटी और मारपीट में कुछ लोग घायल हो गए। इससे परिसर में अफरातफरी मच गई। सूचना पर एएसपी नितेश सिंह और सीओ अमर बहादुर के साथ ही कई थानों की फोर्स पहुंच गई। युवती के परिजन फायरिंग करने और भाई के हाथ में गोली लगने का आरोप लगा रहे हैं। इधर, विवाद के बाद पीएसी तैनात कर दी गई है। कई थानों की फोर्स भी मौजूद है। युवती घर जाने के लिए तैयार नहीं है। देर शाम तक युवती के परिजन उसको समझाने में लगे थे।

## युवती की मां की तबीयत हुई खराब

पंचायत के दौरान शनिवार को साथ आई मां की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया। वहां हार्ट अटैक आने की बात कही जा रही है।

थाने बुलाई गई युवती अपने परिजनों के साथ जाने के लिए तैयार नहीं थी। वह युवक के साथ रहना चाहती थी। परिजनों के लाख समझाने पर भी नहीं मानी। परिजनों का कहना था कि 10 दिन का समय दें तो बेटी को विधिवत विदा कर देंगे। युवक पक्ष युवती की सुरक्षा की मांग कर रहा था।

> प्रेम प्रसंग में परिजनों की ओर से जो आरोप लगाया गया है, वह प्रारंभिक जांच में असत्य व निराधार है। घायल के मेडिकल में भी बात निराधार प्रमाणित हुई है। तहरीर मिलने के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **नितेश सिंह, एएसपी।**

# शांति व सौहार्द के साथ मनाए त्योहार: शशांक त्रिपाठी





जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में आगामी ईद-उल-अजहा व शनिवार को आयोजित होने वाले भंडारों को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के., सभी एसडीएम व जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ शांति समिति बैठक की। जिसमें जनपद से विभिन्न समुदायों के संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले बधाई देते हुए बैठक में भाग लेने वाले संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं से सुरक्षा संबंधी सुझावों के आदान-प्रदान करने को कहा। साथ ही सभी से एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने की अपील की। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह ने कहा है कि खुले व सार्वजनिक स्थल पर कुर्बानी नहीं दी जाएगी। साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना करें। सड़क पर नमाज अदा न करें। साथ ही कोई भी नई परंपरा प्रारंभ नहीं होने दी जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक श्री विकास चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कुर्बानी के फ़ोटो व वीडियो न बनाये जाए और न ही उनको सोशल मीडिया पर शेयर, अपलोड किया जाए। कोई नई परम्परा न डाली जाए। यातायात न बाधित हो, सड़क पर नमाज न पढ़ी जाए।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव ने स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं के विषय में जानकारी दी और कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला अस्पताल सहित सीएचसी पीएचसी पर चिकित्सकों से जरूरी परामर्श लें। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि सभी को जागरूक करें कोई नई परम्परा न डाली जाए। कुर्बानी से सम्बंधित फ़ोटो वीडियो न अपलोड की जाए। अफवाहों को पुलिस प्रशासन से वेरिफाई कर ले, उन्हें शेयर न करें। सब लोग शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

कुर्बानी के बाद अवशेषों को नगर पंचायत की गाड़ियों में निर्धारित स्थान पर गड्ढों में ही दबाएं। पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि अगर कोई असामाजिक तत्व सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास करता है या फिर किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधि करता दिखाई देता है तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित थाने की पुलिस को दे, ताकि उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, बल्कि अफवाह की पुष्टि अधिकारियों से करें।

सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। इसके साथ ही डीएम व एसपी ने सभी से अपील की है कि इंटरनेट मीडिया पर ऐसे कमेंट या पोस्ट न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो।

किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत व अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें। बैठक में प्रशिक्षु तेजस के., अपर पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी, सभी एसडीएम, ईओ नगर पालिका, सभी नगर पंचायतों के ईओ, अधीक्षण अभियंता विद्युत, एक्सईएन जलनिगम, सहित जनपद के पीस कमेटी के सम्मानितजन, संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### त्योहार मनाने में ना आने पाए किसी प्रकार की समस्या

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि देवा महादेवा की पावन धरती पर आयोजित सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में आये हुए सभी सम्भ्रांतजनों को मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। सभी लोग पीस कमेटी की बैठक के सन्देश को आगे बढ़ाए। जनपद स्तरीय अधिकारी समय से सभी तैयारियां पूरी कर लें। विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति और साफ-सफ़ाई के इंतजाम सुनिश्चित कर लें। रास्ते में आवारा पशु न दिखाई दे। किसी प्रकार की कोई दिक्कत त्योहार में मनाने में ना आने पाए, जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना होने पाए। फ़ोटो, वीडियो और रील आदि सोशल मीडिया पर किसी भी दशा में कोई शेयर, अपलोड ना करे, रास्तों पर नमाज ना पढ़ी जाये और यातायात बाधित ना होने पाए। शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को मनाए।

### डीएम ने की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तैयारियों की समीक्षा

बाराबंकी। जनपद में आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल आयोजन हेतु जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी विभागों को उनके दायित्व स्पष्ट करते हुए जिलाधिकारी ने आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव और जीवन में संतुलन लाने की भारतीय परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा जिसमें गांव-गांव, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और कार्यालयों में योग प्रशिक्षण शिविर, अभ्यास सत्र और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, 21 जून की सुबह जीआईसी ऑडिटोरियम में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ संगठनों, स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारियों और नागरिकों की सहभागिता रहेगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि योग दिवस को जनआंदोलन के रूप में विकसित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। बैठक के पहले जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ प्रस्तावित मुख्य आयोजन स्थल राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) ऑडिटोरियम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, ध्वनि, विद्युत, पानी, बैठने की व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा, पार्किंग तथा प्रवेश-निकास की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की कवरेज व योग करने हेतु आने वाले मीडिया के बन्धुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं समुचित रूप से कर ली जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के., उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनन्द कुमार तिवारी, जिला आयुष अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# टिकैतनगर थाना प्रभारी ने गुमशुदा मोबाइलों को किया बरामद, मालिकों को सौंपा



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

टिकैतनगर। डिजिटल तकनीक के इस युग में पुलिस प्रशासन आम जनमानस की समस्याओं को हल करने के लिए लगातार नई पहल कर रहा है। इसी कड़ी में थाना टिकैतनगर पुलिस ने एक सराहनीय कार्य करते हुए गुमशुदा मोबाइल फोन खोजकर उन्हें उनके असली मालिकों को सौंप दिया है। पुलिस ने यह कार्य पोर्टल के माध्यम से मिली शिकायतों के आधार पर किया, जिससे तकनीक की उपयोगिता और पुलिस की तत्परता का बेहतरीन उदाहरण सामने आया है। थाना टिकैतनगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से कुल पाँच व्यक्तियों ने अपने मोबाइल फोन खोने की शिकायत पोर्टल पर दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ताओं में जारमऊ निवासी धनंजय यादव, टिकैतनगर कस्बे के सर्वेश कुमार तिवारी, इंचौली के सेखाना मोहल्ले के मोहम्मद सलमान सिद्दीकी, अजई मऊ के देवेंद्र प्रताप, और लखनऊ निवासी विनय कुमार गुप्ता शामिल हैं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव, उपनिरीक्षक अनुभव मिश्रा और कांस्टेबल अतुल कुमार यादव ने मिलकर सूझ-बूझ और तकनीकी सहायता से मोबाइल फोन को ट्रैक किया और उन्हें सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। पुलिस ने सोमवार को थाना परिसर में एक संक्षिप्त समारोह के दौरान सभी बरामद मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे। मोबाइल पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस विभाग का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी रत्नेश कुमार पाण्डेय ने कहा, हमारी प्राथमिकता जनता को न्याय और सुरक्षा देना है। आज के दौर में मोबाइल सिर्फ एक संचार साधन नहीं, बल्कि लोगों की पहचान, दस्तावेज और डिजिटल जीवन का हिस्सा बन चुका है। इसलिए मोबाइल फोन की बरामदगी बेहद जरूरी है। हम नागरिकों से अपील करते हैं कि यदि उनका मोबाइल गुम हो जाए या चोरी हो जाए, तो वे तुरंत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इससे पुलिस को ट्रैकिंग और रिकवरी में बहुत सहायता मिलती है।

# राष्ट्र सेविका समिति प्रवेश शिक्षा वर्ग एवं प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह संपन्न हुआ

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



उन्नाव शहर के मोहल्ला गीता पुरम श्रेत्र के आदर्श विधा मंदिर इंटर कॉलेज स्कूल प्रांगण में आयोजित राष्ट्र सेविका समिति का प्रवेश शिक्षा वर्ग एवं प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 18 मई 2025 से 2 जून 2025 तक चल रहा था इसके समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ से रीना सिंह जी चेयरपर्सन बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स उपस्थित रही जिन्होंने कहा कि राष्ट्र सेविका समिति भारत में महिलाओं के विकास में अभूतपूर्व योगदान कर रही है समिति की सेविका बहने इतनी अधिक गर्मी में राष्ट्र की बालिकाओं को प्रशिक्षित करने के लिए अत्यधिक श्रम करके राष्ट्र निर्माण के योग में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं और यह शिक्षार्थी बहने जो तपस्या की तरह प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं भारत का उज्जवल भविष्य बनाने के लिए संकल्प बद्ध है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में समिति की प्रमुख कार्यवाहिका आदरणीय अन्नदानम सीता गायत्री जी उपस्थित रही जिन्होंने राष्ट्र सेविका समिति के कार्य विस्तार के विषय में बताया उन्होंने कहा कि समाज में जितने अधिक संगठन कार्य कर रहे हैं यह सभी महिलाओं के लिए कार्य कर रहे हैं किंतु राष्ट्र सेविका समिति एकमात्र महिला संगठन है जो राष्ट्र के लिए कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जो कि राष्ट्र सेविका समिति का कृतृत्व का आदर्श हैं उनका त्रिशताब्दी वर्ष 31 मई को संपन्न हुआ जिसके लिए पूरे भारत भर में सक्रियता से कार्यक्रम संपन्न किए गए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने राष्ट्र धर्म के लिए सतत कार्य किया,उन्होंने कहा कि समाज में विभिन्न प्रकार के विमर्श फैलाये जाते हैं जिनको समझना आवश्यक है। वर्ग अधिकारी तथा प्रांत व्यवस्था प्रमुख अवध प्रांत आदरणीय मिथिलेश ने वर्ग वृतांत रखा उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग में 200 से अधिक बहनें प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी जिनमें से प्रवेश शिक्षा वर्ग में तीन पीएचडी होल्डर 16 गृहणियां, अन्य तरुणी व बालिकाएं इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर रही थी इस पूरे वर्ग की व्यवस्था के नाते 24 बहने उपस्थित थी तथा प्रांतकार्यकारिणी व अन्य अधिकारी बहनों की उपस्थिति वर्ग की देखरेख के लिए रही इस प्रशिक्षण वर्ग में बहनों ने योगासन, दंड, यष्टि, नियुद्ध, योगचाप अधिकारी विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के विषयों पर ज्ञान लाभ हुआ चर्चा सत्र में उन विषयों पर चर्चा हुई और शारीरिक के अंतर्गत शाखा में सब में विभिन्न विषयों को सीखा सर्व व्यवस्था प्रमुख मूवी जी ने वर्ग को सुचारू रूप से चलाने के लिए व्यवस्था में सहयोग देने वाले बंधु बांधवों का आभार किया इस वर्ग की मुख्य शिक्षिका अपर्णा जी कानपुर प्रांत शारीरिक प्रमुख रहीं वर्ग की बौद्धिक व्यवस्था एवं समापन समारोह का संचालन अवध प्रांत बौद्धिक प्रमुख डॉ पारुल जी ने किया कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी गणों में अखिल भारतीय सह शारीरिक प्रमुख आदरणीय के सीता दीदी,क्षेत्र प्रचारिका पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र आदरणीय शशि जी,प्रांत कार्यवाहिका अवध प्रांत यशोधरा जी, प्रांत कार्यवाहिका कानपुर प्रांत विनता जी,प्रांत संचालिका अवध प्रांत रत्नम जी,प्रांत बौद्धिक प्रमुख कानपुर प्रांत मधु जी,प्रांत संपर्क प्रमुख अवध प्रांत सावित्री जी, प्रांत सेवा प्रमुख कानपुर प्रांत नीतू जी प्रांतसंपर्क प्रमुख कानपुर प्रांत नलिनी जी तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस प्रशिक्षण वर्ग में बीच में भी समय देने वाले अधिकारियों में अखिल भारतीय सह शारीरिक प्रमुख वसुधा सुमन जी केंद्रीय टोली की सदस्य शारदा पांडे जी वकील भारतीय अधिकारी माधुरी ताई मराठे जी उपस्थित रहे।

# शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी के मोबाइल फोन बरामद




जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

थाना सतरिख पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर छापा मार करके एक शातिर चोर को धर दबोचा। तलाषी के दौरान उसके पास से चोरी का मोबाइल फोन व अन्य उपकरण बरामद किये। पुलिस ने चोर को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, सोमवार को थाना प्रभारी सतरिख अमर चौरसिया ने मुखबिर की सूचना पर जफरपुर मोड़ के पास से शातिर चोर थाना सतरिख के ग्राम मनेरा निवासी सचिन कुमार यादव पुत्र प्रदीप कुमार यादव को धर दबोचा। तलाषी के दौरान उसके पास से चोरी किये गये 14 कीपैड मोबाइल, एक स्मार्ट फोन, 20 ब्लूटूथ डिवाइस, 28 डिस्प्ले रिपेयरिंग कॉम्बो फोल्डर, 200 टेम्पर्ड ग्लास व घटना में प्रयुक्त सब्बल बरामद किया है।

साथ ही चाकू भी बरामद है। पुलिस पूछताछ व जांच से ज्ञात हुआ कि आरोपी एक सप्ताह पूर्व क्षेत्र के कमरपुर सरैया स्थित मोबाइल की दुकान से चोरी की थी।

### 185 ग्राम स्मैक साथ दो गिरफ्तार

बाराबंकी। सतरिख पुलिस ने सोमवार को दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 185 ग्राम स्मैक बरामद की। इंस्पेक्टर सतरिख अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि सोमवार भोर गश्त के दौरान क्षेत्र के मजीठा मोड ग्राम छेदानगर के पास से दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिन्होने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता जावेद मोहम्मद पुत्र मो. शेरा खान निवासी किन्तूर थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी व राहुल गुप्ता उर्फ शिवम गुप्ता पुत्र स्व. अशोक कुमार गुप्ता निवासी कस्बा व थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी होना बताया। उनकी जामा तलाशी में 185 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करो जेल भेज दिया है।

# जमीन को लेकर ग्रामीणों का बवाल, पुलिस से भिड़ंत में हाथापाई, पांच को पुलिस ने हिरासत में लिया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



सिंगहा गांव की 180 बीघा ग्राम समाज की जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के नेतृत्व में छ्रू कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान छ्रूकार्यालय परिसर में जबरदस्त हंगामा, नारेबाजी और पुलिस से तीखी झड़पें देखने को मिलीं। मामला उस वक्त बिगड़ा जब पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेने की कोशिश की जिसके बाद महिलाओं और पुलिस के बीच हाथापाई हो गई। सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के सिंगहा गांव से आए पुरुष, महिलाएं और बुजुर्गों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली से डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की जमीन को खेल मैदान के रूप में चिह्नित किया गया था, लेकिन कुछ दबंग वर्षों से उस पर अवैध कब्जा जमाए खेती कर रहे हैं। प्रशासन को कई बार शिकायत दी गई लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। ग्राम प्रधान ने मंच से स्पष्ट कहा, ÷गांव के बच्चों को खेलने की जगह नहीं है, दबंग खेती कर रहे हैं। बार-बार प्रशासन के दरवाज़े खटखटाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब अगर हमारी जमीन खाली नहीं कराई गई तो हम आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। जब ग्रामीणों ने कार्यालय परिसर में घुसने की कोशिश की पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान सदर कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह व एक सिपाही द्वारा भीड़ से एक युवक को खींचकर हिरासत में लेने पर मामला भड़क गया। महिलाओं ने युवक को छुड़ाने की कोशिश की, जिससे पुलिस से जमकर धक्का-मुक्की हुई। हाथापाई में एक महिला थानाध्यक्ष को हल्की चोट आई, जबकि सदर कोतवाली प्रभारी की वर्दी का एक स्टार टूट गया। बता दे कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे एडीएम सुशील कुमार और एसडीएम रामदेव निषाद ने प्रदर्शनकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेखों की जांच कराकर यदि कब्जा अवैध पाया गया तो तुरंत कार्रवाई होगी। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि वे इस बार सिर्फ जांच से संतुष्ट नहीं होंगे, जब तक जमीन कब्जामुक्त नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में शामिल बुजुर्ग रामशरण ने कहा, यह जमीन हमारे बच्चों के खेलने के लिए है, दबंगों को मुनाफा कमाने के लिए नहीं। अब हम पीछे नहीं हटेंगे।÷ सीता देवी महिला प्रदर्शनकारियों में सबसे आगे थीं, उन्होंने कहा कि पुलिस हमें डरा नहीं सकती। हमें हमारी जमीन चाहिए, हम दबाव में नहीं आएंगे। घटना के बाद पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। सूत्रों के मुताबिक प्रशासन जल्द ही कब्जा मुक्त कराने की दिशा में कदम उठा सकता है।

# जीवन का दर्शन है श्रीराम कथा : मोहित राज



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

टिकैतनगर। श्रीराम जानकी मंदिर में जीवल में चल रहे पंचकुंडीय महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर भक्ति और भावनाओं से सराबोर नजर आया। यज्ञ और वेदी पूजन के उपरांत कथाव्यास मोहितराज महाराज ने श्रीराम कथा का रसपान कराया, जिसे सुनने के लिए दूर-दूर से भक्तों का आगमन हुआ। महाराज ने अपने प्रवचन में राम के आदर्श जीवन और उनके चरित्र की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा राम कोई साधारण व्यक्ति नहीं, बल्कि मर्यादा का मूर्त रूप हैं। राम केवल अयोध्या के राजा नहीं, बल्कि वह चेतना हैं, जो हर व्यक्ति के भीतर मौजूद है। जीवन में जब हम अपने कर्तव्यों का निर्वाह ईमानदारी से करते हैं, तब हम श्रामत्वश् की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम की कथा केवल इतिहास नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। जो व्यक्ति राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारता है, उसका जीवन स्वयं एक तीर्थ बन जाता है। आज के युग में राम का स्मरण इसलिए आवश्यक है क्योंकि यह हमें संयम, सेवा और सत्य की राह दिखाता है। मंदिर परिसर में यज्ञशाला से उठते मंत्रों और धूप की सुगंध से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। संगीतमयी कथा के दौरान जब भजनों की प्रस्तुति हुई तो श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने लगे। महिलाओं ने मंगलाचरण और आरती में भाग लेकर वातावरण को और भी पवित्र बना दिया।

# ट्रक और अर्टिगा कार में टक्कर, पति-पत्नी सहित चार की दर्दनाक मौत, तीन गंभीर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



रामनगर। सोमवार की भोर पहर रामनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस रामनगर सीएचसी ले गई। जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। सोमवार की सुबह बांदा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर लखनऊ की ओर से गोंडा जा रही अर्टिगा कार को रामनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर मोड़ अंचल चंचल ढाबे के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अर्टिगा कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस में तीनों घायलों को रामनगर अस्पताल मिलवाया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। ट्रक और कार की टक्कर इतनी तेज थी कि अर्टिगा कार के परखच्चे उड़ गए।रामनगर पुलिस राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई है। हादसे के बाद हाईवे पर करीब 2 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया।पुलिस की 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने बताया घायलों में एक महिला की पहचान गोंडा निवासी अयान कुरेशी 23 के रूप में हुई है जबकि बाकी तीन की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### चार घण्टे बाद हुई मृतकों की षिनाख्त

रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर निकट चंचल आंचल ढाबे के पास सुबह हुए ट्रक व आर्टिका कार सवार मृतकों की पहचान हो गई है। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हुई है। जबकि दो बच्चों समेत एक अन्य महिला गंभीर घायल हो गए।हादसे के बाद चीख पुकार सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को कार से बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया गया। हादसा सोमवार सुबह 5:30 बजे लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग चंचल आंचल ढाबे के पास हुआ था। ट्रक व कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हादसे के बाद हाईवे पर करीब 2 किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया पुलिस की 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। कार सवार मृतकों में सुधीर मौर्या (35) उनकी पत्नी शांति मौर्या, (33) जीजा रमाशंकर मौर्या( 38) और ड्राइवर अयान कुरैशी शामिल है। वही घायलों में पूजा कुशवाहा (32) अक्ष 9 व अनवी 5, गंभीर घायल है। ये सभी एक ही कार से कानपुर अपने अपने रिश्तेदार की रिसेप्शन समारोह में गए थे।


वहां से लौटते समय यहा हादसा रामनगर थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने मृतकों के घर वालों को सूचित कर लाशों को पोस्टमार्टम के लिए जिला

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, मां ने साथी पर लगाया साजिश का आरोप

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

कोतवाली सदर थाना क्षेत्र में शेखपुर नरी मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। रविवार रात को एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में शंकरखेड़ा निवासी साहिल की मौके पर ही मौत हो गई। उसका साथी मामूली रूप से घायल हुआ। घटना के दूसरे दिन मृतक की मां ने साथी युवक पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वह कई दिनों से उनके बेटे को परेशान कर रहा था। शादी में ले जाने के बहाने उसने यह घटना को अंजाम दिया। कोतवाली सदर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घायल युवक को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। मृतक के शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे की खबर सुनते ही पूरे गांव में शोक छा गया। थाना प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि दुर्घटनास्थल से सबूत जुटाए गए हैं।

# अलग-अलग गांवों में जहरीला कीड़ा काटने से दो युवकों की हालत गंभीर



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

बांगरमऊ, उन्नाव तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में जहरीला कीड़ा काटने से दो युवकों की हालत गंभीर हो गई। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दोनों युवकों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम गोंदरी निवासी चंद्रिका का बेटा जितेंद्र कुमार रविवार को देर शाम घरेलू काम कर रहा था। तभी अचानक अंधेरे में छिपे बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उसे डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

इसके अलावा बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योली इस्लामाबाद निवासी राजेश कुमार के बेटे विमल कुमार के रविवार को देर शाम किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन अर्द्धबेहोशी की हालत में उसे यहां के सरकारी अस्पताल लाए।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### तैनाती के बावजूद सीएचसी में नही जाते हैं चिकित्सक

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। टिकैतनगर। घाघरा नदी के तटवर्ती गांव के स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनाती के बावजूद चिकित्सक नहीं आते हैं। ऐसे में मरीजों को इलाज के लिए दूर-दराज जाना पड़ रहा है। यह हाल है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खेतासराय का। यहां पर तैनाती के बाद भी कोई स्वास्थ्य कर्मी नियामित नही है। ऐसे में मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। मजबूरी में उन्हें निजी चिकित्सकों के पास जाना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ एहसान रजा के अलावा फार्मासिस्ट, महेंद्र कुमार वार्ड ब्वाय बृजेश श्रीवास्तव व चौकीदार की तैनाती है। लेकिन यहां पर अधिकांश समय कोई भी स्वास्थ्य कर्मी नियामित नही रहता है। प्रसव कक्ष में भारी गंदगी फैली है। यहां पर लगा हैंडपंप खराब पड़ा है। गेट के बाहर खड़े ननकऊ धीमान ने बताया उच्चाधिकारियों की मिलीभगत के चलते इस केंद्र पर तैनात चिकित्सक व अन्य कर्मी यहां आते ही नहीं है। बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होती है। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ विजय का कहना है यहां पर तैनात चिकित्साधिकारी अवकाश पर है। अन्य के न आने की अगर शिकायत मिलती है तो जांच की जाएगी।

# 6000 सैनिकों के शवों की अदला-बदली करेंगे रूस-यूक्रेन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्तांबुल



रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सोमवार को तुर्किये के इस्तांबुल शहर में शांति वार्ता हुई। तुर्किये के इंस्ताबुल शहर में दोनों पक्षों की बातचीत निर्धारित समय से दो घंटे देरी से शुरू हुई और करीब एक घंटे ही चली, जिसमें कोई बड़ा समाधान तो नहीं निकला, लेकिन दोनों देशों ने 6,000 मरे हुए सैनिकों के शवों की अदला-बदली पर सहमति जताई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने लिथुआनिया की राजधानी विलनियस में बताया कि, %तुर्की की मदद से दोनों पक्षों ने दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया है और अब हम युद्धबंदियों की एक नई रिहाई की तैयारी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि पिछली बार 16 मई को इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों देशों ने 1,000-1,000 युद्धबंदियों को रिहा किया था। अब एक और बड़े आदान-प्रदान की तैयारी की जा रही है। यूक्रेन ने रूस को उन बच्चों की एक आधिकारिक सूची भी सौंपी है, जिन्हें यूक्रेन का कहना है कि जबरन रूस ले जाया गया और अब उन्हें वापस लौटाया जाना चाहिए। यह मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी लगातार उठाया जा रहा है।

### रूस और यूक्रेन के बीच तुर्की की मध्यस्थता

यह बैठक इस्तांबुल के ऐतिहासिक चिरागन पैलेस में हुई, जो ओटोमन साम्राज्य के दौर की एक महलनुमा इमारत है। इस बैठक की अध्यक्षता तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने की। तुर्किये बीते कई महीनों से दोनों देशों के बीच मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है।

### युद्धविराम की उम्मीदें अभी भी कम

तीन साल से चल रहे इस युद्ध में अब तक कई दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं, लेकिन किसी स्थायी समाधान की उम्मीदें अब भी कमजोर हैं। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देश रूस और यूक्रेन के बीच संघर्षविराम की अपील कर चुके हैं, लेकिन अब तक रूस ने इस पर सहमति नहीं दी है। यूक्रेन इस पर राजी है।

### शांति वार्ता से पहले दोनों देशों ने तेज किए हमले

शांति वार्ता से ठीक पहले दोनों देशों के बीच युद्ध फिर तेज हो गया था। रविवार को यूक्रेन ने रूस के कई हवाई ठिकानों पर ड्रोन हमले किए, जिनमें 40 से ज्यादा युद्धक विमान तबाह हो गए। ये हमले रूस के आर्कटिक, साइबेरिया और सुदूर पूर्वी इलाकों में किए गए, जो यूक्रेन से करीब 7000 किलोमीटर दूर हैं। जेलेंस्की ने इसे एक शानदार अभियान बताया। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों में रूस के बमवर्षक विमानों का करीब एक-तिहाई हिस्सा बर्बाद हो गया। दूसरी ओर, रूस ने भी रविवार को यूक्रेन पर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए। यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक, रूस ने 472 ड्रोन दागे, जिनका मकसद यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को कमजोर करना था।

# विकास योजनाओं के नाम पर सरकारी धन के बंदरबांट का खेल शुरू

- आवास विकास परिषद द्वारा निर्मित नाली अतिक्रमित, उसी स्थान पर निगम बना रहा नाली
- ग्रीन बेल्ट सटा नाला अपने मूल अस्तित्व को लेकर संघर्षरत

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



नगर निगम गाजियाबाद की विकास योजनाओं का लाभ जनता को मिले इसके लिए निगमायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और ट्रिपल इंजन की ध्वजवाहक महापौर सुनीता दयाल लगातार प्रयासरत हैं। लेकिन विकास योजनाओं के निर्माण की गुणवत्ता और लाभ पूर्ण रूपेण से जनता को मिले इसको लेकर उनके अधीनस्थ अधिकारियों की नीति उनके सोच और सरकार के राजस्व का पलीता लगाने में लगी है। 15वें वित्त निधि से जनपद में 9 नालों का निर्माण हो रहा है। जिससे बरसात पूर्व जनता को जल निकासी की समस्याओं से राहत मिले । लेकिन वसुंधरा जोन वार्ड 54 में नाले के स्थान पर नाली निर्माण अभी भी हो रहा है और इस नाली की जल निकासी कहां होगी इसका समाधान शायद करना अधिकारी भूल गए। जबकि इसके ठीक सामने ही बड़ा नाला आवास विकास परिषद द्वारा बनाया गया था। जिसका अनुरक्षण नगर निगम नहीं कर सका और वह आज ध्वस्त होने के कगार पर है । उसी नाले में नगर निगम द्वारा अपने नवनिर्मित नाली की जल को मिला जल निकासी से मुक्ति चाह रहा है। जबकि बड़े नाले की स्थिति बद से बदतर है। नाले का प्लास्टर पूरी तरह से खत्म हो चुका है और ईंटों ने अपना स्थान छोड़ दिया है। बड़ा नाला सफाई और अनुरक्षण के अभाव में बर्बाद हो रहा है।

### विकास के नाम पर सरकारी धन की लूट

नगर निगम गाजियाबाद के lवसुंधरा जोनल के अधिकारियों की लापरवाही कहे अथवा सरकारी धन के बंदरबांट की नीति उन्होंने आवास विकास परिषद द्वारा निर्मित नालियों के सामने ही नई नालियों का निर्माण कराया है,जबकि प्रशासन अगर चाहता तो अवैध रूप से अतिक्रमित नाली को अतिक्रमण मुक्त कराकर शेष धन से बड़े नाले का अनुरक्षण करवाकर जनता को दोहरी राहत दिलवा सकता था , लेकिन धन की अपव्यय और नागरिक सुविधाओं से बेपरवाह अधिकारी अब विकास योजनाओं के नाम पर शासन के धन की बंटरबाट में लगे हैं।

### जल निकासी के लिए नालों का हो रहा निर्माण

नगर निगम द्वारा जनपद क्षेत्र के अंतर्गत विजयनगर जोन, मोहन नगर जोन, वसुंधरा जोन, कविनगर जोन और सिटी जोन में करोड़ों की राशि खर्च करके जल निकासी के लिए नालों का निर्माण किया जा रहा है। 15वें वित्त विकास निधि मिले धन से निगम अपने पांचों जोन में 9 नालों का निर्माण करवा रहा है।

# ट्रांसजेंडर दंपत्ति के बच्चे को मिला जेंडर-न्यूट्रल बर्थ सर्टिफिकेट: केरल हाईकोर्ट




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोच्चि

केरल हाईकोर्ट ने अधिकारियों को एक ट्रांसजेंडर जोड़े के बच्चे के लिए लिंग-तटस्थ जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया कि माता-पिता दोनों को 'माता' या 'पिता' के बजाय केवल 'माता-पिता' के रूप में पहचाना जाना चाहिए। जस्टिस जियाद रहमान एए ने एक ट्रांस पुरुष जहाद और एक ट्रांस महिला जिया पावल की याचिका पर यह आदेश जारी किया।

### कोझिकोड निगम को अदालत का निर्देश

इस याचिका का निपटारा करते हुए, अदालत ने कोझिकोड निगम को फॉर्म पांच में जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया। इसमें पिता और माता के नामों के लिए अलग-अलग कॉलम हटाकर और याचिकाकर्ता एक और दो के नामों को माता-पिता के रूप में शामिल करके, उनके लिंग का उल्लेख किए बिना संशोधन किया गया। यानी अब बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में किसी के भी लिंग का जिक्र नहीं होगा।

### याचिका में दंपति ने क्या लगाया था आरोप

अपनी याचिका में दंपति ने आरोप लगाया था कि स्थानीय अधिकारियों ने उनके बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन करने से इनकार कर दिया। कोझिकोड निगम की ओर से जारी जन्म प्रमाण पत्र में जहाद को पिता (ट्रांसजेंडर) और जिया को मां (ट्रांसजेंडर) के रूप में दर्ज किया गया था। दंपति ने 8 फरवरी, 2023 को कोझिकोड के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अपने बच्चे का स्वागत किया, जिसे भारत में इस तरह का पहला मामला माना गया।

### कौन हैं जहाद और जिया?

जियाद और जिया एक ट्रांसजेंडर दंपत्ति हैं। जहाद एक ट्रांस मैन हैं (यानी जन्म से महिला थे, लेकिन पुरुष की पहचान अपनाई)। जिया एक ट्रांस वुमन हैं (जन्म से पुरुष थीं, लेकिन महिला की पहचान अपनाई)। दोनों ने शुरुआत में एक बच्चा गोद लेने का विचार किया था, लेकिन कानूनी प्रक्रिया की जटिलता और भावनात्मक डर के कारण उन्होंने जैविक बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया। जहाद ने अपनी हार्मोन थेरेपी (पुरुष बनने की प्रक्रिया) रोक दी और बच्चे को गर्भ में धारण किया।

# ममता बनर्जी के खिलाफ यूपी-बिहार मॉडल से चुनाव लड़ेगी भाजपा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ममता बनर्जी के खिलाफ भाजपा पश्चिम बंगाल की कथित खराब कानून-व्यवस्था और मुस्लिम तुष्टिकरण को हथियार बनाएगी। भाजपा रैलियों-प्रदर्शनों के जरिए मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हुए हमलों, आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म-हत्या और बांग्लादेश से हो रहे अवैध घुसपैठ जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी और इसके सहारे ममता सरकार के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह की जनसभाओं से इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश में 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में अखिलेश यादव सरकार की खराब कानून-व्यवस्था को मुद्दा बनाया था। उसका यह फॉर्मूला बेहद कारगर रहा था। बिहार में नीतीश कुमार के लंबे शासनकाल के बाद भी एनडीए लालू राज के दौरान हुई कानून-व्यवस्था की घटनाओं को प्रमुखता से मुद्दा बनाता है और परिणाम देखकर कहा जा सकता है कि उसे इसमें सफलता भी मिल रही है। पश्चिम बंगाल में भी यही यूपी-बिहार का फॉर्मूला अपनाया जाएगा। पार्टी को उम्मीद है कि इस फॉर्मूले से वह पश्चिम बंगाल में जीत हासिल करने में कामयाब रहेगी। पश्चिम बंगाल भाजपा नेता भास्कर घोष ने अमर उजाला से बातचीत में पश्चिम बंगाल सरकार पर एक वर्ग विशेष की समर्थक और दूसरे का विरोधी होने का आरोप लगाया।

### पीएम-एचएम ने बनाया मुद्दा

इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में अलीपुरद्वार में रैली करते हुए राज्य की कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में गुंडों को खुली छूट मिली हुई है। पहले वामपंथी शासन में और अब ममता बनर्जी के शासन काल में कट मनी का खेल खेला जाता है। इसके बाद अमित शाह ने एक जून को अपने पश्चिम बंगाल दौरे में कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल का चुनाव केवल राज्य स्तरीय चुनाव नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ चुनाव है। उन्होंने ममता सरकार में नौकरियों को बेचे जाने का आरोप भी लगाया।

# मोदी सरकार की अन्न भंडारण योजना से पैक्स की आय में होगी वृद्धि

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार की दूरदर्शी अन्न भंडारण योजना से पैक्स की आय व ग्रामीण रोजगार में वृद्धि होगी। केंद्रीय मंत्री ने अमित शाह की अध्यक्षता में सोमवार को नई दिल्ली स्थित सहकारिता मंत्रालय में सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना एक बड़ा कदम है। भारत में आर्थिक प्रगति को मापने के दो प्रमुख मापदंड हैं, पहला-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और दूसरा, रोजगार सृजन। अन्न भंडारण योजना इन दोनों पहलुओं को सशक्त बनाने का माध्यम है। इसका उद्देश्य प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की आमदनी बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण रोजगार के अवसरों को सृजित करना है।

# अपराधियों पर नजर रखने एवं उनकी निगरानी हेतु अपराधियों संग गोष्ठी

## दिलाई गई अपराध नहीं करने की शपथ

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

पुलिस आयुक्त के निर्देशन में कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा अपराध रोकथाम और आपराधिक संवेदनशीलता की पहल के तहत 1 जून रविवार को जनपद के सभी थानों में अपराधियों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की गई । इस गोष्ठी में थाना क्षेत्र से सम्बन्धित सभी अपराधी हिस्ट्रीशीटर, सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों लूट, डकैती, स्नैचिंग, चोरी, नकबजनी, वाहन चोरी आदि के विगत 10 साल के अपराधी, जुआ-सट्टा, अवैध शराब, गौकशी व मादक पदार्थों के अपराधों में संलिप्त अपराधी, पंजीकृत गैंग के सदस्य सम्मिलित हुए। अपराधियों की प्रोफाइल तैयार करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति का सत्यापन, गतिविधि आदि पता करते हुए डोजियर तैयार किया गया तथा पुनः अपराध न करने का वचन लेते हुए शपथ दिलायी गयी । सभी ने भविष्य में अपराध से विमुक्त रहने का वचन लिया। कमिश्नरेट गाजियाबाद के थानों पर आयोजित गोष्ठी में सम्मिलित संख्यात्मक अपराधियो का विवरण भी जारी किए गए। सिटी जोन में कोतवाली नगर 44 अपराधी शामिल रहे तो विजयनगर 85, सिहानीगेट 46 नन्दग्राम 74, बापूधाम 25, कविनगर 35, इस प्रकार नगर जोन में कुल 309 अपराधियों को शपथ दिलाई गई। ट्रांस हिंडन क्षेत्र में थाना इन्दिरापुरम 50, कौशांबी 25 , साहिबाबाद 80,.लिंक रोड 60 टीला मोड़ 65,शालीमार गार्डन 40, खोड़ा 60 इस प्रकार ट्रांस हिंडन जोन से 380 और लोनी बॉर्डर 41, अंकुर विहार 35 लोनी 295, ट्रोनिका सिटी 68 मसूरी 134, मुरादनगर 85 मोदीनगर 195, भोजपुर 170 निवाड़ी 42, वेव सिटी 87 क्रॉसिंग रिपब्लिक 45 कुल ग्रामीण जोनसे 1197 अपराधी को शपथ दिलाई गई पूरे जिले से 1886 अपराधियों को शपथ दिलाकर पुलिस द्वारा अपराध पर काबू करने का प्रयास किया।

# इंडिगो विमान से टकराया पक्षी, रांची एयरपोर्ट पर हुई इमरजेंसी लैंडिंग, बाल-बाल बचे 175 यात्री

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना



पटना से रांची आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को सोमवार दोपहर उस समय आपात स्थिति में लैंडिंग करनी पड़ी, जब रनवे से करीब 10 से 12 नॉटिकल माइल दूर और 3,000 से 4,000 फीट की ऊंचाई पर विमान एक पक्षी से टकरा गया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची के निदेशक आर.आर. मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि, इंडिगो फ्लाइट संख्या (Airbus ,320) को दोपहर 1:14 बजे इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में लगभग 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। हालांकि, विमान को पक्षी से टकराने के कारण बाहरी हिस्से में डेंट लगा है। आर.आर. मौर्य के अनुसार, तकनीकी टीम विमान की स्थिति की जांच कर रही है। पक्षी से टकराने की वजह से विमान को फिलहाल ग्राउंडेड कर दिया गया है, जब तक सभी सुरक्षा मापदंड पूरे नहीं हो जाते।÷ एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह विमान रांची पहुंचने के बाद कोलकाता के लिए रवाना होने वाला था, लेकिन घटना के बाद उसकी आगे की उड़ान फिलहाल स्थगित कर दी गई है। इंडिगो की ओर से अभी तक इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### पहले भी हो चुकी हैं 'बर्ड स्ट्राइक' की घटनाएं

यह पहली बार नहीं है जब किसी विमान को पक्षी से टकराने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी हो। इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जब उड़ते समय कोई पक्षी विमान से टकरा जाता है, तो उसे 'बर्ड स्ट्राइक' कहा जाता है। यह एक आम लेकिन खतरनाक स्थिति होती है, जो विमान की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। ज्यादातर बर्ड स्ट्राइक की घटनाएं एयरपोर्ट के आस-पास होती हैं, खासकर जब विमान टेक-ऑफ (उड़ान भरते समय) या लैंडिंग (उतरते समय) कर रहा होता है।

# भाजपा के नेताओं का गढ़ बना रहता है यशोदा अस्पताल

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



यशोदा अस्पताल प्रबंधन और भारतीय जनता पार्टी की नजदीकी किसी से छिपी नहीं है। भाजपा की सरकार में यशोदा अस्पताल समूह विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। नगर निगम चुनाव में मेयर के टिकट की दावेदारी हो या भाजपा के शीर्ष नेताओं की तीमारदारी यह अस्पताल हमेशा चर्चा में रहा है। सत्ता संरक्षण और प्रशासनिक पकड़ के कारण अस्पताल प्रबंधन पर हठधर्मिता के आरोप बराबर लगते रहे हैं। चाहे सड़को पर पार्किंग हो या अस्पताल में का महंगा इलाज अथवा तिमारदारों की शिकायत प्रबंधन के रवैए से जनता हमेशा मायूस रही है।

# पीएम मोदी ने आईएटीए की वार्षिक बैठक को किया संबोधित, कहा, भारत वैश्विक विमानन क्षेत्र का उभरता हुआ लीडर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक विमानन क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद की सराहना की है। अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ की 81वीं वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत वैश्विक अंतरिक्ष-विमानन क्षेत्र में एक उभरता हुआ लीडर है। उन्होंने कहा कि इस समिट में हम जो चर्चा कर रहे हैं इससे वैश्विक विमानन क्षेत्र को एक नई दिशा मिलेगी। पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहां हमारी यात्रा की योजना सिर्फ धरती के शहरों तक सीमित नहीं है। आज इंसान अंतरिक्ष उड़ानों और अंतरग्रहीय यात्राओं का व्यवसायीकरण करने और उन्हें नागरिक उड्डयन के लिए खोलने का सपना देख रहा है। हालांकि यह सच है कि इसमें अभी कुछ समय है, लेकिन यह बताता है कि आने वाले समय में एविएशन सेक्टर कितने बड़े बदलाव और इनोवेशन का केंद्र बनने जा रहा है। भारत इन सभी संभावनाओं के लिए तैयार है। वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पास बाजार है। यह बाजार सिर्फ उपभोक्ताओं का समूह नहीं है, बल्कि भारत के महत्वाकांक्षी समाज का प्रतिबिंब भी है। दूसरा, हमारे पास प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए जनसांख्यिकी और प्रतिभा है। हमारे युवा नए युग के नवोन्मेषक हैं जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सफलता ला रहे हैं। तीसरा, हमारे पास उद्योग के लिए खुली और सहायक पारिस्थितिकी तंत्र नीति है। इन तीन क्षमताओं के आधार पर हमें भारत के एविएशन सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरा आग्रह है कि मेक इन इंडिया के साथ सभी एविएशन कंपनियां डिजाइन इन इंडिया भी करें। उन्होंने कहा कि आज भारत में 15त्न से अधिक पायलट महिलाएं हैं। ये दुनिया की औसत से तीन गुना ज्यादा है। हम ड्रोन के जरिए महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को सशक्त कर रहे हैं। इससे खेती में, डिलीवरी में, सर्विसेज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

### दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार

पीएम ने कहा कि हम चाहते हैं कि दुनिया भारत को न केवल एक विमानन बाजार के रूप में देखे बल्कि एक मूल्य श्रृंखला के प्रमुख देश के रूप में भी देखे। हमारी दिशा और गति सही है। इसलिए, हमें भरोसा है कि हम तेजी से आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत विश्वस्तरीय एयरपोर्ट में निवेश कर रहा है और इनकी संख्या 74 से बढ़कर 162 हो गई है। आज, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है।

### उड़ान योजना के तहत 1.5 करोड़ यात्रियों ने सस्ती यात्रा की

उन्होंने कहा कि उड़ान योजना की सफलता भारतीय नागर विमानन क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय है। इस योजना के तहत 1.5 करोड़ से अधिक यात्रियों ने सस्ती हवाई यात्रा का लाभ उठाया।

### एयरलाइनों ने 2000 से अधिक विमानों के ऑर्डर दिए

पीएम ने कहा कि भारतीय एयरलाइनों ने 2000 से अधिक विमानों के ऑर्डर दिए हैं। यह एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत है। भारत का विमानन क्षेत्र अब एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है जो नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए तैयार है। यह यात्रा न केवल भौगोलिक सीमाओं को पार करेगी बल्कि स्थिरता की दिशा में प्रगति और हरित गतिशीलता को बढ़ावा देगी और सभी के लिए समान पहुंच सुनिश्चित करेगी।

### सभी संभावनाओं के लिए भारत तैयार

पीएम ने कहा कि हम ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां हमारी यात्रा योजना सिर्फ जमीन के शहरों तक सीमित नहीं है। आज इंसान अंतरिक्ष उड़ानों और अंतरग्रहीय यात्राओं का व्यवसायीकरण करने और उन्हें नागरिक उड्डयन के लिए खोलने का सपना देख रहा है। यह सच है कि इसमें अभी कुछ समय है लेकिन यह बताता है कि आने वाले समय में उड्डयन क्षेत्र परिवर्तन और नवाचार का कितना बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। भारत इन सभी संभावनाओं के लिए तैयार है।

### तीन क्षमताओं पर विमानन क्षेत्र को ले जाएंगे नई ऊंचाइयों पर

पीएम ने कहा कि मैं देश में तीन मजबूत स्तंभों का जिक्र कर रहा हूं जो इसके आधार हैं। पहला, भारत में बाजार है। यह बाजार सिर्फ उपभोक्ताओं का समूह नहीं है, बल्कि भारत के आकांक्षी समाज का प्रतिबिंब भी है। दूसरा, हमारे पास प्रौद्योगिकी और नवाचार के लिए जनसांख्यिकी और प्रतिभा है। हमारे युवा नए युग के नवोन्मेषक हैं जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सफलता ला रहे हैं। तीसरा, हमारे पास उद्योग के लिए खुली और सहायक पारिस्थितिकी तंत्र नीति है। इन तीन क्षमताओं के आधार पर हमें भारत के विमानन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)